वर्ष 43 अंक : 1-3 25.6.2020 गुरुवार (जनवरी-जून) वार्षिक शुल्क : ₹ 111.00




# भगवत् कृपा

साकार प्रगट ब्रह्म को जो पहचाने, वो परम को पाये




निजात्मानं ब्रह्मरूपं देहत्रयविलक्षणम् । विभाव्य तेन कर्तव्या भक्तिः कृष्णस्य सर्वदा ॥ शिक्षापत्री, ११६

महाप्रभु स्वामिनारायण प्रणीत सनातन ,सचेतन और सक्रिय गुणातीतज्ञान का अनुशीलन करने वाली द्विमासिक सत्संग पत्रिका

**11 मई 2020**
**लॉकडाउन दौरान गुरुहरि योगीजी महाराज की स्मृति कराते संतभगवंत साहेबजी!**





**12 मई 2020**
**हे साहेब! आप भी काकाजी जैसे खूबसूरत हो। तो 'क्लीन शॅव्ह' रहो।**
**– प.पू. गुरुजी**

# गुरुभक्ति की बेजोड़ मिसाल गुरुहरि काकाजी की स्मृति संग गुरुपूर्णिमा का सच्चा गुरुपूजन करें!

भले ही 'कोरोना' महामारी के प्रकोप के कारण विश्वभर में स्थूल रूप से आपसी दूरी बनी हुई है, लेकिन गुणातीत समाज के मुक्त तो प्रगट स्वरूपों की दिव्य स्मृति-समागम से भजन करते हुए 'अक्षरधाम की करंसी' एकत्र कर रहे हैं।

लॉकडाऊन के बाद **संतभगवंत साहेबजी** ने शॅव नहीं कराई थी और वॉट्सएप के ज़रिए प.पू. गुरुजी ने उनका दर्शन किया। प.पू. गुरुजी को संतभगवंत साहेबजी का ऐसा चेहरा जँचा नहीं। इत्तफ़ाक़ **11 मई 2020** की रात को संतभगवंत साहेबजी ने प.पू. गुरुजी को भागवती दीक्षा दिन निमित्त वीडियो कॉल की। तब **प.पू. गुरुजी** ने सखा संबंध से संतभगवंत साहेबजी से बात करते हुए कहा–

***'हम सब तो काकाजी की निश्रा में पले-बढ़े हैं और काकाजी तो कितना अप टु डॅट रहते थे। मैंने सुना है कि शुरुआत में तो काकाजी दिन में दो-दो बार शॅव करते थे। आप भी काकाजी जैसे खूबसूरत हो। तो अब 'क्लीन शॅव्ड' रहो।'***

गुरुहरि काकाजी के प्रति तो संतभगवंत साहेबजी को प्रभु का भाव और एक बेटे-सा संबंध था ही, लेकिन गुरुहरि काकाजी के ज़रिये प.पू. गुरुजी के साथ कैसा घनिष्ठ नाता होगा कि दूसरे ही दिन संतभगवंत साहेबजी ने क्लीन शॅव करा कर प.पू. गुरुजी को वीडियो कॉल कर ली! बात करते हुए प.पू. गुरुजी भी हृदय से गद्गद् हो गये थे। इसी दिन पवई के पू. अरुणभाई के अक्षरधामगमन के कारण प.पू. गुरुजी का दिल वैसे भी भारी था, लेकिन प.पू. साहेबजी का दर्शन करके वे फ्रेश हो गये।

दरअसल, ऐसे संत अपने जॅस्चर्स से सिखाते हैं कि हमें गुणातीत समाज के सभी मुक्तों को इस प्रकार महिमा से निहारना चाहिए।

दूसरी ओर–**ब्रह्मस्वरूप विभूति** का यही लक्षण-उद्यम है कि मूल स्तंभों को वे न तो कभी भूलते हैं, और न ही समाज को भूलने देते। इसलिए निरंतर उनकी महिमा गाकर उनसे हमारा संबंध बढ़ाते रहते हैं। अबकी बार **7 मार्च–गुरुहरि काकाजी महाराज के स्वधामगमन दिन** निमित्त **संतभगवंत साहेबजी** के आशीर्वचन, गुरुहरि काकाजी के अस्तित्व की केवल झांकी ही नहीं कराते, बल्कि **आज भी गुणातीत समाज उन्हीं की बदौलत किस प्रकार दिन-प्रतिदिन प्रगति कर रहा है, उसका एहसास कराते हैं।** आइए **5 जुलाई गुरुपूर्णिमा** के मंगल अवसर पर वो आशीर्वाद पढ़ें–

***મૂળ ગુજરાતી :***

અક્ષરપુરૂષોત્તમની જય

ધામધામી મુક્તોની જય

પ.પૂ. દાદુકાકાની પણ જય જય જય

**૭ મી માર્ચ ૧૯૮૬**માં દાદુકાકાએ ટૂંકી બિમારી ગ્રહણ કરી પોતાના ભૌતિક દેહનો ત્યાગ કર્યો. આખો ઇતિહાસ આપણે જાણીએ છીએ.

**અક્ષરપુરૂષોત્તમની શુદ્ધ ઉપાસના પ્રવર્તાવવા માટે શાસ્ત્રીજી મહારાજ-યોગીજી મહારાજે આહલેક્ જગાડી, એમાં ખરેખર કાકાજી અદ્‌ભુત કાર્ય કરી ગયા.** અક્ષરપુરૂષોત્તમની શુદ્ધ ઉપાસના માનસિક રીતે બધા સમજ્યા'તા કે મહારાજ સદાય સાકાર છે, કર્તા-હર્તા છે, ગુણાતીત સત્પુરુષ દ્વારા પ્રગટ છે. એ મહિમા સમજી, એમાં આત્મબુદ્ધિ અને પ્રીતિ કરીને એની આજ્ઞામય જીવન જીવવું, ભક્તોમાં સુહૃદ્‌ભાવ રાખવો એ જ્ઞાન બધાંયને હતું, પણ એક્ચ્યુઅલી તો વર્તનમાં જે આવે એ જ સાચું જ્ઞાન! ત્યારે એ જ્ઞાન એક્શનમાં ન્હોતું.

દાદુકાકા એક શૂરવીર પુરુષ હતા, ઈંગ્લેન્ડ જઈને લંડન સ્કુલ ઑફ ઈકોનોમીક્સમાં ભણેલાં હતા. યોગીજી મહારાજે આપણાં સહુ પર કૃપા કરી, સંકલ્પ કરી એ દાદુકાકાને ગોંડલમાં સમાધિ કરાવી, જેને આપણે કહીએ છીએ કે **'સાક્ષાત્કાર'** કરાવ્યો.

એ શું સાક્ષાત્કાર થયો ? એમને ૭૨ કલાકની સમાધિ થઈ એમાં એમને એક જ દર્શન થયું કે :- અક્ષરધામમાં જે મહારાજ – સ્વામિનારાયણ ભગવાન બિરાજમાન છે, એ જ યોગી મહારાજ રૂપે આપણને મુખોમુખ મળ્યાં છે.

યોગીજી મહારાજનો એ મહિમા સમજીને એમની સાથે આત્મબુદ્ધિ-પ્રીતિ કરી , બે ભગવદીની આજ્ઞા પાળીએ.

એના સંબંધવાળા સહુની નિર્દોષભાવે મન, કર્મ, વચને સેવા કરીશું, તો સ્વામિનારાયણ ભગવાન માણસે-માણસે મંદિર કરવાની જે વાત કરી ગયા, ગુણાતીતભાવ પમાડવાની જે વાત કરી ગયા એ આ દેહે કરી ને આપણાં જીવનમાં સાકાર થશે. **આ શુદ્ધ ઉપાસનાની વાતનો ગોકીરો સાચા અર્થમાં કહીએ તો એ દાદુકાકાએ કર્યો હતો.**

એટલે એમનો તરત ભયંકર વિરોધ થયો, ખળભળાટ થયો. પણ એ કશાયને ગણ્યાં વગર પ્રગટ અને પ્રત્યક્ષની શુદ્ધ ઉપાસના જે શાસ્ત્રીજી મહારાજ પ્રગટાવવા માંગતા હતા, એનું ફાઉન્ડેશન જેને કહીએ કે પાયો – એ દાદુકાકાએ નાખ્યો.

હેત હોય તો વાત મનાય ; એટલે દાદુકાકાને વિષે જેમને-જેમને હેત હતું એ સહુએ વાત માની. એમાંથી આપણાં **'ગુણાતીત સમાજ'**નું સર્જન થયું. **ગુણાતીત સમાજના** સર્જનમાં આપણે જોઈએ તો **પાયામાં કાકાજી છે, પછી પપ્પાજી આવ્યા અને સોનાબા - બેન ભળ્યાં.** હરિપ્રસાદસ્વામી, અક્ષરવિહારીસ્વામી, અશ્વિનભાઈ, શાંતિભાઈ આ બધાં સાથે રહ્યાં અને એક આખા અદ્‌ભુત સમાજનું સર્જન થયું. એને આપણે ગુણાતીત સમાજ કહીએ છીએ. **છતી દેહે ગુણાતીતભાવને પામી અક્ષરધામના સુખે સુખી થવા માટે**

**સાધના કરતો જે સમાજ, એ 'ગુણાતીત સમાજ!'** પણ એ **પાયામાં કાકાએ પ્રગટ અને પ્રત્યક્ષની ઉપાસના સહુના હૈયામાં સ્થિર કરી સહુને માનતા કર્યા.** દાદુકાકા યોગી મહારાજના મહિમાની ખૂબ વાતો કરતા.

યોગી મહારાજ ખૂબ કૃપા કરીને વિદ્યાનગરમાં ગુરુવારની સભા કરતા અને અમારું એક જ ટારગેટ કે બાપાને રાજી કરવા છે. યોગી મહારાજ તરફ જ અમારું ધ્યાન, ગોંડલમાં હોઈએ તો ત્યાં બાપાની આજુબાજુ ફર્યા કરીએ. બહુ-બહુ તો પ્રભુદાસભાઈ – હરિપ્રસાદસ્વામી પાસે જઈએ. બાપાએ કહેલું એમનો સમાગમ કરવો, એમની સાથે રહેવું. એટલે હરિપ્રસાદસ્વામી પાસે હોઈએ કે બાપાએ આપેલી સેવામાં. કોઈ પણ બીજાં સાથે અમારે મેળ નહીં.

**બાપાએ ૬૪માં દાદુકાકાને સામેથી બોલાઈને અશ્વિનભાઈ , શાંતિભાઈ, રતિભાઈ, સનંતભાઈ અમ સહુ યુવકોની સોંપણી કરી કે આ યુવકો ને હવે લો, એમની સાથે રહો, એમને વાતો કરો, એમની પાસે આવો, એમનું ધ્યાન રાખો.** બાપાએ પર્સનલી દાદુકાકાને વાત કરી ને કાકાને તો આપણે જાણીએ છીએ કે એ બાપાને પ્રભુનું સ્વરૂપ માનતાં અને બાપાની એક-એક આજ્ઞા સારધાર પાળતા. બસ, વિદ્યાનગરના મોટેરાં સદ્‌ગુરૂઓ-સંતોની દાદુકાકાને સોંપણી કરી. **કાકા દર મહિને બબ્બે વાર વાતો કરવા આવતા, અમારી સાથે હૉસ્ટેલમાં રહેતા, અમારી સાથે મેસમાં જમતાં, અમારી સાથે સાયકલ પર ફરતાં.** ત્યારે તો સાયકલ જ વેહીકલ હતું, રિક્ષાઓ પણ ન્હોતી. બહુ-બહુ હોય તો ઘોડાગાડી વેહીકલ હતો. આણંદ - વિદ્યાનગર વચ્ચે ઘોડાગાડી ચાલતી. પણ સાયકલનો વ્યવહાર મુખ્ય હતો. **અમે કાકાને સાયકલ પર જતાં જોયાં છે. એક વખત સાયકલની ચેઈન પગે ઘસાઈ હતી, તો એમને વાગ્યું હતું.** પણ બાપાએ યુવકોનું કાર્ય સોંપ્યું હતું! **બાપાની આજ્ઞા પાળીને સમર્પિત થવાનો ભાવ ખરેખર અમારાં સહુમાં દાદુકાકાએ પ્રગટાવ્યો.** બાપાને રાજી કરવાની ખૂબ બધી વાતો કરી. એટલું જ નહીં યોગીજી મહારાજ સાથે પ્રમુખસ્વામી, પપ્પાજી, મહંતસ્વામી, પ્રભુદાસભાઈ – હરિપ્રસાદસ્વામી, આ બધાંનો પણ એમને અપરંપાર મહિમા હતો.

અમે કોઈને મળ્યાં ન્હોતા, પણ **અમારા હૈયામાં દાદુકાકાએ અપરંપાર મહિમા એટલો બધો સ્થાપિત કર્યો હતો કે પપ્પાજી આવ્યા પછી એમની સાથે રહેવામાં કોઈને પ્રૉબ્લેમ ના થયો.** પપ્પાજી-બાનો મહિમા હતો જ, તો **એમને વિષે કદિ મનુષ્યભાવ આવ્યો નથી.** એમની સાથે રહીને નિર્દોષભાવયુક્ત સેવા-ભક્તિ કરી. ભજન, ભક્તિ, પ્રાર્થનામય રહ્યાં તો અત્યારે અનુપમ મિશન પરિવારના ફાઉન્ડેશનમાં અશ્વિનભાઈ, શાંતિભાઈ, રતિભાઈ, સનંતભાઈ, વી.એસ., હર્ષદભાઈ, પૂનમભાઈ, બેરિસ્ટર, નરેન્દ્ર, વાસુ, દિલીપભાઈ, પ્રફુલ્લ, છગન, ગોવિન્દ, શાહભાઈ, પ્રભુ, હરસુખભાઈ, ગોવિન્દભાઈ – આ બધી ટીમ છે. ખરેખર કાકાજીએ જે મહિમા ગાયો, નિર્દોષભાવ અને પાયામાં વાત મનાવી કે–

**સંપ, સુહૃદ્‌ભાવ, એકતા રાખો**

**અને**

**હળીમળીને કામ કરો એ કાકાજીએ ઘૂંટાવ્યું હતું.**

શરૂઆતમાં, પાયામાં સાધના કરતા-કરતા આ વાતને રાખીને બધા વ્રતધારી સંતો જીવન જીવ્યા, તો અત્યારે પાછળ આવેલા સંતો ને હરિભક્તોને ભગવાન ભજવાનું બહુ સુગમ અને સહેલું થઈ ગયું. કહી શકીએ કે આવું અક્ષરધામ ઊભું થઈ ગયું. આ પરિસરમાં કોઈ પણ જગ્યાએ જઈને ખાલી શાંતિથી બેસો, તો ધ્યાન થઈ જાય, ધ્યાન કરવું ન પડે. અહિંયા ધ્યાન કુટિરો કરવી નહીં પડે. ખુરસી નાખીને તમે મંદિર સામે જોઈ રહો, તોય ધ્યાન થઈ જાય. કોઈ પણ ખૂણે - ખાંચરે તમને લાગે કે અહીં બેસવું છે તો બેસી પડો, પછી ધ્યાન કરો. **આ પરિસરમાં ભગવાન પ્રગટ અને હાજરાહજૂર છે. એની અનુભૂતિ સહુને થાય છે, કારણ કે –**

**પાયામાં આટલા બધાં મોટેરાં સંતો જે પાયામાં હોમાયા છે તે**

**અને**

**એમને રાજી કરવા માટે બધાં સંતો અને બધાં ભક્તો કાર્ય કરી રહ્યાં છે.** તેથી ભગવાનની પ્રસન્નતા વાતાવરણમાં સતત મહેકતી રહે છે. ભગવાનને રાજી કરવાના ભાવથી અહીં ફરનારા દરેક અક્ષરમુક્ત અને મુમુક્ષુને એની અનુભૂતિ થયા વગર રહેતી નથી. એવું અદ્ભુત આ સ્થાન બન્યું.

એમાં વળી કાકાજીએ દેહ છોડ્યો,

તે ભલું થજો ચંદ્રભાણ શર્માના દીકરાનું , જેણે કહ્યું કે કાકાજીના અગ્નિસંસ્કાર અહીં (પવઈમાં) નહીં કરતા. એમને હીરાનંદાનીમાં મોટું કૉમ્પલેક્સ બનાવવું હતું. એટલે તરત નિર્ણય લેવાયો કે બ્રહ્મજ્યોતિમાં અગ્નિસંસ્કાર કરીએ અને અશ્વિનભાઈ ની આગેવાની નીચે શાંતિભાઈ અને આપણાં ભાઈઓ એ જગ્યા પસંદ કરી. અહીંયા તો મને યાદ છે દિવેલા વાવ્યા હતા. ખબર પડયા પછી સવારના પહોરમાં બધાં વ્રતધારી સંતો આવીને અહીં દિવેલા ખેંચવા મંડી પડ્યાં. દિવેલા ખેંચી-ખેંચી અને રતિકાકાની આગેવાની નીચે બધે ટ્રેક્ટર મારીને જમીન સપાટ બનાવી. બહુ મોટો સમારંભ અગ્નિસંસ્કારનો થયો. **કાકાજીની સમાધિ એવું પ્રસાદીનું સ્થાન ને મંદિર – આ બધું ખરેખર ભગવાને કર્યું.** આપણે તો 'મારું ગાડું હરિ તું ક્યાં લઈ જાય કાંઈ ન જાણું રે…'આપણે સ્વામિનારાયણ ભગવાન-બાપાને આશરે અને આજ્ઞાથી નીકળ્યાં, તો ભગવાન હલાયે રાખે છે. કેવું અદ્ભુત તીર્થસ્થાન થઈ ગયું ! બા-કાકાની સમાધિ થઈ અને આજે ૭ માર્ચે યુવાનો – યજ્ઞેશ, પરેશ ને ટીમને ફરીથી ધન્યવાદ કે જીવંત બનાવે છે, સરસ વ્યવસ્થા કરે છે. આપણે સહુ સહેલાઈથી-આનંદપૂર્વક ભક્તિ, પ્રાર્થના, દર્શન કરીએ અને સ્મૃતિમાં ગરકાવ રહીએ એવું અદ્ભુત કાર્ય કરી રહ્યાં છે.

**કાકાજીએ ખૂબ દાખડો કર્યો છે, કોઈ અપેક્ષા રાખી નથી. કાંઈ જોયા વગર કેવળ એક તરફી પ્રેમ વરસાવી બાપાના માહાત્મયમાં ડબોળી, સ્વામિનારાયણ ભગવાનના થઈને જીવન જીવતાં અમ સહુને કરીને, અદ્ભુત સ્થાનની આપે અમને ભેટ આપી છે.**

હે કાકાજી ! આ સ્થાનમાં આપ-બા છો અને પપ્પાજી છે. તો, મહારાજ, ગુણાતીતાનંદસ્વામી, શાસ્ત્રી મહારાજ, યોગી મહારાજ, પ્રમુખસ્વામી, હરિપ્રસાદસ્વામી, મહંતસ્વામીને પ્રાર્થના છે કે એવાં રુડાં આશીર્વાદ વરસાવજો કે તમે અશ્વિનભાઈ, શાંતિભાઈમાં પ્રગટ છો એવું માની, આ પરિસરમાં એમના સાન્નિધ્યમાં

આનંદ-કિલ્લોલ કરીને આપની ભક્તિ કરીએ.

**દિલ્હીમાં ગુરુજી ખરેખર કાકાજીનું અદ્‌ભુત કામ કરી રહ્યાં છે.** ખરેખર **કાકાજીમય બની એમની સુવાસ પ્રસરાવી રહ્યાં છે. અદ્‌ભુત સમાજ એમણે તૈયાર કર્યો. ગુરુજી અખંડ કાકામય બન્યાં છે. એવા દિનકરભાઈ ને ભરતભાઈ પણ પવઈ અને શિકાગો દ્વારા કાકાજીનું અદ્‌ભુત કાર્ય કરી રહ્યાં છે.** એ સંતોને પણ આપણે વંદન કરીએ છીએ. છતી દેહે અક્ષરધામનું સુખ - શાંતિ ભોગવતા થઈએ તે માટેની શુદ્ધ ઉપાસનાનું જે પ્રવર્તન શાસ્ત્રીજી મહારાજ-યોગીજી મહારાજે કર્યું, એમાં કાકાજી, પપ્પાજી, પ્રમુખસ્વામી, હરિપ્રસાદસ્વામી, મહંતસ્વામી, અશ્વિનભાઈ, શાંતિભાઈ હોમાયેલા. આપણે સહુ ભેગા થઈને એ દિવ્ય સ્વરૂપોમાં સદાય પ્રભુનો ભાવ રાખી, એમની સ્મૃતિ સાથે, એમની આજ્ઞામાં રહીએ અને **કાકાજીને ગમતું સંપ, સુહૃદ્‌ભાવ, એકતા રાખીને હળીમળીને કાર્ય કરીએ.**

**'નિર્દોષભાવે યુક્ત ભક્તિ કરો' – કાકાજીનો આ આદેશ** આપણાં સહુના જીવન-વર્તનમાં આવે, એવું જીવન જીવવાનો આપણને સદાય સૂઝ મળે – એવી પ્રભુચરણે, ગુરુચરણે પ્રાર્થના.

જય સ્વામિનારાયણ.

**हिन्दी अनुवाद :**

*अक्षरपुरुषोत्तम की जय*

*धामधामी मुक्तों की जय*

*प.पू. दादुकाका की भी जय जय जय*

***७ मार्च १९८६*** *में दादुकाका ने छोटी बीमारी ग्रहण करके अपने भौतिक देह का त्याग किया। सारा इतिहास हम जानते हैं।*

***श्री अक्षरपुरुषोत्तम की शुद्ध उपासना का प्रवर्तन करने के लिए शास्त्रीजी महाराज-योगीजी महाराज ने जो अलख जगाई, उसमें काकाजी सच में अद्‌भुत कार्य कर गए।*** *अक्षरपुरुषोत्तम की शुद्ध उपासना को मानसिक रूप से सभी समझे थे कि महाराज सदैव साकार और कर्ता-हर्ता हैं, गुणातीत सत्पुरुष के द्वारा प्रगट हैं। ऐसी महिमा समझ कर और उनसे आत्मबुद्धि व प्रीति करके उनकी आज्ञा के मुताबिक जीवन जीना, भक्तों में सुहृद्‌भाव रखना – यह ज्ञान सभी को था, लेकिन एक्च्युअली तो वर्तन में जो आए वही सच्चा ज्ञान! यह ज्ञान तब एक्शन में नहीं था।*

*दादुकाका एक शूरवीर पुरुष थे, इंग्लैन्ड जाकर लंडन स्कूल ऑफ इकोनोमीक्स में पढ़ाई की थी। योगीजी महाराज ने हम सब पर कृपा करी कि संकल्प करके दादुकाका को गोंडल में समाधि कराई, जिसे हम* ***'साक्षात्कार'*** *कहते हैं।*

*वह साक्षात्कार क्या हुआ? उन्हें ७२ घंटे की समाधि हुई, जिसमें उन्हें यही दर्शन हुआ कि अक्षरधाम में जो महाराज – स्वामिनारायण भगवान विराजमान हैं, वे ही योगी महाराज के रूप में हमें साक्षात् मिले हैं।*

*योगीजी महाराज की यह महिमा समझ कर, उनके साथ आत्मबुद्धि-प्रीति करके, दो भगवदी की आज्ञा का पालन करें।*

*उनके संबंध वाले सभी की निर्दोषभाव और मन, कर्म, वचन से सेवा करेंगे, तो स्वामिनारायण भगवान जो प्रत्येक व्यक्ति को मंदिर रूप बनाने की बात कर गए, गुणातीतभाव में ले जाने की जो बात कर गए, वह जीतेजी ही हमारे जीवन में साकार होगा।* ***सही अर्थ में कहें तो शुद्ध उपासना की इस बात का बिगुल दादुकाका ने बजाया।*** *इसलिए तुरंत ही उनका भयंकर विरोध हुआ, खलबली मच गई। फिर भी प्रगट और प्रत्यक्ष की जो शुद्ध उपासना शास्त्रीजी महाराज प्रगटाना चाहते थे, उसका फाउन्डेशन या नींव कहें – वो दादुकाका ने कुछ भी गिने बिना डाली। बात करने वाले के साथ लगाव हो – प्रीति हो, तो उसकी बात मानी जाती है। सो, दादुकाका के साथ जिस-जिसको लगाव था, उन सभी ने यह बात मानी। उसमें से हमारे* ***'गुणातीत समाज'*** *का सर्जन हुआ। देखा जाए तो –* ***गुणातीत समाज*** *के सर्जन में – उसकी* ***नींव में काकाजी हैं। फिर पप्पाजी आए और सोनाबा-बेन भी जुड़ गईं।*** *हरिप्रसादस्वामीजी, अक्षरविहारीस्वामीजी, अश्विनभाई, शांतिभाई ये सभी साथ आए और एक अद्‌भुत समाज का सर्जन हुआ। इसे हम 'गुणातीत समाज' कहते हैं।* ***जीतेजी गुणातीतभाव में अक्षरधाम के सुख से सुखी होने के लिए साधना करता हुआ समाज – वो गुणातीत समाज !*** *प्रगट और प्रत्यक्ष की उपासना की नींव मूल में काका ने सभी के हृदय में डाली और... सभी को मनवाया। दादुकाका योगी महाराज की महिमा की खूब बातें करते।*

*योगी महाराज की खूब कृपा कही जाए कि गुरुवार को वे विद्यानगर में युवकों की सभा करते। हमारा एक ही टारगेट था कि बापा को राज़ी करना है। योगीजी महाराज की ओर ही हमारा ध्यान रहता। गोंडल में होते, तो वहाँ बापा के इर्दगिर्द घूमते या ज़्यादा से ज़्यादा प्रभुदासभाई-हरिप्रसादस्वामी के पास जाते। बापा ने उनका समागम करने की और उनके साथ रहने की आज्ञा दी थी। इसलिए या तो हरिप्रसादस्वामी के पास होते थे या बापा द्वारा सौंपी गई सेवा में होते थे। अन्य किसी से हमारा संबंध नहीं था।*

***बापा ने १९६४ में दादुकाका को सामने से बुला कर अश्विनभाई, शांतिभाई, रतिभाई, सनंतभाई – हम सब युवकों को उन्हें सौंपा कि इन युवकों का हाथ अब आप थामो, इनके साथ रहो, इनसे बातें करो, इनके पास आओ, इनका ध्यान रखो।*** *बापा ने पर्सनली* ***दादुकाका*** *से यह बात करी थी और काका को तो हम जानते ही हैं कि वे* ***बापा को प्रभु का स्वरूप मानते थे और बापा की एक-एक आज्ञा बिना चूके पालते थे। यूँ, दादुकाका को विद्यानगर के वडील सद्‌गुरुओं-संतों को सौंपा। काका हर महीने दो-दो बार बातें करने के लिए आते, हमारे साथ हॉस्टिल में रहते, हमारे साथ मेस में भोजन करते, हमारे साथ साइकिल पर घूमते।*** *तब तो साइकिल ही वेहीकल था, रिक्षा भी नहीं चलती थीं। ज़्यादा से ज़्यादा तांगा वेहीकल होता था। आणंद-विद्यानगर के बीच तांगा चलता था। लेकिन, साइकिल मुख्य साधन था।* ***हमने काका को साइकिल पर जाते हुए देखा है। एक बार साइकिल की चेईन उनके पैर में फंस गई थी, तो उन्हें चोट भी लगी थी।*** *लेकिन, बापा ने उन्हें युवकों का कार्य जो सौंपा था !*

***बापा की आज्ञा का पालन करके समर्पित होने का भाव दरअसल दादुकाका ने हम सब में प्रगटाया।*** *बापा को राज़ी करने की खूब सारी बातें करीं। इतना ही नहीं, इन्हें प्रमुखस्वामी, पप्पाजी, महंतस्वामी, प्रभुदासभाई–हरिप्रसादस्वामी, इन सब की भी उन्हें अपरंपार महिमा थी। हम किसी से मिले नहीं थे, लेकिन* ***हमारे हृदय में दादुकाका ने इतनी अपरंपार महिमाभरी थी कि पप्पाजी का जोग होने के बाद उनके साथ रहने में हमें–किसी को कोई परेशानी नहीं हुई।*** *पप्पाजी-बा की महिमा थी ही, सो* ***उनमें कभी मनुष्यभाव नहीं आया।*** *उनके साथ रह कर निर्दोषभावयुक्त सेवा-भक्ति की। भजन, भक्ति, प्रार्थनामय रहें, तो फिलहाल अनुपम मिशन परिवार के फाउन्डेशन में अश्विनभाई, शांतिभाई, रतिभाई, सनंतभाई, वी.एस. हर्षदभाई, पूनमभाई, बेरिस्टर, नरेन्द्र, वासु, दिलीपभाई, प्रफुल्ल, छगन, गोविन्द, शाहभाई, प्रभु, हरसुखभाई, गोविन्दभाई–यह सारी टीम है। सच में काकाजी ने खूब महिमा गाई और भीतर में मनवाया–*

***निर्दोषबुद्धि एवं संप, सुहृद्भाव, एकता रखें***

***व***

***मिलजुल कर काम करें यह घूंटाया।***

*शुरुआत से ही, साधना करते-करते इस बात को पकड़े रख कर सभी व्रतधारी संत जीवन जिये, तो अब बाद में आए संत और हरिभक्त के लिए भगवान भजना सुगम और सहज हो गया। कह सकते हैं कि ऐसा अक्षरधाम खड़ा हो गया। इस परिसर में किसी भी जगह जाकर शांति से सिर्फ बैठो, तो अपने आप ध्यान हो जाएगा, ध्यान करना न पड़े। यहाँ ध्यान कुटीर नहीं बनानी पड़ें। कुर्सी डाल कर तुम मंदिर के सामने देखते रहो, तो भी ध्यान लग जाएगा। किसी भी कोने में तुम्हें बैठने का मन हो, बैठ कर ध्यान करो।* ***इस परिसर में भगवान प्रगट और हाज़राहज़ूर हैं। इसकी अनुभूति सभी को होती है, क्योंकि नींव में इतने सारे बड़े संत याहोम हुए हैं और उन्हें राज़ी करने के लिए सभी संत और भक्त कार्य कर रहे हैं।*** *फलस्वरूप भगवान की प्रसन्नता यहाँ सतत महकती रहती है। भगवान को राज़ी करने के भाव से यहाँ घूमते सभी अक्षरमुक्त और मुमुक्षु इस अनुभूति से वंचित नहीं रहते। यह स्थान ऐसा अद्भुत बना है।*

*और... सोने पे सुहागा कहा जाए कि चंद्रभान शर्माजी के लड़के को हीरानंदानी में बड़ा कॉम्पलेक्स बनवाना था, सो काकाजी का अग्निसंस्कार करने के लिए उन्होंने मना कर दिया। अतः तुरंत ही ब्रह्मज्योति में काकाजी का अग्निसंस्कार करने का निर्णय लिया गया और अश्विनभाई के नेतृत्व में शांतिभाई एवं हमारे भाइयों ने यह जगह पसंद की। मुझे याद है कि यहाँ अरंडी के पौधे बोए हुए थे। काकाजी के अग्निसंस्कार की खबर मिलते ही व्रतधारी सभी संत यहाँ आकर अरंडी के पौधे उखाड़ने लगे। पौधे उखाड़ कर, रतिकाका की निगरानी में ट्रेक्टर से सारी ज़मीन सपाट कर दी। अग्निसंस्कार का बहुत बड़ा आयोजन हुआ।* ***काकाजी की समाधि का ऐसा प्रासादिक स्थान और मंदिर–सच में यह सब कुछ भगवान ने किया।*** *'मेरी गाड़ी हरि तू कहाँ ले जाए, मैं कुछ नहीं जानता रे...' हम स्वामिनारायण भगवान-बापा के आसरे और आज्ञा से निकले हैं, तो भगवान ही चला रहे हैं। कैसा अद्भुत तीर्थस्थान हो गया! बा-काका की समाधि हुई और आज ७ मार्च को – युवक यज्ञेश, परेश और टीम को पुनः धन्यवाद है कि इस स्थल का*

*लॅन्डस्कॅप करके उसे पुनर्जीवंत बना रहे हैं। हम सभी आसानी से-आनंदपूर्वक भक्ति, प्रार्थना, दर्शन करें और स्मृति में लीन हों, ऐसा वे अद्‌भुत आयोजन कर रहे हैं।*

***काकाजी ने बहुत परिश्रम किया है, कोई अपेक्षा नहीं रखी। कुछ भी देखे बिना केवल एक तरफा प्रेम बरसा कर हम सभी को बापा के माहात्म्य में सराबोर करके, स्वामिनारायण भगवान का होकर जीवन जीने की प्रेरणा देकर, अद्‌भुत स्थान की उन्होंने हमें भेंट दे दी।***

*हे काकाजी ! इस स्थान में आप-बा हैं और पप्पाजी हैं। तो, महाराज, गुणातीतानंदस्वामी, शास्त्री महाराज, योगी महाराज, प्रमुखस्वामी, हरिप्रसादस्वामी, महंतस्वामी से प्रार्थना है कि ऐसे बढ़िया आशीर्वाद बरसाना कि अश्विनभाई, शांतिभाई सभी में आप प्रगट हैं, ऐसा मान कर, इस परिसर में उनके सान्निध्य में आनंद-कल्लोल करते हुए आपकी भक्ति करें।*

***दिल्ली में गुरुजी सच में काकाजी का अद्‌भुत कार्य कर रहे हैं।** वाक़ई, **काकाजीमय बन कर उनकी सुवास फैला रहे हैं। उन्होंने अद्‌भुत समाज तैयार किया। गुरुजी अखंड काकामय बने हैं।***

***ऐसे ही दिनकरभाई और भरतभाई भी पवई और शिकागो द्वारा काकाजी का अद्‌भुत कार्य कर रहे हैं।***

*इन संतों को भी हम वंदन करते हैं। जीतेजी अक्षरधाम के सुख-शांति के भोक्ता बनें, उस हेतु शास्त्रीजी महाराज-योगीजी महाराज ने शुद्ध उपासना का जो प्रवर्तन किया, उसमें काकाजी, पप्पाजी, प्रमुखस्वामी, हरिप्रसादस्वामी, महंतस्वामी, अश्विनभाई, शांतिभाई याहोम हो गए। हम सब एकत्र होकर इन दिव्य स्वरूपों में हमेशा प्रभु का भाव रख कर, उनकी स्मृति के साथ, उनकी आज्ञा में रहें और **काकाजी को पसंद संप, सुहृद्‌भाव, एकता रख कर मिलजुल कर कार्य करें।***

*__'निर्दोषभाव युक्त भक्ति करो' – काकाजी का यह आदेश__ हम सभी के जीवन-वर्तन में आए, ऐसा जीवन जीने की हमें सदा सूझ मिले-ऐसी प्रभुचरणों, गुरुचरणों में प्रार्थना।*

*जय स्वामिनारायण।*

प्रति वर्ष गुरुहरि काकाजी महाराज के प्रागट्य पर्व की स्मृति में होती **'अनुष्ठान शिविर'** का अबकी बार ऑनलाइन प्रसारण **'आइना स्टूडियो'** ने **प.पू. गुरुजी** की आज्ञा से **१६ मई** से **१२ जून गुरुहरि काकाजी के प्रागट्य दिन** तक किया है। ताकि घर बैठ कर ही सभी मुक्त सत्संग का तो विशिष्ट लाभ लें। फिलहाल स्थूल रूप से प.पू. गुरुजी से दूरी तो हुई है, पर **प.पू. हंसा दीदी** की आशिष अनुसार – ***'चित्तवृत्ति निरोध से भजन करते हुए 'कोरोना' प्रकरण में हम हमारी आत्मा को भगवान की प्रसन्नता प्राप्त करने से 'कोरा' न रखें।'***

तो, गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज एवं योगीजी महाराज स्वरूप **गुरुहरि काकाजी महाराज के लाड़ले प.पू. गुरुजी** द्वारा समझाईं मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामीजी की बातों को **गुरुपूर्णिमा का विशिष्ट प्रसाद मान कर** प्रार्थना करें –

हे प्रभु ! आप तो प्रति पल हम पर अविरत करुणा बरसा ही रहे हैं, लेकिन हमारी जड़ता हमारा संबंध आपसे दृढ़ नहीं होने देती। तो, अब ये लॉकडाउन में हमारे भीतर की ग्रंथियों के ताले टूट जाएँ और हम बस आपकी मूर्ति का सच्चा सुख लेते हो जाएँ – ऐसी कृपा करना !

गुरुहरि काकाजी के निजी सेवक

एवं

गुणातीत समाज में अपना अस्तित्व याहोम करते

पवई मंदिर के दो स्तंभ

पू. अरुणभाई तथा प.पू. महेन्द्र बापु अक्षरधाम सिधारे...



**12 मई** की सुबह प.पू. महेन्द्र बापु को चाय पिलाने की सेवा करने के बाद, अचानक ही दिल का दौरा पड़ने से **पू. अरुणभाई** ने अक्षरधामगमन किया। ख़बर सुनते ही सब स्तब्ध रह गये! सहज ही पू. अरुणभाई के साथ गुज़ारे पलों एवं उनकी दासत्व भक्ति के प्रसंगों का स्मरण हो गया। **प.पू. गुरुजी** ने **15 मई** को पवई के मुक्तों को लिखित निम्न पत्र से इन्हें व्यक्त किया है। पू. अरुणभाई के प्रेरणादायी व्यक्तित्व का सहज ही इससे दर्शन होता है–

## गुण्यातीत समाज में एक अरुणभाई थे !

### गुरुहरि काकाजी के अजेय-अद्वितीय, सर्वदेशीय-स्वरूपनिष्ठ एवं विचक्षण सेवक!!

***ब्रह्मस्वरूप काकाजी के दिव्य संबंध से तीर्थरूप 'अक्षरधाम' में रहते मुंबई-पवई के मुक्तों के प्रति,***

*दिल्ली–अशोकविहार से आप सभी को हमेशा याद करते हुए **गुरुजी** के खूब ही हेतपूर्वक जय स्वामिनारायण!*

*गुरुहरि काकाजी ने अपने नौ योगेश्वरों में से अब तीसरे सेवक की सेवा स्वीकारने के लिए पू. अरुणभाई को अक्षरधाम में अपने पास बुला लिया!*

*सुन कर विश्वास ही नहीं होता के अरुण अब... और हृदय भर आया... लेकिन, लॉकडाउन के कारण फिलहाल परिस्थिति ऐसी है कि उनके अंतिम दर्शन के लिए हम में से कोई आ भी नहीं सका। पू. अरुण को याद करें तो हमेशा हँसते हुए चेहरे से ही सेवा करते **एक 'मूक सेवक' का दर्शन होता है।** सच में **बहुत समझदार सेवक! मेरे मन तो खूब विनोदी सेवक!** एक बार मैंने उसे मेरे लिए आचार्य की खिचड़ी बनाने के लिए कहा और उसमें बहुत सारे ड्राईफ्रूट्स डालने की लिस्ट दी। वह पढ़ कर, बहुत सयानेपन से उसने कहा–इसमें फिर दाल-चावल डालूँ या नहीं?*

*यह बात तो अलग हो गई, लेकिन **पवई मंदिर की तो वह रीढ़ की हड्डी कही जाए। प.पू. भरतभाई और प.पू. वशीभाई उनके कारण मंदिर की सभी सेवाओं के प्रति खूब ही निश्चिंत रहते।** इसके अलावा, सेवा के कारण बहनों के संपर्क में होने के बावजूद भी, संप्रदाय की मर्यादा बरक़रार रखते हुए निर्दोषबुद्धि से वे निर्लेप रहते। तनतोड़ सेवा करने के बावजूद भी उनके चेहरे पर किसी दिन थकान नहीं देखी और **किसी से कोई अपेक्षा रखे बिना, वे आख़िरी सांस तक निरपेक्षभाव से सेवा में तत्पर रहे।***

*गुणातीत समाज के सभी छोटे-बड़े उत्सवों में भी उनका बहुत योगदान रहा है।*

*ख़ुद तो सेवा करते ही थे, लेकिन संबंध में आने वाले बालकों को भी सेवा देकर, बड़े पुरुष की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए **'माँ' बन कर सूझ देते।** फलस्वरूप संगी-साथी-बालकों में सेवा-महिमा का सिंचन हुआ है।*

*पू. अरुणभाई की श्रद्धांजलि सभा में प.पू. भरतभाई, प.पू. बापु और प.पू. वशीभाई ने उनकी जो विशेषताएँ बताईं, उससे ख्याल पड़ा कि 1972 में गुरुहरि काकाजी की सेवा में आने के बाद वे किस प्रकार उनके निजी सेवक बन गये! इनकी इस सेवा से प.पू. कांतिकाका और ताड़देव के सभी मुक्तों के अंतर में ठंडक हो गई कि खूब जाग्रतता-चौकसाई से वे गुरुहरि काकाजी की ज़रूरतों को समझते हैं।*

***प.पू. काकाजी की ऐसी सेवा करने के बावजूद कभी भी ऐसी अस्मिता से न वे जिए और न ही दिखावा किया कि मैं काकाजी का निजी सेवक हूँ।*** *यहाँ तक कि कभी भी हक़दावा नहीं जताया कि मेरी इतनी बात तो रखो – मुझे इतनी तो मदद करो।*

*केवल गुरुहरि काकाजी के पास नहीं, बल्कि ताड़देव के सभी योगेश्वरों के प्रति भी वे ऐसे ही दासभाव से जिए... नेपथ्य में रह कर सेवा करने में ही अपने जीवन की धन्यता मानी।*

***उनका सर्वदेशीय जीवन गुणातीत समाज के प्रत्येक स्वरूपनिष्ठ सेवक के लिए दीपस्तंभ रूप बना रहेगा।***

*सच, केवल पवई मंदिर ही नहीं,*

*बल्कि* ***समग्र गुणातीत समाज के लिए एक सर्वदेशीय सच्चे सेवक की खोट कही जाए।***

*अब हम हमारी सेवा और वर्तन से उन्हें जीवंत रखें और सही अर्थ में श्रद्धांजलि अर्पित करें...*

*और उनकी शैली अपना कर गुरुहरि काकाजी की प्रसन्नता पाएँ।*

*इसी लिए पू. वशी अंकल अश्रु के अभिषेक से श्रद्धांजलि सभा में बार-बार कह रहे हैं –*

*लॅट अस* ***'लिव अरुणभाई...'***

तुरंत के दिनों में बहुत ही अचरज की ऐसी घटना घटी कि इस सदमे से हम अभी उबर भी नहीं पाए थे और नौ दिन बाद ही –

**21 मई** की सुबह करीब दस बजे मॉसिव हार्ट एटैक के कारण **प.पू. महेन्द्र बापु अक्षरधाम सिधार गये।**

पू. अरुणभाई के वियोग के आँसू अभी रुके ही नहीं थे कि लॉकडाऊन में यह एक और बड़ा झटका लगा। एक के बाद एक ऐसी ख़बर सुन कर मानो पैरों तले-से ज़मीन खिसक गई!

**75 वर्षीय प.पू. महेन्द्र बापु** पवई के नौ योगेश्वरों में वरिष्ठ संत थे। मूलतः मुंबई निवासी प.पू. महेन्द्र बापु –

पवई की अक्षरनिवासी **प.पू. योगिनी बहन,**

गुणातीत ज्योत की अक्षरनिवासी **पू. भारती बहन,**

गुरुहरि काकाजी के आश्रित अक्षरनिवासी **पू. भुपेन्द्रभाई**

और

पवई के अक्षरनिवासी साधक **पू. अरुणभाई** के ज्येष्ठ भ्राता थे।

स्वामिनारायण संप्रदाय से जुड़े परिवार से होने के कारण, गुरुहरि योगीजी महाराज का इन्हें जोग हुआ और पूर्व के विशिष्ट संबंध के कारण **प.पू. बापा से लगाव हो गया।** साथ ही साथ, **प.पू. महंतस्वामीजी** के प्रति आकर्षण के कारण उनके वचन से प.पू. बापा की प्रसन्नतार्थ कांदिवली में युवक मंडल की प्रवृत्ति शुरू की। बस, इसी के कारण गुरुहरि काकाजी का परिचय हुआ और धीरे-धीरे स्पष्टवक्ता, शूरवीर प्रकृति के **प.पू. महेन्द्र बापु को गुरुहरि काकाजी की 'दीवानगी' लग गई।** इसीलिए जब वे गुरुहरि काकाजी की महिमा गाते, तो उन्हें समय-स्थान किसी भी चीज़ का ख्याल न रहता।

**गरजते इस सेवक की बलभरी बातों से अधिकतर मुक्त गुरुहरि काकाजी की अनोखी प्रतिभा व कार्य का दर्शन करते और सत्संग से जुड़ जाते।**

**प.पू. बापु का केवल एक ही उद्यम था कि महिमा से आश्रितों को 'प्रगट' का संबंध करा दूँ।** प.पू. महंतस्वामीजी के आशीर्वाद से प.पू. बापु द्वारा आरंभ की गई **युवक प्रवृति के फलरूप ही प.पू. भरतभाई, प.पू. वशीभाई जैसे संतों की हमें भेंट मिली है।**

प.पू. बापु ने गुरुहरि काकाजी के वचन से 1978 तक नौकरी की। तब दिल्ली में स्वामिनारायण संप्रदाय को कोई जानता नहीं था। सत्संग का वहाँ कोई विकास नहीं हुआ था कि केन्द्र स्वतंत्र रूप से चले। सो, सारा खर्च गुरुहरि काकाजी ही मुंबई से भेजते थे। तब प.पू. बापु अपने वेतन से जितना भी अधिक कमाते थे, वह गुरुहरि काकाजी के वचन से काफ़ी समय तक लगातार दिल्ली मंदिर के लिए भेजते रहे। इसलिए **उन्हें दिल्ली के 'वजुभाई सेठ' कहते थे।** यह उनकी **'गुप्त सेवा'** कही जाए। इसके अतिरिक्त गुरुहरि काकाजी के आदेशानुसार दिल्ली-कुरुक्षेत्र-पंजाब में सत्संग हेतु भी प.पू. बापु ने विचरण किया था और गुरुहरि काकाजी के माहात्म्य से सबको सराबोर किया।

सच, प.पू. बापु यानि–गुरुहरि काकाजी का अर्जुन! **प.पू. बापु स्वतंत्र मिज़ाज के थे, लेकिन गुरुहरि काकाजी को उन्होंने कैसा अधिकार दिया होगा कि भरी सभा में भी गुरुहरि काकाजी उन्हें डाँटने से हिचकते नहीं थे।** एक बार तो गुरुहरि काकाजी ने उन्हें इतना डाँटा कि उन्हें बुख़ार आ गया। फिर भी गुरुहरि काकाजी के प्रति की प्रीति में उन्हें रंचमात्र भी फर्क़ नहीं पड़ा।

1977 में गुरुहरि काकाजी पहली बार प.पू. बापु को अपने साथ विदेश ले गए थे। तत्पश्चात् तो प.पू. बापु गुरुहरि काकाजी की विदेश कल्याण यात्रा के लिए एक अनिवार्य पात्र बन गए। इसलिए प.पू. बापु ने शुरुआत के वे दिन भी देखे, जब गुरुहरि काकाजी के लिए कोई वाहन की भी सुविधा नहीं थी, और तो और व्यस्तता के कारण लोग भी समय नहीं दे पाते थे। फिर भी **अलमस्त गुरुहरि काकाजी तो अपना संबंध देने के लिए अथक् विचरण करते ही रहते थे।** ऐसी सभी क्षणों के प.पू. बापु साक्षी बने। गुरुहरि काकाजी की इस मेहनत के रंग को और भी गहरा करने के लिए –

गुरुहरि काकाजी के स्थूल रूप से अंतर्धान होने के बाद भी विदेश यात्रा को ज़ारी रखते हुए, **काकाजी स्वरूप प.पू. दिनकर अंकल** के मार्गदर्शन व हुंफ से लंदन, पॅरिस, हॉलेंड, अमेरिका, मॉरिशियस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में बसते मुक्तों का आध्यात्मिक सिंचन करने के लिए प.पू. बापु जाते रहे। फलस्वरूप **आज उन सभी के अंतर से 'स्वामिनारायण' मंत्र का जाप करते हुए, साथ-साथ 'काकाजी-काकाजी' रटन होता है। माना जाए कि प.पू. बापु ने गुरुहरि काकाजी के प्रति की अपनी 'दीवानगी' को व्यापक बना दिया!** वाक़ई, यह उनकी खूब छुपी सेवा और उपलब्धि कही जाए। **समग्र गुणातीत समाज प.पू. बापु का खूब ऋणी रहेगा।**

**गुरुहरि काकाजी** ने स्वयं कहा था– ***'बापु मेरा है, उसकी जवाबदारी मेरी है।'*** अब शायद गुरुहरि काकाजी को अपने दोनों निजी सेवकों की अक्षरधाम में एक साथ ज़रूरत महसूस हुई होगी, सो थोड़े समय के अंतराल में ही दोनों भाइयों को अपने पास बुला लिया! **प.पू. बापु और पू. अरुणभाई द्वारा की गई अद्‌भुत सेवा-समर्पण गुणातीत समाज के साधकों के लिए चिरंजीव स्मृति बना रहेगा।**

# अलविदा... पुरी अंकल और ऊषा आंटी!

**‘भक्ति करते निकलें मेरे प्राण, प्रभु ऐसा मागूँ रे...’**

**‘अंतिम श्वास लेते भी गुरुजी न भूलें आपको...’**

गुरुहरि काकाजी की कृपा से दिल्ली गुणातीत समाज के आत्मीय-पूजनीय **पुरी साहेब** एवं उनकी धर्मपत्नी **ऊषा आंटी ने प.पू. गुरुजी की निश्रा में गुणातीत स्वरूपों के दर्शन, सेवा और समागम का लाभ लेते हुए जीवन के अंतिम श्वास पूर्ण किये !**

‘कोरोना संक्रमण’ से हुए लॉकडाऊन के कारण हमारा आपस में किसी से मिलना नहीं होता। पर, फोन-विडियो कॉल्स संपर्क का अच्छा ज़रिया बने हैं। इसी ज़रिए 3 जून को पता चला कि पू. पुरी साहेब बाथरूम में गिर गए और उनके एक हिप की हड्डी टूट गई। वे हार्ट पेशन्ट तो थे ही, सो साँस लेने में काफी तकलीफ होने लगी। स्वयं पू. आशिष पुरी की तबियत अच्छी नहीं थी, सो **पू. डॉ. दिव्यांग** एवं **पू. डॉ. तपेश बंसलजी** ने पू. पुरी अंकल को कार्डियोलॉस्टि **डॉ. चानना** की सलाह पर 4 जून को ‘अग्रसेन अस्पताल’ के आई.सी.यू. में दाख़िल किया। सभी ने पू. पुरी साहेब की तबियत हेतु भजन करना शुरू किया।

पर, **6 जून** की सुबह करीब 5:30 बजे वे अक्षरनिवासी हो गए।

घर पर पू. ऊषा आंटी और पू. आशिष पुरी की तबियत भी खराब होने लगी। सो, पू. रवि गुप्ताजी की पहचान से उन दोनों को तुरंत ‘एक्शन बालाजी अस्पताल’ के आई.सी.यू. में दाख़िल किया।



पर, पू. ऊषा आंटी **7 जून** की सुबह सबको 'अलविदा' कह गईं।

तत्पश्चात् आत्मीय डॉ. पू. कैलाशसिंहजी की सलाह व निगरानी में पू. आशिष पुरी को 'अॅपोलो अस्पताल' में दाख़िल किया गया। संतभगवंत साहेबजी, प.पू. गुरुजी, सभी प्रत्यक्ष स्वरूपों के आशीर्वाद एवं मुक्तों के तीव्र भजन व प्रार्थना से धीरे-धीरे उसके स्वास्थ्य में सुधार होने लगा।

कोविड-१९ की बंदिश के कारण, पू. पुरी साहेब के **दामाद पू. नवीनजी एवं पू. जितेन्द्रजी ने अपने माता-पितातुल्य सास-ससुर का अंतिम संस्कार किया।** इस घटना से पूरा सत्संग समाज सिहर उठा, क्योंकि वे केवल पूरे समाज के थे! **प.पू. गुरुजी के लिए वे क्या मायने रखते थे, वो प.पू. गुरुजी द्वारा पू. आशिष पुरी को भेजे निम्न पत्र से ख्याल पड़ता है।**

स्वामिश्रीजी

चिरंजीव आशिष व परिवार को–

जय स्वामिनारायण!

लिख कर मैं मेरी भावना जैसे व्यक्त कर सकता हूँ, वैसे दर्द-व्यथा में orally नहीं कर पाता, इसलिए तुझे यह लॅटर भेजा है।

हमारे 'पुरी अंकल' और बहनों के 'बड़े पापा' व 'ऊषा आंटी' दोनों अब नहीं रहे,

यह सुन कर-सोच कर सभी की आंखें बार-बार भर आती हैं।

पुरी साहेब तो मंदिर के संतों, युवकों और बहनों की ढाल थे और दिल्ली सत्संग समाज के पितातुल्य!

**मेरे तो सखा, एक विश्वसनीय सलाहकार और मानो अभिन्न अंग थे।**

तू तो जानता है कि Finance section कितना crucial और कैसा sensitive होता है,

पर इन्होंने उसे मंदिर में बख़ूबी संभाला था।

उनके वर्तन से मंदिर के प्रति के उनके लगाव-ममत्व का भी ख्याल पड़ता था।

थोड़े दिन पहले ही जब तेज़ आंधी-तूफान आया, तब तबियत नादुरुस्त होने के बावजूद भी,

घर से वे मंदिर के गेट तक यह देखने के लिए आए कि पेड़ इत्यादि गिरने से कहीं किसी को नुकसान तो नहीं पहुँचा!

यह जॅस्चर उनके भीतर छिपी मंदिर के प्रति की प्रीति का दर्शन कराता है।

**वाक़ई, उनके होने से मुझे ख़ूब निश्चिंतता थी।**

**उनके अक्षरधामगमन से** हम सभी को एक भारी खोट हुई है। मानो, **हमारा आधार स्तंभ टूट गया!**

और... तुम्हारे व परिवार के लिए तो यह असहनीय पीड़ा।

लेकिन, मेरी बात विश्वास से मानना कि

जिस प्रकार पू. पुरी साहेब का स्वावलंबी-स्वाभिमानी स्वभाव था

और

अब जब इस उम्र में हीप्स की हड्डी टूटने से सहारे पर निर्भर होने की नौबत आई,
तो, कहीं न कहीं उन्होंने अपने मन में ठान लिया कि मुझे ऐसा जीवन नहीं जीना है।
उनकी वह पुकार सुन कर गुरुहरि काकाजी तनिक भी देरी किए बिना उन्हें अक्षरधाम ले गए।
इसी प्रकार, ऊषा आंटी जीवनपर्यंत हर परिस्थिति में पुरी साहेब के कंधे से कंधा मिला कर चलीं।
उन्हें पुरी साहेब से जो लगाव था, उस बारे बहनें बताती हैं कि–
पुरी साहेब जब तक मंदिर से घर नहीं पहुँचते थे, तब तक वे खाना नहीं खाती थीं।
और... आख़िर के दिनों में जब पुरी साहेब को अस्पताल में भर्ती किया,
तब तो खुद बीमार होने के बावजूद भी, उन्होंने पुरी साहेब की चिंता करते हुए व्रत रखा था।
पुरी साहेब का वियोग शायद वो सहन न कर पाईं, सो उनके पीछे-पीछे चल पड़ी।
मैं मानता हूँ कि इस समय सांत्वनाभरे मेरे ये शब्द तुम्हें शायद दिलासा ही लगेंगे,
पर, **यह विपत्ति सिर्फ तुम्हारे परिवार पर नहीं आई, बल्कि पूरे दिल्ली सत्संग समाज पर आई है।**
**हम तुमसे कहाँ अलग हैं ? हम एक-दूजे के पूरक हैं।**
मेरे कहने का मतलब है – **कभी भी अपने आप को अकेला नहीं मानना।**
**गुरुहरि काकाजी, मैं व सारा सत्संग समाज हमेशा तुम्हारे संग आधी रात को भी खड़ा है और रहेगा।**
**पू. नवीनजी, पू. जितेन्द्रजी** एवं **पू. ओ.पी. अग्रवालजी** का पूरा परिवार भी तुम्हारे लिए हमेशा सहयोगी है ही।
**हमारे बड़े पापा और पुरी आंटी कहीं नहीं गए, दिल्ली सत्संग समाज में लौट कर आएँगे।**
तू जानता भी है कि–
मंदिर आए बिना उन्हें बेचैनी हो जाती थी
और
आंटी भी रोज़ सुबह की फिक्स्ड टाइम धुन में आती ही थीं।
पर, शायद तुझे यह नहीं पता होगा कि–
धुन के बाद वे पू. काकाजी की समाधि पर जातीं, उसकी साफ़-सफ़ाई करके परिक्रमा करतीं,
और फिर से मंदिर आकर ऊपर-नीचे दर्शन करके दानपात्र में कुछ न कुछ भेंट डालतीं।
सो, **चिंता नहीं करना , वे दोनों अपने पास ही रहेंगे। तू 'स्वामिनारायण मंत्र' का रोज़ रटन-धुन करना।**
हाँ, एक अफसोस है कि 'कोरोना वायरस' की बंदिश के कारण कोई भी उनके अंतिम दर्शन नहीं कर पाया;
लेकिन वे हमारी यादों में बरक़रार रहेंगे और अपनी अद्वितीय सेवा के माध्यम से गुणातीत समाज में अमर रहेंगे।

डॅडी-मम्मी की ओर से–
तेरे ही गुरुजी के प्यारभरे जय स्वामिनारायण!
**12 जून 2020, शुक्रवार**

# 2-5 जनवरी–आंतरराष्ट्रीय आत्मीय युवा महोत्सव...









भावनृत्य द्वारा प्रत्यक्ष स्वरूपों को शत्-शत् नमन...





# वचनामृत द्विशताब्दी निमित्त आशीर्दान...











## 'स्टॅच्यू ऑफ युनिटी' को तीर्थत्व प्रदान करते प.पू. गुरुजी...






## 'अखंड भारत' की भाँति हम सबकी एकता अखंड रहे...





# गुणातीत साधु के बिना ऐसा निरपेक्ष प्रेम कहाँ से मिले !

अहोहो ! सन् 2020 का वर्ष तो गुणातीत समाज के मुक्तों के लिए प्रथम दिन से ही अद्भुत आशीर्वाद एवं स्मृतियों की सौगात लेकर आया... इस श्रृंखला में सर्वप्रथम–

## 2 से 5 जनवरी – आंतरराष्ट्रीय आत्मीय युवा महोत्सव...

पिछले कई वर्षों से जनवरी महीने की शुरुआत में ही **गुणातीत समाज के शिरछत्र प.पू. हरिप्रसादस्वामीजी** की निश्रा में **'आत्मीय युवा महोत्सव'** आयोजित होता आया है। पर, अबकी बार तो मानो सुख व समृद्धि के आशीर्वाद देते हुए, नए वर्ष के **द्वितीय दिन** की सायं 'वचनामृत द्विशताब्दी' के उपक्रम में **'आंतरराष्ट्रीय आत्मीय युवा महोत्सव'** की मंगल शुरुआत होनी थी। सो, **प.पू. गुरुजी** दिल्ली के करीब चालीस मुक्तों को साथ लेकर **2 जनवरी** की दोपहर तक हरिधाम पहुँच गए। सायं 6:00 बजे सभी हरिधाम से बीस मिनिट की दूरी पर उत्सव स्थल – **श्री वडोदरा पांजरापोल मैदान** पहुँचे। यहाँ स्वरवृंद के मुक्तों ने विविध भजनों से सभा मंडप को आनंदित बनाया। संतों ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

थोड़े ही समय में सुनहरे सिहांसन पर विराजित **प.पू. स्वामीजी** सभी को दर्शन देते हुए प्रविष्ट हुए और... अपना आसन ग्रहण करने के बाद **कमलदीप प्रज्वलित करके उन्होंने महोत्सव का उद्घाटन** किया। भक्तिनृत्य द्वारा युवकों ने प.पू. स्वामीजी का स्वागत किया। विषयों से घिरा आज का युवा वर्ग कैसा असमंजस भरा जीवन जीता है, इसे युवाओं ने नृत्य से व्यक्त किया। तीनों सूत्रधारों ने वर्णन किया कि किस प्रकार **प्रगट ब्रह्मस्वरूप हरिप्रसादस्वामीजी** के संबंध से युवाशक्ति को सच्ची दिशा प्राप्त हुई। तदोपरांत, सुंदर झांकियों द्वारा भगवान स्वामिनारायण, उनके रहने का धाम मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामीजी एवं उसी गुणातीत परंपरा के गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज, गुरुहरि योगीजी महाराज के जीवन कार्य का सभी ने संक्षिप्त दर्शन किया। अंत में – गुरुहरि योगीजी महाराज के आध्यात्मिक वारिसों में से प्रगट ब्रह्मस्वरूप हरिप्रसादस्वामीजी ने किस प्रकार अपने गुरु के अंतर की प्रसन्नता प्राप्त की और अब इन मुक्तों की अकल्पनीय परवरिश कैसे कर रहे हैं, उसे वीडियो फुटेज और युवाओं की नृत्यनाटिका द्वारा सभी ने निहारा। शून्य से हुए अद्भुत सर्जन का दर्शन करके हृदय गद्गद् हो उठा कि हमें सुखी करने के लिए प.पू. स्वामीजी कैसे गरजु बने हैं ! प.पू. स्वामीजी के निरपेक्ष वात्सल्य - करुणा को शत्-शत् नमन करते हुए भावनृत्य एवं समूह आरती से उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

**3 जनवरी** को **'वचनामृत द्विशताब्दी'** निमित्त हुई प्रथम सभा में सुबह नौ बजे सभी एकत्र हुए। वचनामृत की महिमा को दर्शाते हुए उसके पृष्ठों से डॅकोरेशन किया गया था। गुरुहरि प.पू. स्वामीजी के आगमन पूर्व संतों एवं मुक्तों ने अपने अनुभवों का दर्शन कराया कि कब, कैसे और किस प्रकार प.पू. स्वामीजी ने उनके जीवन को उर्ध्वगामी बनाया है। प.पू. स्वामीजी के पधारने पर युवकों ने प.पू. स्वामीजी की विशेषताओं का वर्णन कराते हुए भक्तिनृत्य **'धन्य थई वसुधा...'** प्रस्तुत किया। गुणातीत समाज के सभी केन्द्रों के प्रतिनिधि संतों ने **प.पू. स्वामीजी एवं संतभगवंत साहेबजी** को पुष्प हार अर्पण किया। साथ ही, मंच पर उपस्थित वडील संतों एवं गणमान्य अतिथियों

का भी स्वागत हुआ। सत्र के अंत में करूणानिधि **गुरुहरि प.पू. स्वामीजी** ने नए वर्ष के आरंभ में आशीर्वाद दिया–

***हमारे गुरु योगीजी महाराज ने एक सूत्र दिया है–संप, सुहृद्‌भाव, एकता!***

*संप, सुहृद्‌भाव और एकता से जीवन जिएँ, तो निष्काम धर्म व निर्मान धर्म सिद्ध हो जाए।*

*काम, क्रोध, हठ, मान और ईर्ष्या जैसे दोष रहेंगे नहीं।*

*याद रखना–ये दोष हमें चिपके हुए हैं। बोलने-चलने में उतावलापन और अविवेक आए, हठीले स्वभाव के कारण सरलता और भक्ति न रहे, दंभ और दिखावा बढ़ता रहे... ऐसे जंगली स्वभावों को निकालने के लिए ऐसे उत्सव होते हैं।*

***संप यानि–एक-दूजे के प्रति मनुष्यभाव नहीं।***

*कुटुंब में हमें संप से जीना चाहिए। दंभ, दिखावा नहीं होना चाहिए।*

*प्रेम, सरलता, भक्ति, विवेक, मिठास, सकारात्मक विचार होने चाहिए।*

*हमें इस प्रकार जीना है। आज आप सब यहाँ आए हैं, तो मुझे बहुत आनंद हुआ। यहाँ से पक्का करके जाना कि–*

*घर में,*

*मित्रों के साथ*

*और*

*ऑफिस में विवेक और विनम्रता रखनी है। रंकभाव और प्रेम से जीवन जीना है।* ***फलस्वरूप हमारा व्यवहार अच्छी तरह चलेगा। हम में आत्मीयता बढ़ती जाएगी। धीरे-धीरे संप से जीएँगे, हम में दासत्व प्रगटेगा...***

*जब तक संतों के साथ सच्ची प्रीति, मैत्री नहीं होगी, उनके साथ सरलता से नहीं जीएँगे, तब तक दासत्व, विवेक, विनम्रता और रंकभाव नहीं आएगा... वाणी से कभी विफल न होना और प्रेम से सबको वश करना...*

*स्त्री की प्रकृति उतावली होती है। कभी भी प्रेम कम न होने देना।*

*बहनों का समागम करके, फिलहाल बहनें मिठास, भक्ति, प्रेम से अच्छा वर्तती हैं। इसलिए उन्हें धन्यवाद है।*

*लगातार उत्सवों और शिविरों के निरंतर जोग से परिवर्तन होगा।*

*प्रति वर्ष धीरे-धीरे भजन का समय बढ़ाना।*

*निर्विकल्प रूप से एक घंटा भजन करने तक तो पहुँचना चाहिए।*

*जल्दबाजी नहीं करना, संत समागम करना।*

***हमारे साहेब साधु हैं...***

*हमें आँखों से विफल नहीं होना है।*

*पिक्चर देखनी हो तो कोई नेशनल या धार्मिक पिक्चर देखना...*

*मैं आणंद में तीन थियेटरों के मालिक के घर पढ़ता था, लेकिन दस साल में सिर्फ एक बार पिक्चर देखी थी। वो भी इसलिए कि उन्होंने मुझसे कहा कि तेरे मित्र आते हैं, तो तू क्यों नहीं आता? मैंने उनसे कहा था कि जब कोई*

*नेशनल या धार्मिक पिक्चर आए तो मुझे कहना। मुझे तो अभ्यास करते हुए, प्रेम से जीना था और संतों के साथ मित्रता करनी थी। मुझे मेरे में रहे हठ, मान और ईर्ष्या को निकालना था।*

*हमारे सौ दुश्मन हैं... हठीला स्वभाव हमें शोभा नहीं देता। यदि सच्चे संत के साथ दोस्ती हो जाए, साध्वी बहनों के साथ बहनों - भाभिओं की मैत्री बढ़े तो हठीला, ईर्ष्यालु, मानी, दंभी स्वभाव झड़ने लगते हैं। बहनों को साध्वी बहनों से और पुरुषों को साहेब जैसे युवकों, संतों से मैत्री करनी चाहिए।* ***जिसमें हठ, मान, ईर्ष्या न हो वह साधु। साहेब, वशी ऐसे साधु हैं।*** *ऐसे कई युवक अच्छी तरह तैयार हो रहे हैं...*

*याद रखना कि* ***भजन का सुख दुनिया के किसी भी सुख के मुक़ाबले अद्भुत है।***

*करोड़पति होने के सुख से भजन का सुख हज़ार गुना अद्भुत है...*

*आँख से योग्य देखना है, कान से योग्य सुनना है, जीभ से योग्य बोलना व खाना है... आप सब जो यहाँ आए हो, बहुत धार्मिक हो। संतों की सभा में इतने अधिक आए हो, तो धार्मिक होंगे वे ही आ सकते हैं। वर्ना आज के युग में युवाओं को ख्याल भी नहीं आता कि कहाँ जाना है। जबकि यहाँ हज़ारों युवा बैठे हैं; क्योंकि ये धार्मिक, विनम्र और विवेकी हैं। सभी को अपनी आत्मा को अच्छा बनाना है।*

***संतों के समागम के सिवा प्रेमभरा हृदय प्रकट नहीं हो सकता।***

***संतों के समागम के सिवा हठ, मान, ईर्ष्या टल नहीं सकते।***

***संतों के समागम के सिवा आँख, कान, जीभ विवेकी नहीं बन सकती...***

***मानव की भाँति जीवन जीओ, डफर की तरह नहीं...*** *मुझे धार्मिक लोग बहुत पसंद थे। फिर बापा के जोग में आया, जिनके समागम से जीव निर्मल बना... अपना समय व्यर्थ मत जाने देना।* ***'दास का दास' होकर, आनंदपूर्वक - चिंतामुक्त होने के लिए सत्संग करना है...*** *भले ही जगत में रहें, लेकिन प्रभु का होकर जीना है।* ***यदि योगीजी महाराज जैसे साधु नहीं मिले होते, तो हम मनुष्य ही नहीं बनते।*** *पता नहीं कहाँ गंदे गटर में घूमते होते। लेकिन,* ***बापा ने हमें विनम्र, रंक और विवेकी बनाया...***

***आपस में 'तू' कह कर बोलना बंद करो, 'तुम' कह कर बुलाओ।*** *कुत्ते को 'तू-तू' करा जाता है। ध्यान रखना, आज से भाषा बदल दो। हमें विवेकी, विनम्र बनना है।*

*आज सब आए हो, तो गर्व से कहता हूँ कि जो एक बार 'स्वामिनारायण' नाम सुनेगा, उसे महाराज के वरदान अनुसार भगवान स्वामिनारायण अंत काल में लेने के लिए आएँगे।*

***साधु ख़ानदान माँ है। हर एक की देह की माँ होती है, लेकिन साधु आत्मा की माँ है। उस आत्मा से प्रेम करके दोस्ती करनी है...***

*हमें अपने आपको सुधारना है। आप दो दिन से सत्संग सभा सुन रहे हो; ध्यान रखना* ***अंतकाल में भगवान स्वामिनारायण, स्वामी, शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, साहेब सब तुम्हें लेने के लिए आएँगे, तो मना नहीं करना।*** *तुम्हें कितना बड़ा फ़ायदा हो गया ?* ***गर्भवास की फांसी खत्म हो जाएगी।*** *गुणातीतानंदस्वामी ने लिखा है कि जितना समुद्र में पानी है, उतना माता का दूध पिया है। अबजों जन्म से*

*घूम रहे हैं... पूर्व के कैसे बलिष्ठ संस्कार होंगे कि प्रभु ने यहाँ भेज दिया ! हमें मरना नहीं, जीना है। हमें भगवान की गोद में बैठना है...*

*भगवान की गोद यानि क्या ? त्रिलोक के सुख से अनंत गुना सुख भगवान का है। यहाँ के सुख से त्रिलोक का सुख हज़ार गुना है, इससे अधिक सुख अन्य धामों का है। **अक्षरधाम का सुख अनंत गुना है, जहाँ स्त्री या पुरुषभाव नहीं हैं।** ऐसे सुख को आप प्राप्त करने वाले हो। लेकिन सुहृद्भाव से जीवन जीने का संकल्प करना... हमें आत्मा को सुखी करना है... **दो अच्छे साधु और चार अच्छे हरिभक्तों के साथ सच्ची दोस्ती करना।** फलस्वरूप लख चौरासी योनि खत्म हो जाएगी... **प्रभु हमें ऐसा बुद्धियोग दें कि इस कथा को हम जीवन बनाएँ, संत के दर्शन को जीवन बनाएँ और उन्हें याद ही करते रहें।***

*जिन-जिन्होंने यह कथा सुनी है, उन्हें भगवान स्वामिनारायण लेने तो आने वाले ही हैं, हैं, हैं, हैं। पर, तब 'चू-चू' नहीं करना और जरूर जाना...*

सायं **द्वितीय सत्र** में सभी ने समय पर अपना स्थान लिया। प.पू. स्वामीजी के आत्मीय स्पर्श एवं उनके द्वारा समझाए वचनामृत के सार से संतों-मुक्तों को क्या उपलब्धि हुई है, उन स्वानुभव को कइयों ने व्यक्त किया। मंच पर **प.पू. स्वामीजी के आगमन** के बाद, सत्संग के आत्मीय भुलकों ने प.पू. स्वामीजी के अत्यंत प्रिय एवं उनके द्वारा समय-समय पर निरूपित वचनामृतों के आधार पर **भक्तिनृत्य 'वचनामृतम्...'** प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् संतों ने प.पू. स्वामीजी को वचनामृत का प्रतीकात्मक विशिष्ट हार अर्पण किया।

**मणीनगर गादी संस्थान** के प्रतिनिधि संत **पू. महंतस्वामी** एवं **पू. शास्त्रीस्वामी** ने प.पू. स्वामीजी को शाल एवं हार अर्पण करके स्मृति भेंट दी। इन दोनों संतों को महोत्सव की स्मृति भेंट अर्पित करके उनका भी अभिवादन हुआ।

वचनामृत द्विशताब्दी निमित्त आशीर्वाद बरसाने के लिए पू. त्यागवल्लभस्वामीजी ने संतभगवंत साहेबजी की ओर से **प.पू. अश्विन दादा** से प्रार्थना की, तो उन्होंने आशीर्दान दिया–

*आत्मीय महोत्सव के प्रसंग में जब हम वचनामृत द्विशताब्दी मना रहे हैं, तब अलग रीति से देखें तो गुरुहरि स्वामीश्री के श्रीमुख से वचनामृत प्रथम 16 और 18 की बात हम वर्षों से सतत सुन रहे हैं... **स्वामीजी बार-बार क्यों प्रथम 16 व 18 पर ज़ोर देते हैं ? दरअसल ये दोनों वचनामृत जीवन की गढ़ाई करने वाली नींव हैं...** भगवान स्वामिनारायण की हम पर अनुपम कृपा कि हमें मंदिर, मूर्ति, मंत्र, शास्त्र और प्रगट सत्पुरुष दिए। वह उनका हम पर सबसे बड़ा आशीर्वाद है। प्रगट सत्पुरुष जब महाराज की दिव्य वाणी को अपना प्रिय बताते हैं, तो हमें खूब बल और प्रेरणा मिलती है। **इसका जीवंत दृष्टांत यह आत्मीय युवा महोत्सव है।** अट्ठारहवीं सदी में प्रगट हुए भगवान स्वामिनारायण ने लुप्त होते संस्कारों को नवपल्लवित करने के लिए, लोकभोग्य भाषा में सामान्य व्यक्तियों को समझाया। सामाजिक अराजकता में संस्कार दबाए जा रहे थे; तब धर्म, ज्ञान, वैराग्य और माहात्म्य युक्त भक्ति की बात सादी-सीधी सरल भाषा में समझाने के लिए भगवान स्वामिनारायण ने जिस भाषा का प्रयोग किया है, **वह गुजराती भाषा का गौरव है।** इससे पहले गुजराती में जो ग्रंथ लिखे गए, वे पद्य-कविता स्वरूप में*

*लिखे गए। **भगवान स्वामिनारायण के उपदेश को परमहंसों ने गद्य स्वरूप में लिख कर, एक ऐसा अद्‌भुत ग्रंथ हमें दिया, जिससे तत्कालीन श्रद्धालु लेकिन अशिक्षित प्रजा ने भी सामाजिक मूल्यों का पान किया और वेद, उपनिषद, पुराण, भागवत और गीता जैसे ग्रंथों का ज्ञान संतों के प्रश्नोत्तर द्वारा समझाया।***

*संतों ने जो प्रश्न पूछे, उसका उन्होंने यथार्थ उत्तर दिया।*

*वे स्वयं जो बातें कहते हैं, उसे संत कितना और किस प्रकार समझे हैं, वह टटोलने के लिए उन्होंने स्वयं प्रश्न किए। कई बार तो संतों का उत्तर मान्य किया फिर भी, बहुत विवेक से 'मुझे तो ऐसा लगता है' कह कर सही उत्तर देकर सच्ची दिशा बताई।*

*अतः वचनामृत से महाराज का भाषा प्रयोग भी सीखने जैसा है... महाराज ने अपनी बात समझाने के लिए वेद, उपनिषद, भागवत और भगवद् गीता का आधार लिया है।*

*समयानुसार अपनी जीवनशैली बताने हेतु वचनामृत के प्रत्येक पन्ने पर भगवान और संत का उल्लेख करना वे चूके नहीं हैं।*

*आज हम **परम भाग्यशाली** हैं कि बड़े पुरुषों की कृपा से भगवान और संत की बात समझ कर, संत को ही भगवान का रूप मान कर, उनके अमृतरूपी वचन को पीने के लिए उत्सुक व मुमुक्षु बने हैं। यह हम पर सबसे बड़ी गुरु कृपा है।*

*गुरुहरि स्वामीश्री ऐसे अच्छे आशीर्वाद दें कि हम सभी के जीवन में जैसा वे चाहते हैं, वैसी–**ज्ञान से भी विशेष हमारी भक्ति की वृद्धि हो।** जहाँ भक्ति है वहाँ प्रेम और आत्मीयता सहज होती है। तब सच्ची भक्ति अर्थात् दासत्व भक्ति प्रगट होती है। 'भुलकुं की यात्रा' और 'दास महोत्सव'– स्वामीजी का यह भाव वचनामृत के आधार पर है। 21वीं सदी के शिक्षित और युवा हो रहे युवक वर्तमान समय में समझ सकें, ऐसी भाषा में स्वामीजी भगवान स्वामिनारायण के शब्दों को उद्‌बोधित कर रहे हैं। यह ज्ञान और परम रहस्य तो 'एक' व 'सनातन' ही है। ऐसे सत्पुरुष की शरण में भुलका बन कर, 'जी हज़ूरी' करते हुए दासत्व भक्ति करने की बुद्धि, शक्ति और भक्ति प.पू. स्वामीजी दें, ऐसी सभी की ओर से प्रार्थना।*

तत्पश्चात् वचनामृत द्विशताब्दी के उपलक्ष्य में प.पू. स्वामीजी की प्रेरणा से संतों ने **'वचनामृत' पुस्तक** को दो भागों में प्रकाशित करके **प.पू. स्वामीजी** से उसका उद्‌घाटन कराया।

इस महाग्रंथ को प्रस्तुत करने से पहले **प.पू. दासस्वामीजी** ने भावना व्यक्त की–

*वचनामृत तो स्वामिनारायण संप्रदाय की कई संस्थाओं द्वारा प्रकाशित हुआ है; सो यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन, इसकी विशिष्टता यह है कि मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामी, गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज, गुरुहरि योगीजी महाराज एवं प.पू. स्वामीजी ने समय-समय पर वचनामृत के प्रति अपने जो भाव व्यक्त किए हैं, उनका आशीर्वाद रूप में यहाँ समावेश है। दूसरी बात– सोखड़ा के पुराने मंदिर से अब तक प.पू. स्वामीजी वचनामृत के आधार पर संतों को जो आध्यात्मिक सूझ देते आए हैं और जिन ख़ास वचनामृतों का स्वाध्याय, मनन एवं चिंतन करने के लिए वे कहते हैं, उसका समावेश किया है... दो सौ साल के बाद वचनामृत के उद्‌गाता की निश्रा हमें*

*स्वामीजी के रूप में प्राप्त हुई है तो, जैसे **गुणातीतानंदस्वामी** ने कहा था कि –*

*जैसे दूसरों को समझाने का आग्रह है, वैसा खुद को समझने का हो; जैसे दूसरे का दोष देखने का आग्रह है, वैसा अपने दोष टालने का हो और **स्वामीजी** कहते हैं –*

***जैसे संबंध वाले की 'प्रकृति और स्वभाव' देखने का आग्रह है, वैसा केवल भगवान का 'संबंध' देखने का हो, तो कोई कसर रहेगी नहीं...***

*तो स्वामीजी से प्रार्थना है कि –*

*दो सौ साल से हमारी जो कसर टालने के लिए आप हमें अपने साथ ला रहे हो, वह कसर टल जाए*

*और*

*वचनामृत द्विशताब्दी की पूर्णाहुति से पहले हमारी 'भुलकुं की यात्रा' की पूर्णाहुति हो जाए*

*और*

*जीतेजी ब्रह्मरूप होकर परब्रह्म की भक्ति करने का हमें अधिकार प्राप्त हो...*

तदोपरांत गुरुहरि काकाजी द्वारा समय-समय पर वचनामृत द्वारा अनोखी सूझ प्राप्त किए **प.पू. गुरुजी** ने आशीर्वाद देते हुए कहा –

*...हक़ीक़त में वचनामृत के रूप में ही महाराज हमें आशीर्वाद दे गए हैं। क्योंकि महाराज ने कहा है कि **मेरी वाणी ही मेरा स्वरूप है।** स्वामीजी कहते हैं मंदबुद्धि हों, पर एक वचनामृत तो रोज़ पढ़ें। इसे मैं दूसरी रीति से भी कहता हूँ, जो मैं खुद आज़माता हूँ। हमें जो वचनामृत खूब स्पर्श करता हो या लगता हो कि यह वचनामृत मुझे उपयोगी है, उसे रोज़ पढ़ना और क्रम से एक वचनामृत जो पढ़ते हैं वो पढ़ना ही। अर्थात् – रोज़ दो वचनामृत पढ़ना। वैसे भी अपनी युगल उपासना है। यूँ मार्मिक रीति से हमारा सिद्धांत बरकरार रहेगा और ईष्टदेव का भजन भी होगा। वचनामृत के आधार पर महाराज की सर्वोपरिता दर्शानी है... किसी भी चीज़ की सुप्रीमसी का सबूत देना हो, तो उसके चार मुख्य प्रमाण होते हैं –*

1. ***आप्तवाक्य प्रमाण** – यानि स्वयं जिसने अपना प्रमाण दिया हो। **कई वचनामृतों में महाराज ने अपनी सर्वोपरिता स्वयं बताई है।** गढडा प्रथम 27, 37, मध्य 13, जेतलपुर 4 और 5। स्वामीजी कई बार इन वचनामृतों का ज़िकर करते ही हैं। वो पढ़ने से ख्याल पड़ता है कि भरतखंड के अधिष्ठाता के रूप में भी उन्होंने अपना वर्णन किया है। **अक्षरधाम के अधिपति के रूप में भी उन्होंने अपना वर्णन किया है।** उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह बात मैं किसी आडंबर से नहीं कह रहा। स्वाभाविक है कि आज कोई स्वामीजी से ही पूछे कि स्वामी, हरिधाम का अधिष्ठाता कौन है ? स्वामी साधु के वेश में हैं, तो वे बतायेंगे कि 'मुख्य सेवक' मैं हूँ। इसे आप्तवाक्य प्रमाण कहा जाए।*
2. ***अनुभूति प्रमाण** – अनुभूति अर्थात् किसी विषय में हमें कोई कहे - समझाए वह नहीं, बल्कि उसका अनुभव होना चाहिए। हमें प्रतीति करा दे कि यह जो मैं कह रहा हूँ, वह सच है। ऐसी अनुभूति महाराज ने किसी को कराई ? तो, **गोलोक, वैकुंठ, बद्रिकाश्रम, श्वेतद्वीप वगैरह धाम और उनके अधिपतियों की अपेक्षा***

***भगवान स्वामिनारायण एवं उनका अक्षरधाम सर्वोपरि है, उसका साक्षात् दर्शन योगीजी महाराज ने ब्रह्मस्वरूप काकाजी को अक्षरधाम में ले जाकर कराया।***

***उन्हें जो साक्षात्कार कराया, उसके फलस्वरूप आज यह सारा गुणातीत समाज है।*** *काकाजी ने दर्शन की बात करी,*

*और...*

*पप्पाजी, स्वामीजी, साहेब ने इस बात को मान कर एक क्रांति जगाई। महाराज ने बात की थी कि ऐसे सत्संगी वैष्णव ही हमारी नात, जात और हमारे सगे-संबंधी हैं। गुणातीतानंदस्वामीजी ने भी कहा कि–* ***भगवान के निष्ठा वाले भक्तों के प्रति आत्मबुद्धि और प्रीति–यही 'सत्संग' है।***

***इसी तरह काकाजी, पप्पाजी, स्वामीजी, साहेब–सभी ने एक नवक्रांति करके 'गुणातीत समाज' का सृजन किया।*** *यह 'अनुभूति प्रमाण' है कि यह स्वरूप सच में सर्वोपरि है।*

3. ***लोक प्रमाण –*** *आज से दो सौ साल पहले तत्कालीन समाज ने भगवान स्वामिनारायण और उनके वचनों को मान्य किया और आज भी सभी मान्य करते हैं। तभी तो हरेक ने बात करी कि एक समाज का सृजन हुआ है। यह हुआ 'लोक प्रमाण।'*

4. ***शास्त्र प्रमाण –*** *शास्त्र प्रमाण के रूप में हमने वचनामृत की पुस्तक अभी देखी।* ***स्वामी की बातें, शिक्षापत्री और वचनामृत ये हमारे शास्त्र हैं।*** *आज स्वामिनारायण संप्रदाय के लिए यह नहीं कहा जा सकता कि संप्रदाय का कोई शास्त्र नहीं है।* ***इतना ऊँचा तत्त्वज्ञान, इतनी सरल गुजराती भाषा में अन्य कहीं रचा नहीं गया।***

   *दूसरी बात–तार्किक रीत से सबको यह ज्ञान अपील भी कर जाता है कि महाराज जो बात कहते हैं, वह बिलकुल सच्ची है। कई बार हमें ऐसा लगता है कि ये पुरुष दिव्य हैं, तो इनकी बातें भी दिव्य हैं। पर,* ***वचनामृत और स्वामी की बातें*** *जब पढ़ते हैं, तब लगता है कि महाराज, स्वामी और प्रगट संत-भगवान स्वरूप स्वामीजी जो कहते हैं, वो बात* ***सिर्फ दिव्य ही नहीं, बल्कि वाक़ई ही सच है। यह पढ़ते हैं तो हमें जीतेजी अक्षरधाम की प्रतीति होती जाती है।*** *सहज ही हम कह सकते हैं कि आँखें बंद करेंगे, तो भी अक्षरधाम में हैं और आँखें खुली हैं तो भी अक्षरधाम में हैं।*

   *यह बोलने की बात नहीं है। वासणा में एक दिनेश भगत थे। अब तो वे अक्षरनिवासी हो गए। अंतकाल में वे बहुत बीमार हुए। स्वामीजी उन्हें मिलने के लिए गए। स्वामीजी ने उनसे पूछा–दिनेश कुछ कहना है ? उन्होंने कहा–स्वामी, क्या कहना है ? अभी हूँ तो भी आपके पास अक्षरधाम में हूँ, आँखें बंद हो जाएँगी, तो भी आपके पास अक्षरधाम में जाना है। देखो, यह निश्चिंतता ! वर्ना लोग तो अंतकाल देख कर काँप जाते हैं। उसकी बजाय इतनी निर्भयता सहज ही अंदर से प्रगटे! वो ऐसे पुरुषों के आशीर्वाद और महाराज की सर्वोपरिता का लक्षण है।*

***आज करीब दो लाख जने बैठे हैं, इतना ऑर्गेनाइज्ड वे में किया आयोजन देख कर मैं सोच में हूँ कि यह***

***इतना वॅल डिसीप्लीन्ड है! अभी मैं बात कर रहा हूँ तो पिन ड्रॉप सायलेन्स है। वो स्वामीजी के आशीर्वाद के कारण है और यह उनके 'कडप' का प्रभाव है।*** *'कडप' शब्द मैं जानबूझ कर बोल रहा हूँ क्योंकि स्वामीजी ने आपको जितना डाँटा होगा, उतना प्रेम भी करते हैं। कोई सिर्फ डाँट-डाँट करे, तो कोई टिकेगा नहीं। लेकिन, स्वामी का जो अस्खलित प्रेम है, उसके आगे हम इनकी डाँट निगल जाते हैं इतना ही नहीं, बल्कि उस डाँट से हम सुधरते जाएँ, उसके लिए प्रतिबद्ध होते हैं।*

*तो,* ***वचनामृत – पुराण शास्त्र, रामायण, भागवत, वेद, गीता, उपनिषद का निचोड़ है।*** *यदि* ***कोई वचनामृत पढ़े तो उसे अन्य कोई ग्रंथ पढ़ने की ज़रूरत पड़ती नहीं।*** *गुणातीतानंदस्वामी कहते – 'अमृत लाओ...' यानि वचनामृत लाओ। स्वामी का कहने का तात्पर्य यह था कि वचनामृत का मर्म यदि हम अपने जीवन में उतारेंगे, तो जन्म-मरण के चक्कर से छूट कर, सांसारिक विडंबनाओं से बाहर निकल कर, भगवान के आसरे से निर्भय होकर अमृतमय जीवन जिएँगे।* ***हमें शांति-सुख है, लेकिन आनंद कोई अलग ही चीज़ है।*** *जैसे स्वामी कहते हैं भगवान का आनंद! मैं कई बार कहता हूँ कि* ***धर्म धर्मी के अधीन है। तो, वचनामृत भगवान स्वामिनारायण के अधीन है, आज भी वचनामृत के मर्म से हमें जीना होगा, तो ये स्वामी का आलंबन-आधार लेना पड़ेगा।*** *गुणातीत परंपरा में, तत्कालीन समाज में 'सत्पुरुष' द्वारा भगवान स्वामिनारायण प्रगट हैं ही। स्वामीजी हमें आशीर्वाद दें कि स्वामीजी द्वारा 'प्रगट' हैं, हैं, हैं ही – यह अखंड माना जाए और उनके साथ हमारा संबंध सनातन तो है, लेकिन शाश्वत् हो जाए और जीतेजी अक्षरधाम के सुख के भोक्ता बन जाएँ – यही प्रार्थना।*

**पू. त्यागवल्लभस्वामीजी** ने प.पू. गुरुजी को अद्भुत प्रेरणा देने के लिए धन्यवाद किया।

साधकों को तुरंत ही अंर्तद्वंद्व से उबरने का बल मिले, इस हेतु अपने आशीर्वचनों की पुस्तक **'चालो, प्रभुनुं देवुं चुकवीए'** का उद्घाटन **प.पू. स्वामीजी** ने स्वयं अपने वरद् हस्तों से किया। सत्र के अंत में वचनामृत द्विशताब्दी निमित्त **प.पू. प्रेमस्वरूपस्वामीजी** ने प्रार्थना रूप आशीर्वाद देते हुए कहा –

*वचनामृत द्विशताब्दी के निमित्त हमें अद्भुत लाभ मिल रहा है। स्वामीजी ने पारिवारिक सभाओं में वचनामृत गढडा प्रथम कई बार समझाया है। एक बार स्वामीजी ने बताया था कि एक युवक ने योगीबापा से पूछा – बापा, मन की 'अखंड वृत्ति' प्रभु में रहना कैसे संभव है? हमारे लिए तो असंभव है। हमारा मन तो कितना चंचल है। जिसका विचार नहीं करना, उसका विचार करता है; जो नहीं देखना, उसे देखता है और जिसका ध्यान नहीं करना वही करता है।*

*यह बात इसलिए कर रहा हूँ कि ये प्रगट गुणातीत स्वरूप आज हमें इस हेतु 'तथास्तु' कहें।*

*इन पुरुषों को तो कोई अपेक्षा या शर्त नहीं है। उनके प्रेम के कारण हम इस मार्ग पर चल रहे हैं, वे हमें चला रहे हैं।*

*बापा ने उस युवक से कहा कि 'अखंड वृत्ति' रखना खूब सरल है।* ***गढडा प्रथम*** *के* ***आख़िरी पैरा में महाराज ने कहा है –***

***'जो साधु हमें हमारा स्वभाव बताता है, तब उसे समझने के बजाय हम उसका अवगुण लेते हैं'***

*यही समझना है; यह बात समझें और मानें।*

*तो, वचनामृत द्विशताब्दी के मंगल अवसर पर ऐसा संकल्प करना है कि कोई संत, भगवदी अथवा हरिभक्त या मुक्त या संबंध वाला कोई भी व्यक्ति हमें कोई भी सूचन करे, तब उसका सूचन जँचे और इससे भी अधिक मीठा लगे और उसका गुण आए। स्वामीजी के कहने का तात्पर्य यह था कि – कोई साधक ऐसा समझे, तो उसके जीवन में पहला वचनामृत सिद्ध हो जाएगा – महाराज के स्वरूप में उसकी 'अखंड वृत्ति' रहेगी। दासस्वामीजी के कहे मुताब़िक हम बहुत भाग्यशाली हैं कि दो सौ वर्ष पूर्व जिन्होंने यह वचनामृत दिया था, उन्हें सांगोपांग धारण किए हुए, उस परमतत्त्व को नख से शिखा तक अखंड रख कर जो बोलते-चलते, खाते-पीते हैं, प्रत्येक क्रिया करते हैं, ऐसे पुरुष हमें मिले हैं – उनकी गोद हमें मिली है। तो, उनसे प्रार्थना करनी है कि आप कृपा-अनुग्रह करना। हम 'जी हज़ूरी' अवश्य करेंगे। अन्य कहीं भी नज़र नहीं जाने देंगे। किसी मुक्त द्वारा आप बोलेंगे, तब आपका दर्शन करने का प्रयत्न करेंगे...*

*स्वामीजी लगातार यही कहते हैं कि 'दास के दास' बनें। यही एक चीज़ उन्हें हमसे करवानी है... स्वामीजी का जीवन देखें तो दासत्व टपकता-बहता हुआ नज़र आता है और ऐसा जीवन हमें बख़्शिश में देना चाहते हैं। लेकिन, प्रसंग पर हम इस बात को पकड़े रखें। स्वामीजी कहते हैं कि बापा जो प्रसंग बताते थे, उनका मैंने पाँच-पाँच हज़ार बार मनन, चिंतन और निदिध्यासन किया है।* ***स्पेशियल ट्रेन में बापा हमें ले गए थे; तब स्टेशन के जिस बेंच पर बापा विराजमान थे, उस पल की मुझे ईदम् स्मृति है।***

*स्वामीजी ने योगीजी महाराज का कैसा दर्शन किया होगा! हमें ऐसा ही दर्शन आपका करना है। ये 'दर्शन' लेकर हमें यहाँ से जाना है और ये 'दर्शन' अखंड रहे ऐसे आशीर्वाद माँगने हैं।*

*स्वामीजी वर्षों से कहते कि रोज़ का लेन-देन रोज़ चुका देना चाहिए। लेकिन, हमारे आलस, प्रमाद और ग़फ़लत के कारण हम यह बात वफ़ादारी से पकड़ नहीं पाते। तो, आज यह भी दृढ़ता करनी है कि हमें आपके बल से करना है।* ***हमारी तो कोई हैसियत-ताक़त नहीं है। हम में कोई काब़िलियत नहीं है। लेकिन, 'आप हैं न' – उसका भरोसा है। आप सब कुछ कर ही देंगे। आप हैं, इसलिए यह संभव है।***

*तो, सहजभाव से आपके चरणों में इतनी प्रार्थना है कि जैसे भी हैं, पर आपके हैं। प्रभु! आपकी रुचि, मरज़ी, बल और रीति से जीने का आज संकल्प करते हैं। तो हम सब पर कृपा बरसाना कि सबसे पहले हमारे कमरे, घर, मंडल, हम जहाँ हैं वहाँ झुक कर, सरल होकर साथी मित्रों और विरोध प्रकृति वाले के पास भी खूब-खूब सरल रह पाएँ। ऐसी आपके चरणों में आज़ीज़ी करते हैं। आप कृपा बरसाना... सुहृद्‌भाव आपका प्राण है और आपने जीकर बताया है। इस रास्ते पर चलने का, आपके दासत्व में डूबने का, गुणातीतानंदस्वामी, भगतजी महाराज, जागास्वामी, शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, साहेबजी के दासत्व में डूबने का हम सबको खूब बल देना – यही अंतर की प्रार्थना है।*

**4 जनवरी** की सुबह **'आत्मीय युवा महोत्सव'** के द्वितीय दिन का प्रथम सत्र था। लेकिन, प.पू. स्वामीजी से आज्ञा लेकर नाश्ता करने के बाद, **प.पू. गुरुजी एवं उनके साथ दिल्ली से गए मुक्त 'सरदार सरोवर डॅम'** जाने के लिए रवाना हुए। सन् 2018 में 31 अक्तुबर को यहाँ **लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल** की

142वीं जयंती के दिन, विश्व की सबसे ऊँची 182 मीटर ऊँची सरदार पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन हुआ था। सरदार पटेल ने भारत के अलग-अलग राज्यों - प्रांतों को संगठित करके एक **'अखंड भारत'** का रूप दिया था, उनके इसी विशिष्ट योगदान को मद्देनज़र रखते हुए इस प्रतिमा को **'स्टॅच्यू ऑफ युनिटी'** नाम दिया गया, जो युगों - युगों तक अखंड एकता का संदेश विश्व को देती रहेगी।

वहां जाकर लिफ्ट से 153 मीटर की ऊँचाई पर स्थित 'व्यू गैलरी' से सरोवर का नज़ारा देखा और वहाँ के कार्यकर्ताओं द्वारा स्टेच्यू की सारी जानकारी प्राप्त की। यहाँ से दूसरे लेवल पर पहुँच कर, **प.पू. गुरुजी ने विशिष्ट संकल्प के साथ दस मिनिट धुन कराई कि हम सबकी एकता भी अखंड रहे।** करीब साढ़े तीन बजे यहाँ से निकल कर **'स्वामिनारायण गुरुकुल'** में प्रसाद लिया और महोत्सव में हाज़िर होने निकले, पर रास्ते में अत्यधिक ट्राफिक होने के कारण सायं के सत्र में नहीं जा पाए। अतः सायं 7:30 बजे सीधा हरिधाम - सोखड़ा मंदिर पहुँचे।

आज सुबह के सत्र में भुलकुं **'स्तवनभाई'** के उद्गार के बाद **प.पू. भरतभाई** ने आशीष याचना की–
*दो दिन से हम जो कथावार्ता सुन रहे हैं, उसमें वक्ताओं ने अद्भुत बातें की हैं। उन प्रसंगों से सबके अंतर में जाग्रतता आ जाती है। हर एक प्रसंग हमें कुछ प्रेरणा दे जाता है। कल वचनामृत द्विशताब्दी के महोत्सव के उपलक्ष्य में हमने जो बातें सुनी, उसमें मुझे सबसे अच्छी बात वचनामृत प्रथम 16 की लगी। उसका एक वाक्य–*
***'खुद के अवगुण देखना और दूसरों का गुण ग्रहण करना।' – सिर्फ इस एक वाक्य से ही यदि हमें प्राप्ति होती है और परिवर्तन आता है, तो पूरा वचनामृत पढ़ने से क्या प्राप्ति होगी? वचनामृत का यही माहात्म्य है।*** *गुणातीतानंदस्वामी की बातों में लिखा है–*

1. *भगवान व संत मिले, तो अब करना क्या? यह बात सब युवाओं को ध्यान रखने जैसी है और स्वामीजी हमें उसके लिए हर पल जाग्रत करते रहते हैं- बातें करते रहते हैं।*
   *अब करना यह है कि – ये भगवान और संत मेरे हैं, मैं ब्रह्मरूप - अक्षररूप हूँ और प्रभु का सेवक - 'दास का दास' हूँ – यह जाग्रतता हर प्रसंग में सतत रखनी है।*
2. *संग पहचानना - एसोसिएशन! संग की पावर बहुत है। स्वामीजी हमेशा कहते हैं कि हमें साप्ताहिक सभा तो करनी ही है, उससे चूक न जाएँ। साप्ताहिक सभा से हमें जो एसोसिएशन मिलता है, उसकी पावर बहुत है।*

*हमारे यहाँ भी कोई दुःखी भक्त मुश्किल - तकलीफ से घिरा हुआ आता है, तो दिनकरभाई, वशीभाई, बापु, संत बहनें उसे साप्ताहिक सभा में अचूक आने का आग्रह करते हैं। हमारे जीवन में संग का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अभी ख्याल नहीं पड़ेगा कि हमें किसका संग मिला है। पर* ***यहाँ हो रही कथा-वार्ता, शब्द हमारे जीव में बैठ जाएँगे और जब ज़रुरत होगी, तब वे उगेंगे और अपना कार्य करेंगे।*** *गुणातीतानंदस्वामी ने दूसरे प्रकरण की पहली बात में इक्कीस बार* ***'संग'*** *शब्द का प्रयोग किया है।*
*मुझे एक प्रसंग याद आता है। एक पेइन्टर को ऐसा हुआ कि मुझे भोला - भाला, सरल, दैवीय भाव प्रकट करते एक व्यक्ति की पेटिंग बनानी है। खूब प्रयास करने के बाद* ***सत्रह - अट्ठारह साल के*** *ऐसे भोले - भाले चेहरे का लड़का*

*उसे मिल गया। उस लड़के की अनुमति से उसकी पेइन्टिंग बनाई, जिसे देख कर दैवीय भाव जाग्रत हो जाए। वह पेइन्टिंग पेन्टर ने अपने पास रख रखी। बीस-पच्चीस साल के बाद उस पेइन्टर को ऐसा हुआ कि अब मुझे ऐसे व्यक्ति की पेइन्टिंग बनानी है, जो एकदम क्रूर दिखाई देता हो-दानव, विषयी जैसा दिखाई देता हो। बहुत ढूँढने के बाद उसे करीब 40-45 साल का ऐसा व्यक्ति मिल गया, जिसे देखते ही मन में क्रूरभाव उत्पन्न हो जाए। उसे देख कर बिलकुल दानव स्वरूप की पेंटिंग बनाई। पेइन्टिंग बनवाने के बाद उस व्यक्ति की आँख में आसूँ आ गए। उसने पेइन्टर से पूछा–आप मुझे पहचानते हो ? पेइन्टर ने कहा– नहीं। तो, उसने कहा कि पच्चीस साल पहले आपने जिस लड़के की पेइन्टिंग बनाई थी, वो मैं ही हूँ। पेइन्टर ने उससे कहा कि ऐसा कैसे हो गया ? उसने कहा –* ***मुझे ऐसा संग मिल गया, जिससे मैं ऐसा हो गया।***

*तो, आज* ***हम कितने भाग्यशाली हैं कि भगवान को अखंड धारे हुए साक्षात् गुणातीत संत हरिप्रसादस्वामी महाराज का संग मिला।*** *इनके हम दर्शन कर पाते हैं। इससे भी अधिक, इनकी प्रसन्नता वाले संतों का हमें संग मिला है और उससे अधिक ऐसे मुक्तों का संग मिला है।* ***हम पर कोई नेगेटिव बात असर ही नहीं कर सकती...***

***हम जो महोत्सव मना रहे हैं, उसकी वाईब्रेशन्स पूरे वड़ोदरा शहर में क्या, पूरी दुनिया में फैलने वाली है।***

*गुरुहरि काकाजी महाराज स्वामिनारायण मंत्र का बहुत जाप कराते थे।*

***प.पू. हरिप्रसादस्वामीजी*** *ऐसा कहते हैं –*

***पूरे स्वामिनारायण संप्रदाय में अगर किसी ने सबसे अधिक भजन किया है, तो वो केवल दादुभाई नाथाभाई पटेल – यानि काकाजी ने !***

*काकाजी के स्थान ताड़देव में बहुत भजन हुआ है। ताड़देव में जब रिनोवेशन चल रहा था और प्लास्टर वगैरह भी उतार दिया था, तो एक मुक्त ने कहा कि ये जो सारी मिट्टी है, उसे पवई में जो मंदिर बन रहा है, उसमें रखो। क्योंकि यहाँ जो इतना भजन हुआ है, उसकी सारी वाईब्रेशन्स इसमें होंगी ही...*

***स्वामीजी*** *ने कल कहा कि यहाँ जो भी आए हैं, उन्हें अंत समय में महाराज और मैं लेने आने वाले हैं। कितनी बड़ी बात स्वामीजी ने कही... स्वामीजी हमेशा कहते हैं कि हठ, मान, ईर्ष्या हमारे जीव का दुश्मन है। उसे निकालने के लिए संप, सुहृद्‌भाव, एकता की वे बात करते हैं। तो, इस प्रकार हम जीवन जिएँ और सच्चे अर्थ में सभी गुणातीत स्वरूपों को राज़ी करें और उसके लिए हर रोज़ स्वाध्याय-भजन, नियमित रूप से करें–यही प्रार्थना।*

तत्पश्चात् **प.पू. निर्मलस्वामीजी** ने आशीर्वचन देते हुए कहा–

*...स्वामीजी एक चरित्रवान-शीलवान साधु हैं। स्वामीजी के पास जब जाते हैं, तो एक शील चरित्र की सुगंध आती है...*

*स्वामीजी जब साधु नहीं हुए थे, तब* ***योगीजी महाराज*** *ने हमें आज्ञा की थी–*

*प्रभुदासभाई* ***(स्वामीजी) का संग करना।***

*उनके साथ* ***जीव जोड़ना।***

*उनके पास* ***निष्कपट होना।***

*मैंने बापा से पूछा – उनके पास निष्कपट क्यों होना ?*

*बापा ने कहा –* ***सौ जन्म में निष्कामी होने वाले होंगे, तो इसी जन्म में निष्कामी बन जाओगे !***

***शरदपूर्णिमा के दिन*** *जब* ***योगीजी महाराज ने स्वामीजी को दीक्षा दी, तब उन्होंने कहा था –***

*मेरा काम हल्का हो गया। हरिप्रसादस्वामी मेरा काम संभाल लेंगे। वे तो हमारे अनादि के संत हैं। वर्षों से हमारे पास रह रहे हैं और हम उन्हें समझते हैं। तुम उन्हें पहचान कर उनका सेवन करना।*

*आज हम यह दर्शन कर रहे हैं... स्वामीजी को दीक्षा देते हुए योगीजी महाराज शरदपूर्णिमा के दिन बोले थे – ये हरिप्रसादस्वामी के पीछे लाखों लोग तो घूमेंगे ही, पर स्वामिनारायण भगवान का ऐश्वर्य उनके द्वारा प्रकाशित होगा।*

***योगीजी महाराज के प्रति हमें जो श्रद्धा थी, उनका हमें जो दर्शन होता था, वो ही दर्शन हमें स्वामीजी में होता है ; इसमें रोम मात्र का भी फ़र्क़ नहीं। वही सुख - आशीर्वाद स्वामीजी दे रहे हैं।*** *सो, एक निष्ठा पक्की करना। तो और कोई हमें प्रभावित नहीं कर पाएगा...*

*इस उत्सव के फलस्वरूप सभी सर्व प्रकार से संपन्न होने वाले हैं। लेकिन निष्ठा जल्दी दृढ़ नहीं होती।*

*तो, संकल्प करना कि हमें ऐसी भक्ति करनी है। हमें 'दास का दास' होना है...*

*इस संत को हृदय में रखेंगे, तो कभी किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होगी।*

*तुम्हारा व्यवहार स्वामीजी चलाते हैं...*

*इस सभा में कोई सामान्य मनुष्य नहीं बैठा, सब* ***'ब्रह्म की मूर्ति'*** *हैं।*

*यह सभा अक्षरधाम की है। इसलिए अक्षरमुक्त यहाँ बैठे हैं...*

*संत श्रेयकारी पुरुष हैं। सभी का श्रेय करने वाले हैं...*

***जो संत धरती पर कहीं - किसी को नहीं मिले, वे मुझे और तुम्हें मिले हैं...***

यूँ, प.पू. निर्मलस्वामीजी के आशीर्वचन के बाद, **गुजरात राज्य के ऊर्जामंत्री श्री सौरभभाई पटेल** ने सभा को संबोधित किया और प.पू. प्रेमस्वामीजी ने शाल एवं स्मृति भेंट से उनका स्वागत किया। मुक्तों के स्वानुभवों के बाद मुंबई के भुलकों ने **'है हम सहजानंदी युवान...'** भक्तिनृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् **प.पू. स्वामीजी** ने गद्‌गद् हृदय से **आशिष वर्षा** की –

*अक्षरधाम में विराजमान शास्त्रीजी महाराज एवं योगीजी महाराज, भगवान स्वामिनारायण और गुणातीतानंदस्वामीजी से तुम सभी बेटों - बेटियों के लिए आशीर्वाद माँग रहे होंगे। हे महाराज, हे स्वामी, हे भगतजी महाराज, हे जागास्वामीजी, हे शास्त्री महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी - पप्पाजी हमें ऐसा बुद्धियोग देना, जिसके फलस्वरूप हम* ***'दास का दास'*** *होकर जिएँ।*

*हमारे भीतर में एक ही संकल्प है कि किसी भी प्रकार, किसी भी संजोग में केवल 'तू ही - तू ही' पुकार करते हुए आपका संदेश व्यापक बनाने निमित्त बनें।*

*किसी भी प्रकार* ***शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज*** *का परिश्रम सफल करना है। उन्होंने सनातन* ***'युगल उपासना'*** *के लिए अथक् परिश्रम किया है, तो उनके अंतर में शांति देने के लिए हम सभी को संकल्प करना है कि प्रभु हमें ऐसा बल देना कि हम सुहृद् और भक्तिपूर्ण हृदय से जिएँ।*

*शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज ने संप, सुहृद्भाव, एकता के अमूल्य संदेश को व्यापक बनाने के लिए परिश्रम किया। उन्होंने लहू का पानी किया है।*

*हम सबका परम पवित्र फर्ज़ यही है कि किसी भी प्रकार, किसी भी संजोग में उनके हृदय में ठंडक कर देनी है। तो, हे युवकों–*

*हमें बस 'दास का दास' होना ही है, है, है।*

*अभ्यास में कमी आने नहीं देनी है, है, है।*

*हमारे माता-पिता को परम शांति हो और परिवार में आनंद प्रवर्ते, ऐसी भावना से जीना है। ऐसी उमंग हमेशा रहे, इस हेतु तुम ऐसी सुरुचि रखना कि अगले वर्ष इससे डेढ़ गुनी संख्या में हम सब एकत्रित हों। हे महाराज, हमें ऐसा बुद्धियोग देना कि हमारा उत्साह बरक़रार रहे।*

हरिभक्तों द्वारा प.पू. स्वामीजी को हार एवं स्मृति भेंट अर्पण के बाद, युवा **वैष्णव आचार्य गोस्वामी 108 प.पू. श्री द्वारकेशलालजी महाराज** एवं **संतवर्य विश्ववल्लभस्वामीजी** ने आशिष दी और अंत में **प.पू. दिनकर अंकल** ने आशीर्वाद दिया–

*...हम सब यहाँ एक हेतु से आए हैं। हरिप्रसादस्वामी महाराज के अंदर विराजमान महाराज को राज़ी करने के लिए आए हैं। हम सबकी पद्धति-भावना अलग होगी, लेकिन यहाँ से एक बात भी समझ कर जाएँ, तो स्वामीजी खूब राज़ी होंगे। एक प्रसंग बताता हूँ–*

*वर्षों पहले जूनागढ़ में भगतजी महाराज, जागास्वामी और कृष्णजी अदा गुणातीतानंदस्वामी का खूब भाव से सेवन करते थे। भगतजी महाराज गुणातीतानंदस्वामी के साथ ऐसे तन्मय हो गए थे कि जैसे गिरनार का सेवन जो करता है, उसके सारे अवयव बदलते जाते हैं, ऐसे ही भगतजी महाराज 'गुणातीत स्वरूप' हो गए थे।*

*एक बार गुणातीतानंदस्वामी के मुख्य शिष्यों में से एक* ***बालमुकुंदानंदस्वामी*** *से स्वामी ने कहा–जाओ, भगतजी महाराज को बुला कर लाओ। भगतजी महाराज दूसरे कमरे में थोड़ा आराम कर रहे थे। बालमुकुंदानंदस्वामी वहाँ गए तो भगतजी महाराज खर्राटे ले रहे थे। लेकिन, आज्ञा का पालन करते हुए बालमुकुंदानंदस्वामी ने आवाज़ दी–भगतजी, ओ! भगतजी... लेकिन, कोई उत्तर नहीं मिला।*

*बालमुकुंदानंदस्वामी लौट कर स्वामी के पास आए, तो स्वामीजी ने पूछा कि क्यों भगतजी नहीं आए ?*

*उन्होंने कहा–स्वामी, वे बहुत थके हुए हैं और गहरी नींद में खर्राटे ले रहे हैं।*

*स्वामी ने पूछा–आपने क्या कह कर बुलाया था ?*

*उन्होंने बताया–भगतजी, ओ! भगतजी...*

*गुणातीतानंदस्वामीजी हँसे और कहा कि दोबारा जाओ और कहो–हे गुणातीतानंदस्वामी, उठो।*

यह सुन कर बालमुकुंदानंदस्वामी को आश्चर्य हुआ। पर, इस आज्ञा द्वारा स्वामी क्या समझाना चाहते थे, वह उन्हें समझना था।

सो, बालमुकुंदानंदस्वामी ने जाकर जैसे ही कहा–हे गुणातीतानंदस्वामी !

तो, भगतजी महाराज तुरंत जाग गए और बोले–क्या काम है ?

यह देख कर बालमुकुंदानंदस्वामी को आश्चर्य हुआ।

**'गुणातीतभाव' को प्राप्त किए हुए ऐसे भगतजी महाराज, जागास्वामी, अदाश्री, काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामी, प्रमुखस्वामी, महंतस्वामी, साहेब दादा, अक्षरविहारीस्वामीजी, गुरुजी और ये सभी ऐसे गुणातीतस्वरूप के तद्वद्भाव को पाए हुए हैं।**

मैं सबसे प्रश्न पूछता हूँ कि किस-किस युवा ने योगीजी महाराज का दर्शन किया है ? लगभग एक प्रतिशत भी हाथ ऊँचा दिखाई नहीं दे रहा। मैंने जो यह बात की, वह पानी में गई। **इतने वर्षों से हरिप्रसादस्वामीजी योगीजी महाराज के इतने गुणगान गाते हैं, बापा का स्वरूप बने हैं, तो हमें हरिप्रसादस्वामी नहीं, उनमें योगीजी महाराज का दर्शन होना चाहिए...** यह समझ जब तक पक्की नहीं करेंगे, तब तक हमारा मन हमारे साथ खेल खेलेगा। लेकिन, स्वामी जब बापा के रूप होकर बापा का दर्शन कराते हैं, तो वही बापा का दर्शन हमें स्वामी में होना चाहिए।

अब दूसरी बात कहता हूँ।

हम सभी **यदि प्रेमस्वामी, शास्त्रीस्वामी, दासस्वामी, त्यागवल्लभस्वामी, भक्तिवल्लभस्वामी, सर्वमंगलस्वामी, गुरुप्रसादस्वामी जैसे सभी में हरिप्रसादस्वामीजी का दर्शन करेंगे, तो स्वामीजी बहुत राज़ी होंगे।** बस, यही करने के लिए सारा उद्यम है। **यह करने के लिए हमें हमारी दृष्टि बदलनी है। यह करने के लिए हमें अंदर भजन ज़ारी रखना है।**

काकाजी ने फोर पोइन्ट प्रोग्राम दिया हुआ है। गीताजी में अट्ठारह अध्याय है। **काकाजी ने 19वाँ अध्याय – 'स्वरूपयोग' दिया है। यह सभी योगों का राजा है।** हमें जो स्वरूप मिला है, जिनमें अक्षरपुरुषोत्तम महाराज विराजमान हैं, उस स्वरूप का ही गुणगान, महिमा, बातें स्वप्न-सुषुप्ति में यदि करने लग पड़ें, तो 'स्वरूपयोग' बहुत हो जाए। **ताड़देव से कोई मुक्त किसी दूसरे मंडल में जाता, तो उससे पूछा जाता कि तुम 'स्वरूपयोग' करते हो ? यदि वह 'हाँ' कहता है, तो पक्का कि वो ताड़देव का है।** हमें स्वरूप को सच में धार कर जीना है।

**दूसरा है–सत्कर्म !** हमें हर रोज़ लॉटरी के रूप में एक सत्कर्म करना है। इसकी चार शर्तें हैं–

1. हम में कोई कार्य-कौशल्य होना चाहिए।
2. उस कार्य-कुशलता की किसी को ज़रूरत हो।
3. कोई भी अपेक्षा बिना वह सेवा करनी है।
4. मनमुखी नहीं, बल्कि भगवान और संत की आज्ञा से सत्कर्म करना है।

*इन चारों चीज़ों में यदि 'हाँ' हो, तो वह **सत्कर्म लॉटरी वाला** होता है। काकाजी कहते थे कि रोज़ एक सत्कर्म करना।*

***तीसरी बात सत्शास्त्र का वांचन करना।** स्वामीजी, साहेब दादा ने हमें वचनामृत, शिक्षापत्री, पुरुषोत्तम बोल्या प्रीते, स्वामी की बातें जैसे कई सत्शास्त्रों का लाभ दिया है। शास्त्रों को भी यदि सत्पुरुष को आगे रख कर पढ़ेंगे, तो वे हमें समझ आएँगे। कल **गुरुजी - मुकुंदजीवनस्वामीजी** ने एक अच्छी सूझ दी। हमें एक वचनामृत क्रमशः रोज़ पढ़ना चाहिए, लेकिन जो वचनामृत पसंद हो वो भी पढ़ना ही चाहिए। मुझे कई वचनामृत प्र. 24, 76, मध्य 25, 33 अत्यं 2, 5, 11, 26 खूब पसंद हैं। इन सबको मैं रोज़ प्रार्थना के साथ पढ़ता हूँ कि हे प्रभु ! आपने जो ये अमृत वाणी बहाई है वो समझने में थोड़ी कठिन है, लेकिन इन गुणातीत पुरुषों के आशीर्वाद से थोड़ा अमृत हम में आ जाए, तो बहुत लाभ हो जाए। गुरुजी ने जो कहा कि अपनी पसंद के वचनामृत के साथ-साथ हर रोज़ एक और वचनामृत पढ़ना, उसमें से हमें बहुत सीखने को मिलेगा। और... प्रार्थना करनी है कि महाराज को हम से जो कराना है, वे कराएँ। वर्ना, हमारे भीतर समाई सूक्ष्म ईर्ष्या हमारे साथ खेल जाएगी।*

*काकाजी ने **चौथी बात** बहुत महत्वपूर्ण कही है और वह है **'प्रायश्चित् रूप प्रार्थना !'** काकाजी इसे एडवान्स प्रेयर कहते थे। आने वाले दिन में प्रभु मुझसे कोई भूल न हो, इस हेतु मैं पहली रात से ही प्रार्थना करता हूँ। काकाजी कहते कि **आठ घंटे पहले प्रार्थना करके सोओगे और सुबह उठते ही उनका स्मरण करोगे,** तो वो आठ या छः घंटे तुम्हारी नींद नहीं कही जाएगी, बल्कि वो 'समाधि' है। यूँ आठ घंटे की रोज़ समाधि है। पर हम मानते हैं क्या ? यह समझ पक्की करनी है। काकाजी कहते थे कि ये प्रार्थना हमारी भूल नहीं होने देगी। आज स्वामीजी के चरणों में अंतर से प्रार्थना है कि **हम सिंह के बच्चे सिंह हैं, तो जैसे आपको बापा की स्मृतियाँ ईदम् हैं, वैसे हम करें और सही अर्थ में भुलका – दास का दास बन कर रहें...***

तत्पश्चात् महानुभावों को शाल-स्मृति भेंट अर्पण करी, और... इस सत्र का समापन हुआ।

**सायं** के सत्र में संतों-मुक्तों ने अपने अनुभवों द्वारा प.पू. स्वामीजी की कृपा-करुणा का दर्शन कराया। अक्षरनिवासी पू. डॉ. पंकज नरम के **सुपुत्र पू. कृष्ण नरम** ने अध्यात्म रीति से जादूगरी प्रस्तुत की। तत्पश्चात् युवकों ने **'तू कर्ता-हर्ता, तू मंगलकारी...'** भक्तिनृत्य प्रस्तुत करके भक्ति अदा की। हरिद्वार के हरिहर आश्रम के **प.पू. अवधेशानंदगिरिजी,** वडोदरा श्री व्रजराज संकुल के **प.पू. गोस्वामी श्री व्रजराजकुमारजी महोदयश्री** एवं **गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रुपाणी** ने सभा को संबोधित किया और... इन महानुभावों को स्मृति भेंट द्वारा सम्मानित करके इस सत्र का समापन हुआ।

**5 फरवरी** की सुबह नौ बजे भजन के नाद से **'पूर्णाहुति सत्र'** का प्रारंभ हुआ। संतों एवं मुक्तों ने प.पू. स्वामीजी द्वारा उनके जीवन में किए परिवर्तनों से सबको अवगत कराया और... फिर, गजानंद पर विराजमान प.पू. स्वामीजी ने सभा मंडप में प्रवेश किया। खूब हर्षोल्लास से युवकों ने **'हे सुहृद्भाव केरा महासागर...'** भक्ति नृत्य से पंडाल को रोमांचक बनाया। तत्पश्चात् **प.पू. स्वामीजी** ने आशीर्दान दिया–

*भगवान स्वामिनारायण को कोटि धन्यवाद कि अपनी परंपरा को जीवंत रख कर उन्होंने हम पर उपकार किया है।*

*सभी गुणातीत स्वरूप 'दास का दास' होकर जी गए हैं। इसी प्रकार समग्र समाज के मुक्तों को एक ही संकल्प करना है कि किसी भी तरह, किसी भी संजोगों में दासत्व से-ब्रह्मभाव से भजन करते हुए जीवन व्यतीत करना है। इसके सिवा प्रभु हमसे अन्य कोई अपेक्षा नहीं रखते।*

***'दास का दास' होकर रहेगा जो सत्संग में, भक्ति उसकी नेक जानूँ मैं, नाचूँगा उसकी ताल में–***

*ऐसा अद्भुत सूत्र दे दिया, इसे पकड़ कर हमें एक रुचि, एक दिल से दास होकर, गरीब होकर वर्तेने का प्रयत्न करना है।*

***'निजात्मानं ब्रह्मरूपम्...'*** *श्लोक को ध्यान में रख कर जीवन बिताना है।*

*आप सबका दर्शन करके खूब आनंद हुआ। सबकी उमंग, भावना, भक्ति, सरलता बढ़ती ही जाए।*

***किसी भी एक सूत्र को निरंतर याद रख कर संकल्प करना।***

***फलस्वरूप भगवान स्वामिनारायण हमारे अपने हो जाएँ...*** *सभी स्वरूपों से प्रार्थना करना कि हमें ब्रह्मभाव से भजन करना सिखाना, ताकि हमारी जिंदगी सर्व प्रकार से सफल हो–यही प्रार्थना...*

कुछ महानुभावों के उद्गार के बाद पूर्णाहुति सत्र के अंत में **संतभगवंत प.पू. साहेबजी** ने आशीष वर्षा की–

***...छः-छः घंटे से सारे युवा उत्साह व आनंद से यहाँ पंडाल में बैठे हैं, यह सच में स्वामीजी का प्रताप है...***

*इस युवा महोत्सव में जो-जो महानुभाव आए, उनके हृदय में अनंत गुनी महिमा बढ़ गई। सबको सच में अभिनंदन।* ***60–70 वर्ष तपस्या करके, स्वामीजी ने प्रेमस्वामी जैसे संतों की मंडली तैयार करी, जिसके द्वारा विश्वभर में लाखों युवाओं का अद्भुत समाज तैयार हुआ है।*** *संतों व युवाओं को खूब-खूब अभिनंदन जिन्होंने इतने शिस्तबद्ध, व्यवस्थित रीत व उमंग से इस महोत्सव का आयोजन किया। सभी का परिश्रम देख कर स्वामीजी के हृदय में चार दिन से इतना भाव उमड़ा है कि मानो मैं इन बालकों को क्या दे दूँ! यही हमारे लिए सबसे बड़ी फलश्रुति है। स्वामीजी की प्रसन्नता ही हमारा जीवन है, इनके 3 सूत्र हैं–*

***1. 'दास का दास' होकर रहना।***

***2. मैं जो कुछ भी हूँ, आपके कारण ही हूँ।***

***3. प्रभु ! आप राज़ी हों।***

*बस* ***इन सूत्रों को जीवन के एक्शन में लाना है...***

*त्यागवल्लभस्वामी ने मेरे बारे कहा कि साहेब ने योगीबापा की आज्ञा संपूर्ण रीति से पाली। तो, निष्कपटभाव से कहता हूँ कि योगीजी महाराज ने मुझे तिलक चाँदला करके गुरुसभा में बात करने की सबसे पहली आज्ञा करी थी, पर मैं खुद बहुत हैज़िटेट हो रहा था कि उनकी आज्ञा का कैसे पालन करूँगा।* ***बापा की कृपा थी, तो मुझे काकाजी, पप्पाजी, स्वामीजी के प्रति पहले से ही गुरु का भाव हुआ। स्वामीजी से इतना अधिक प्रेम कि उनकी कथा सुनने में मुझे बहुत आनंद आता।***

*सन् 1957 में हरिप्रसादस्वामीजी ने मुझसे कहा कि योगी बापा यदि आज्ञा करें, तो उसका पालन करने की रुचि रखना। इससे तुझे ही फ़ायदा होगा। यदि तुम आज्ञा का पालन नहीं कर पाओ, तो ये मत सोचना कि बापा का कार्य अधूरा रहेगा। अन्य किसी से वे करवा लेंगे। और... आज्ञा पालन करने वाले को तो स्वामी की प्रसन्नता प्राप्त हो*

जाएगी और उसका जीवन धन्य हो जाएगा। हरिप्रसादस्वामी के प्रति लगाव के कारण मैं आज्ञा पालने में समर्थ बना। वास्तव में 'दास का दास' होकर रहना आसान नहीं है, कठिन बात है। पर, **यदि माहात्म्य समझ में आ जाए तो 'दास का दास' बनना सरल** है। **माहात्म्य समझने के लिए** गुणातीतानंदस्वामीजी ने पहले प्रकरण की प्रथम बात में कहा है कि – **भगवदी का जोग रखना**!

आप सब बहुत नसीबदार हैं कि आपको कितने सारे संतों के जोग में रखा है, जिनके कारण हम में माहात्म्य उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा है।

योगी बापा ने एक बार ऐसा कहा था कि – वर्तमान समय में इतने मुक्त प्रगट हुए हैं कि एक-एक ब्रह्मांड को लेकर उड़ सकते हैं; परंतु उनका यह सामर्थ्य दबा कर रखा है।

तब एक भक्त ने पूछा कि क्यों दबा कर रखा है ?

बापा ने उत्तर दिया – उनकी छोटी-छोटी कसर टालने के लिए।

बापा से पूछा – कैसी छोटी - छोटी कसर ?

बापा ने बताया – **माहात्म्य समझने की कसर !**

अगर माहात्म्य समझ में आएगा तो दोष नहीं दिखेंगे, दोष नहीं दिखेंगे तो आनंदपूर्वक सेवा होगी। फलस्वरुप हम अपने आप **'दास के दास'** बनेंगे...

बापा जब भी आणंद आते थे, तो अचूक **वड़ताल मंदिर** दर्शन करने जाते थे। हरिकृष्ण महाराज की मूर्ति के समक्ष खड़े होकर सभी भक्तों के लिए संकल्प करके धुन कराते थे। फिर प्रसादी के स्थानों का दर्शन करने के पश्चात् जिस नीम के वृक्ष के नीचे बैठ कर भगवान स्वामिनारायण बातें करते थे, उस वृक्ष की परिक्रमा करके उस पर माथा टेकते थे। माधवचरणस्वामी तब बापा की सेवा में थे। पू. महापुरुषस्वामीजी (पू. दासस्वामीजी के ज्येष्ठ भ्राता) को तब माइग्रेन पेइन कॉनस्टन्ट रहता था। माधवचरणस्वामी ने बापा से कहा कि महापुरुषस्वामी के सिर में हमेशा दर्द रहता है, तो आशीर्वाद दो। बापा ने तभी महापुरुषस्वामी का सिर नीम के वृक्ष से लगाया और कहा –

**जाओ, महाराज तुम्हें अच्छा कर देंगे !** फिर बापा ने नीम के पत्ते तुड़वाए और सबको दो-दो पत्ते खाने की आज्ञा देते हुए प्रसाद दिया। हम सब जानते हैं कि नीम का पत्ता कितना कड़वा होता है। पर, बापा की प्रसादी समझ कर खा लिया। फिर बापा ने समझाया –

इस नीम के वृक्ष के नीचे भगवान स्वामिनारायण कितने लंबे समय तक बैठे थे। वह महिमा समझ कर सभी भक्त इसकी परिक्रमा करते हैं, शीश नमाते हैं, वृक्ष की छाल को घीस कर उसका पानी पीते हैं और उसके कड़वे पत्ते भी प्रसाद समझ कर महिमा से खाते हैं। पर, अब तक इस वृक्ष की कड़वाहट बरकरार है। तब भी सबको उसकी उतनी ही महिमा है। जबकि संबंध वाले भक्त तो दिन - रात सेवा करते हैं, नमन व दंड़वत् करते हैं; तो इस वृक्ष के मुक़ाबले वे कितने बड़े हैं ? फिर भी उनके प्रति महिमा नहीं रहती। **यदि भक्तों की महिमा समझेंगे तो किसी का दोष नहीं दिखेगा, यदि दोष नहीं दिखेगा तो भक्तों के दास बन कर, उनकी सेवा करने व साथ रहने में अद्भुत आनंद आएगा।**

स्वामीजी कितने गद्गद्भाव से कहते हैं – 'हे युवकों...!' बस वो ही सुनने जैसा है। हरिप्रसादस्वामीजी का जो

*ब्रह्मसूत्र है – 'दास का दास!' उसके लिए भगवान का बल लेकर प्रार्थना करनी है कि हमें केवल आपका होकर जीना है, आप राजी हों ! इस बात को जीवन का आधार बना लेना।*

*शिक्षापत्री व वचनामृत का सार एक वाक्य में आ गया – **केवल आप राज़ी हों!** कोई विचार आए तो भगवान राज़ी हों ऐसे विचार का स्वीकार करना। जिस विचार से स्वामीजी राज़ी न हों, उस विचार को धुन कर के वॉश आउट कर देना – धुन-प्रार्थना करके उसे सुधारना... **काकाजी कहते थे 'प्रायश्चित रूप' प्रार्थना करना।** तू राज़ी हो... इस सूत्र के प्रति रुचि रखेंगे, हमारा विचार, वाणी और वर्तन रहेगा तो **'दास के दास'** होकर रह पाएँगे और उसी में आनंद है। गुणातीत अवस्था में यदि हाईएस्ट स्टेट कही जाए तो वह है – **'साधुता!'** साधुता यानि गुणातीतभाव! **गुणातीतभाव में दासत्व सबसे श्रेष्ठ गुण है।***

*स्वामीजी की बदौलत हम सभी हैं, उन्हीं के कारण सब कुछ हो रहा है। स्वामीजी का दासभाव-रंकभाव देखो। उनके हृदय में अपने गुरु व ईष्टदेव को राज़ी करने का जो भाव है, उसे देख कर ऐसा लगता है कि **यदि सही मायने में भुलका का दर्शन करना हो, तो वो स्वामीजी के जीवन से ख्याल पड़ता है...** स्वामीजी ने तो हमारे लिए ही देह धारण किया है, उन्हें हमें सब कुछ देना है। तो, सतत उनका दर्शन, मनन, चिंतन किया करें। साथ में स्वामिनारायण मंत्र का जाप करते हुए संप, सुहृद्‌भाव एकता रख कर, मिलजुल कर भक्ति करें। ऐसी हमारी पात्रता हो ऐसे आशीर्वाद वे हम पर बरसाएँ। **स्वामीजी से प्रार्थना कि आपकी शताब्दी धूमधाम से मनाई जाए, तब तक आपकी देह निरामय रहे और ऐसे दर्शन देते रहें – ऐसी सब भुलकों की प्रार्थना।***

और... 'आत्मीय युवा महोत्सव' के जयनाद के साथ पूर्णाहुति हुई...

साथ ही साथ **'अनुपम मिशन'** – मोगरी में होने वाले **'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव'** का बिगुल ज़ोर-शोर से बज रहा था।

सो, चार दिन हरिधाम के संतों, युवकों, मुक्तों एवं बहनों की अद्‌भुत सेवा-भावना और महोत्सव की दिव्य स्मृतियाँ संजो कर सायं प.पू. गुरुजी सभी मुक्तों के साथ विद्यानगर के लिए रवाना हुए। रात को करीब 8:00 बजे **'प्रभुकृपा - गुणातीत ज्योत'** के प्रांगण में पहुँचे। ज्योत के मुख्य द्वार पर स्वागत हेतु स्वयं **प.पू. हंसा दीदी** हाज़िर ही थीं। प.पू. आनंदी दीदी तो खूब गद्‌गद् हो उठीं, क्योंकि उनके रूप में मानो स्वयं गुरुहरि पप्पाजी ही प्रत्यक्ष हाज़िर थे। 'प्रभुकृपा' में गुरुहरि पप्पाजी की मूर्ति एवं उनकी प्रासादिक वस्तुओं का दर्शन करके सब ज्योत में गए। वहाँ **प.पू. हंसा दीदी** की निश्रा में बहनों की छोटी-सी सभा का आयोजन था। सो, प.पू. गुरुजी कुछ सेवकों के साथ 'प्रभुकृपा' में साधक भाइयों के साथ गोष्ठि करने बैठे और अन्य सभी सभा का लाभ लेने के लिए 'पप्पाजी हॉल' में एकत्र हुए। पवई से **प.पू. भरतभाई, प.पू. माधुरी बहन** एवं मुक्तगण भी आ गए। सभा दौरान ख्याल आया कि इस साल **प.पू. आनंदी दीदी** ने **60वें वर्ष** में प्रवेश किया है, सो प.पू. हंसा दीदी की आज्ञा से गुणातीत ज्योत की बहनों ने उसकी मंगल शुरुआत की।

सहज ही **16 मार्च 1996** का शुभ दिन याद आया, जब **गुरुहरि पप्पाजी** की निश्रा में इसी परिसर में ही **प.पू. गुरुजी का हीरक प्राकट्‌यपर्व** सर्वप्रथम मनाया गया था। उस समय की सारी स्मृतियाँ इदम् हो गईं और मानो **गुरुहरि काकाजी** द्वारा दिए आशीर्वाद की प्रतीति हो गई –

## गुणातीत ज्योत–प.पू. हंसा दीदी की निश्रा में
## प.पू. दीदी के 'हीरक प्राकट्य वर्ष' का मंगल प्रारंभ...













गुरुजी के अंतर में जो माहात्म्य है, वो आंनदी दीदी को भी है...
– प.पू. हंसा दीदी







# आनंदी (पूजा) यानि मुकुंदजीवन !

स्वरूप बहनों द्वारा हार - पुष्प की प्रसादी प्राप्त करने के बाद **प.पू. दीदी** ने आशिष याचना की–

*बकु दीदी ने कहा – आनंदी आज की सभा में आशीर्वाद दे। पर, आज मेरे लिए तो आशीर्वाद लेने का दिन है। दिल्ली में काकाजी- गुरुजी के मुख से सभी स्वरुपों की महिमा सुनी है। इन्होंने जो जीवन जिया, जैसा वर्ते हैं उसे देखते हुए लगता है कि हमने तो कुछ किया ही नहीं है। मुझे लगता है कि **इनका संकल्प ही हम सब के जीवन में काम कर रहा है!***

*भगवान भजना क्या होता है, मुझे इसका ख्याल नहीं था। पर, ज्योति बहन, तारा बहन, हंसा दीदी, देवी बहन, जसु बहन, पदु बहन, प्रेम बहन और योगिनी बहन के जीवन का दर्शन करते-करते मुझे सत्संग में 40 साल हो गए हैं; वह देखते हुए अब भी ऐसा **लगता है** कि **'दिल्ली काफ़ी दूर है।'** इन स्वरुपों ने खूब परिश्रम किया है। इन गुणातीत पुरुषों का परिश्रम याद करके गुरुजी की आँखों में आँसू आ जाते हमने देखे हैं।*

*काकाजी और गुरुजी ने मेरे लिए बहुत गाली और अपमान सहा है। उस समय ये बातें समझ नहीं आती थीं, पर आज ख्याल पड़ता है कि **उनके बल से ही सब कुछ संभव हो पाया। हमारी तो ताक़त ही नहीं थी कि इस रास्ते चल पाएँ। गुरुजी ने हमें सामने से ग्रहण किया और उन्होंने ही हमारे हिस्से की साधना करी।** मैंने अपने जीवन में एक ही बात पकड़े रखी है कि गुरुजी में से जो कुछ भी आए, उसमें बुद्धि लगाए बिना **'हाँ'** करनी है।*

***इन गुणातीत स्वरुपों ने हमारे लिए संकल्प कर ही लिया है, तो वे ज़रूर पूर्णाहुति करवा कर ही छोड़ेंगे।***

*इस बात का मुझे पक्का विश्वास है। थोड़े दिन पहले सभा में गुरुजी, पप्पाजी का एक प्रसंग याद कर रहे थे कि जब गुरुजी साधु बनने जा रहे थे, तब ताड़देव से पप्पाजी गुरुजी के पूर्वाश्रम के घर के पाँच मंज़िल चढ़ कर गए और भोजन के पश्चात् दोबारा ताड़देव की चार मंज़िल चढ़े। हम सब जानते हैं कि पप्पाजी को हार्ट की तकलीफ़ थी। फिर भी शाम को गुरुजी को स्टेशन छोड़ने के लिए वे तैयार हो गए। तब किसी मुक्त ने पप्पाजी से कहा भी – आप दोपहर में ही तो मिलकर आए हैं, अभी नहीं जाओगे तो चलेगा।*

*तब **पप्पाजी** ने कहा– **मैं तो 'मेरे भतीजे' को छोड़ने जा रहा हूँ!***

***इस बात को याद करके गुरुजी की आँखों में अब भी आँसू आ जाते हैं।***

*गुरुजी बताते हैं कि जब **अक्षरविहारीस्वामीजी** साधु बनने जा रहे थे, तब पप्पाजी उन्हें छोड़ने के लिए नहीं गए थे। पर, मुझे छोड़ने के लिए पप्पाजी आए थे। **काकाजी, पप्पाजी, कांतिकाका, सोनाबा 'गुणातीत समाज' की नींव में हैं।** हमारे लिए उन्होंने रॉयल मार्ग तैयार किया है।*

***मुझे मेरा पूर्वाश्रम याद नहीं आता, बल्कि इतने सालों में काकाजी, पप्पाजी, ज्योति बहन, दीदी और देवी बहन ने जो लाड़ दिया है, उसी की स्मृति करती हूँ। इन स्वरुपों ने मेरा जगत चुट्कियों में छुड़वा दिया।***

*दीदी ! आपने अब तक मुझे प्यार से संभाला है। अब, काकाजी ने जिस हेतु मेरा चयन किया है, ऐसी मुझे घड़ देना- बना देना। इससे मुझे काकाजी, गुरुजी और आप सबकी प्रसन्नता मिल जाएगी।*

*अब थोड़ा भी टाईम वेस्ट करने जैसा नहीं है। ये प्रगट स्वरुप अक्षरधाम से हमारे लिए जो गठरियाँ लेकर आए हैं, वो खोलने के लिए वे तो तैयार बैठे ही हैं, पर अब उसे लेने की तैयारी हमारी होनी चाहिए। काकाजी ने 1984 में लोनावाला शिविर में मुझे 'आनंदी' नाम देते हुए कहा था – अभी* ***'आनंदी'*** *नाम देता हूँ, भगवा देने के समय* ***'सहजानंदी'*** *नाम देंगे। मुझे सहज ही* ***काकाजी की यह स्मृति*** *है कि अरे !* ***मेरा तो नाम ही 'आनंदी' है, मुझे उदासी - मायूसी में जाना ही नहीं है।***

*अब तक जो मिला है, वह केवल* ***कृपा, कृपा, कृपा*** *में हुआ है। आप सभी बड़ी बहनें मेरे लिए 'गुणातीत स्वरूप' हैं, मैं तो सेवक हूँ... आप लोगों ने हमें देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गुरुजी भी साधु की मर्यादा में रह कर अपना ख़ज़ाना लूटा ही रहे हैं, पर हम वह लेने के क़ाबिल बनें – ऐसे आप आशीर्वाद देना।*

तत्पश्चात् **प.पू. हंसा दीदी** ने साधकों को सचेत करते हुए आशीर्वाद दिया –

*2020 यानि विश - विश !* ***हमारे गुरुहरि को हमें जिस भूमिका में ले जाना है, वह उनकी 'विश' है।*** *फिर वो काकाजी, पप्पाजी, स्वामीजी, साहेबजी, गुरुजी हों, इन सबकी यह 'विश' है कि जिसने मेरा आसरा किया, उन्हें मुझ जैसा बनाना है। हम उनके भक्त हैं। तो,* ***हमारी 'विश' भी यही होनी चाहिए कि हम उनकी 'विश' पूरी करें।*** *हमारे जीवन का हेतु यही होना चाहिए कि वे राज़ी हों। उन्हें जो देना है, वो हम लें-ले और उसे आत्मसात् करके उसके मुताब़िक जी सकें। लेकिन, मिलने के बाद एक प्रकार का अभिनिवेश हो जाता है कि मेरी तो पूर्णाहुति हो गई ! कभी तो मन दिखा देता है कि – 'मैं कुछ हूँ।'* ***जब तक दिखावा करने का मन होता है, तब तक हम सत्पुरुष से बहुत दूर हैं।***

*हमने* ***पप्पाजी*** *को देखा है कि कैसे दासत्व से वे जिए हैं। उन्होंने कभी भी अपना अस्तित्व ज़ाहिर नहीं किया कि मैं कुछ हूँ। उन्होंने* ***अपने कार्य द्वारा अपना दर्शन कराया।*** *उनका कार्य क्या ? हम ही उनका कार्य हैं। कार्य से ही ख्याल पड़ता है कि किसने यह किया है ?* ***पप्पाजी*** *ने कहा था कि* ***'आचार को ही प्रचार करने दो।'*** *हम कहाँ प्रचार करते हैं ? हमारा एक - एक कदम प्रचार का कार्य करता है। हम अभी बने नहीं हैं, लेकिन ऐसा बनने की राह पर हैं। हम जो ऊपर बैठे हैं और आप - हम सभी एक समान ही हैं। फ़र्क़ केवल उम्र का है। सभी गुणातीत स्वरूपों – शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, बा का हमें जोग हुआ। बा ने तो कितनी हिम्मत की थी ?* ***महाराज के एक आदर्श कार्य के लिए अपनी दो जवान लड़कियाँ ज्योति - तारा को दो विवाहित जवान भाइयों काकाजी - पप्पाजी को सौंप दीं !*** *योगीजी महाराज का संकल्प था कि* ***वच. अत्यं 26 के मुताब़िक*** *जैसे भाई तैयार हों,* ***ऐसे ही बहनें भी तैयार हों।*** *महाराज का वचन है कि* ***साधु गुण युक्त बाइयों की सेवा बाइयों को करनी।*** *तो, साधु गुणों से युक्त बाइयाँ बननी चाहिए न ?* ***ऐसी बनाने वाले काकाजी - पप्पाजी हैं।*** *बा ने निःशेष समर्पण किया। इंद्रियों - अंतःकरण, मन – सर्व प्रकार से वो समर्पित हो गईं। उसी के फलस्वरूप आज एक समाज उदित हुआ है।*

*अभी जब 'आत्मीय युवा महोत्सव' की शुरुआत हुई, तो उस दिन मुझे बहुत आनंद हो रहा था कि* ***हरिप्रसादस्वामी, साहेब, गुरुजी, बा और बेन*** *जैसों को कितना भव्य और दिव्य कार्य करने की स्वतंत्रता मिली... स्वामीजी ने एक*

*भव्य समाज खड़ा कर दिया। साहेबजी ने भी एक उठाव लिया... 'श्रीजी कॉलोनी' – जहाँ साहेबजी एवं भाइयों रहते थे, वहाँ जाकर काका, पप्पा, और बा ने 26 जनवरी 1966 गुरुवार, पौषी पूर्णिमा के दिन 'कर्मयोगी' दीक्षा दी। अबकी बार 10 जनवरी को पौषी पूर्णिमा है जिस दिन साहेबजी का प्राकट्य दिन मनाने वाले हैं। भगवा कपड़े वाले संत तो थे, लेकिन भाइयों का यह नूतन कार्य हुआ... ये व्रतधारी भाई भी संतों जैसे नियम पालते हैं।*

*साहेब वगैरह जब जवान थे, तो पप्पाजी ने कहा कि आप लोग काम करो। हमें समाज के लिए बोझरूप नहीं बनना है। **'त्यागी'** समाज के लिए बोझरूप होता है, लेकिन तुम **'कर्मयोगी साधु'** बनो। यह बात उन्होंने शिरोमान्य की और 'बा-बेन गम इन्स्ट्रीज़' का उद्गम हुआ। योगीबापा ने अपने इस कार्य के लिए हमें अलग नहीं किया होता, तो अभी हम संस्था के उत्सव तो देखते ही हैं। एक स्वरूप ही ऊपर बैठते हैं, बाकी सभी नीचे होते हैं। **योगीजी महाराज** ने कहा था – **तुम साधु बन जाओ, चालीस शास्त्रीजी महाराज जैसे बनाने हैं।** शास्त्रीजी महाराज जैसे यानि ? यहाँ पर आज यह कार्य दिखाई देता है।*

*ये गुरुजी के साथ मेरा मित्रता का संबंध है। वे बहुत तूफानी थे... काकाजी जब हाज़िर होते तो पप्पाजी ज़्यादा बोलते नहीं थे। काकाजी तो अकसर बापा के साथ विचरण में रहते थे। पप्पाजी तब ताड़देव में सोफे पर बैठते थे। एक बार तो गुरुजी (दिलीपभाई) ने पप्पाजी से कह दिया – बाबुकाका, आप मुझे पसंद नहीं आते। तब **पप्पाजी ने कहा – भले ही मैं तुझे नहीं पसंद आता, लेकिन तू मुझे पसंद है।** विचार करें कि जब हम उन्हें पसंद हैं, तो वे हमें कैसा बनाएँगे ! और... गुरुजी को पप्पाजी जँच गए इतना ही नहीं – उनका बड़प्पन स्वीकारा।*

***आज काकाजी व पप्पाजी दोनों को यदि किसी ने जीवंत रखा है, तो वो गुरुजी ने रखा है।***

*गुरुजी के अंतर में जो माहात्म्य है, वो आनंदी दीदी को भी है... मुझे पता है – आनंदी को घरवालों ने खूब परेशान किया था। घसीटते हुए स्कूटर पर ले गए थे...*

*देखो, हम से व्रत-उपवास वगैरह कराया क्या ? पर, यह एक ही साधन आनंदी से करवाया और... अब तो कुछ है ही नहीं और इसी ने बताया कि वह सब याद भी नहीं है। ये केवल जीवनचरित्र लिखा जाए तो उसमें उल्लेख हो, पर क्या उस समय इसे दुःख लगता था ? यदि दुःख लगता, तो छोड़ देती। पर, उस दुःख में सुख दिखाई देता था... उस समय ऑपरेशन चल रहा था; लेकिन गुरुजी रूपी क्लोरोफार्म मिला था कि गुरुजी के पास जाना है, उनके लिए सब करना है... आज तो माँ-बाप भी उसे पूछते हो गए होंगे। इस तरह भूतकाल बीत गया, बस अब तो गुरुजी ने मेरे सामने देखा, काकाजी ने मेरा नाम रखा... बस ऐसी दिव्य स्मृतियाँ इस साल हम सभी को करनी है। भूतकाल में जो भी मान-अपमान हुआ या जो भी दुःख मिला, वह याद ही नहीं करना। वह सब खत्म हो गया। 2019 की साल गई, अब हमारे भगवान और गुरु की 'विश' (मरज़ी) ही हमारा जीवन है। यही साकार करना है। हम सभी को यह साकार करने का बल प्राप्त हो, यही सभी प्रत्यक्ष स्वरूपों से प्रार्थना।*

**गुणातीत ज्योत** में बहनों द्वारा भावपूर्ण हृदय से तैयार की गई 'बादशाही खिचड़ी' का प्रसाद लेकर, सभी अनुपम मिशन द्वारा संचालित **'विट्ठलभाई अंबालाल मुंशी'** नॅचर क्योर गए। यहाँ **पू. जीतूभाई पोपट** एवं उनकी धर्मपत्नी **पू. ज्योति बहन** की निगरानी में दिल्ली के सभी मुक्तों के ठहरने की बहुत सुंदर सुविधा की गई थी।

## 7-10 जनवरी–'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा' महोत्सव का मंगल आरंभ...







## 'हृदयकुंज' का उद्घाटन...





## ‘तीरथ’ का उद्घाटन...





## ब्रह्मस्वरूप काकाजी एवं ब्रह्मस्वरूपीणी बा के समाधि स्थल का उद्घाटन...







## ‘नवधा भक्ति’ नृत्य द्वारा श्री ठाकुरजी के प्रति कृतज्ञता...











**'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव' माहात्म्यदर्शन सभा...**



## वल्लभ विद्यानगर के 'युनिवर्सीटी हॉस्टेल' से अनुपम मिशन - मोगरी तक शोभायात्रा...


मूर्तिप्रतिष्ठा निमित्त यज्ञ...















# नवनिर्मित मंदिर में मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा...











## 10 जनवरी– पौषीपूर्णिमा
## मूल अक्षरमूर्ति श्री गुणातीतानंदस्वामीजी के दीक्षा दिन पर
## संतभगवंत साहेबजी के 80वें प्राकट्योत्सव की सभा...








## ‘सेवक साधु’ दीक्षा प्राप्त करते मुमुक्षु...









# 7 से 10 जनवरी

# अनुपम मिशन-मोगरी में 'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव...'

**6 जनवरी** की सुबह **एकादशी** के मंगलकारी दिन अनुपम मिशन के 'पारमिता' मंदिर में छोटी-सी सभा का आयोजन था, जिसमें **संतभगवंत प.पू. साहेबजी, प.पू. गुरुजी, प.पू. अश्विनभाई** एवं **प.पू. शांतिभाई** की निश्रा में गृहस्थ भाइयों को सेवक की दीक्षा देने वाले थे। पिछले कई वर्षों से अनुपम मिशन से जुड़े रह कर, गृहस्थाश्रम में भी प्रभु प्रसन्नार्थे वे जीवन जी रहे हैं।

मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा का ऐसा अविस्मरणीय अवसर था, तो सहज ही प.पू. गुरुजी को प्रेरणा हुई कि वर्षों से दिल्ली मंदिर की सेवा में रत **पू. राकेशभाई शाह** एवं **पू. पुनीत मल्होत्रा** भी गृहस्थ में रहते हुए, एकमात्र प्रभु को राज़ी करने हेतु ही जीवन जी रहे हैं, तो क्यों न वे नींव के पुरुषों के वरद् हस्तों से विधिवत् रीति से **'समर्पित सेवक'** की दीक्षा ले लें।

इसी प्रकार, मुंबई में रहते पू. अनिलभाई माणेक के सुपुत्र **पू. मिलन माणेक** जिन्होंने तकरीबन पाँच साल तक दिल्ली मंदिर में लगातार रह कर, पू. अनिलजी एवं पू. आशिष के साथ मिल कर मंदिर के कन्स्ट्रक्शन की सेवा की, उन्होंने प.पू. गुरुजी से दीक्षा लेने की प्रार्थना की। अतः वे भी अनमोल मौका लूटने में अपना नंबर लगा गए।

यूँ, दिल्ली मंदिर से जुड़े तीन सेवक भी मंदिर का 'स्टाफ' बन कर 'समर्पित सेवक' की दीक्षा लेने के लिए तत्पर थे।

नवदीक्षितों की दीक्षाविधि के पश्चात् इस घर-घर की सभा में **संतभगवंत साहेबजी, प.पू. गुरुजी, प.पू. अश्विनभाई** एवं **प.पू. शांतिभाई** ने आशीर्वाद दिया...

## संत भगवंत साहेबजी

*स्वामिनारायण भगवान का संकल्प अद्‌भुत रीति से सतत कार्य कर रहा है। पिछले महीने वड़ताल मंदिर में **'वचनामृत द्विशताब्दी'** का उत्सव लांखों हरिभक्तों ने धूमधाम से मनाया। चार दिन वडोदरा में हरिप्रसादस्वामीजी का **'आत्मीय युवा महोत्सव'** मनाया। बस, अक्षररूप होकर परब्रह्म की उपासना करने का मौका हम चूक न जाएँ। हम जाग्रत बनें। हम जो कुछ भी हैं या जो कुछ भी हो रहा है, वह उनके संकल्प का परिणाम है। भगवान स्वामिनारायण ने विशेष आशीर्वाद दिया है कि गुणातीत साधु द्वारा मैं पृथ्वी पर अखंड रहूँगा, रहूँगा और रहूँगा। गुणातीतानंदस्वामी द्वारा दर्शन कराया कि ऐसा जिसका जीवन, वर्तन और भाव हो, उसके द्वारा मैं पृथ्वी पर रहूँगा ही। उनके संपर्क में जो कोई भी आया, उसे उत्तरोत्तर अपना संबंध देकर प्रगति कराई।*

*हम नये नहीं हैं, कई जन्मों से महाराज के साथ होंगे और संतों ने हमारे लिए अथक् और अनहद् परिश्रम किया है... जिनकी गोद में पले-बड़े हुए हैं, ऐसे स्वामिनारायण भगवान, गुणातीतानंदस्वामी, भगतजी महाराज, जागास्वामी, कृष्णजी अदा प्राप्त हुए और उन्होंने हमें शास्त्रीजी महाराज व योगीजी महाराज की भेंट दी।*

शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज ने संकल्प किया कि जो भी संपर्क में आएँ उनका कल्याण करना है। इसलिए उन्होंने ऐसे गुणातीत सत्पुरुष के साथ जोड़ा... **गुणातीतानंदस्वामीजी** ने बताया कि भगवान के रहने का धाम गुणातीत है और **सबको गुणातीत करना है।** भले हम मानें या न मानें, पर वे हमारा आत्यांतिक कल्याण कराए बिना छोड़ने वाले नहीं हैं। समझदारी इसी में है कि उनके संकल्प में हम जुड़ जाएँ। उस भाव को पाएँ इसलिए उत्तरोत्तर अपने संबंध में रख कर यहाँ तक ले आए हैं। लेकिन, याद रखना अभी पूर्ण नहीं हुए हैं।

जब तक देह का भाव है, तब तक भेदभाव रहता है। निर्दोषभाव और मन, कर्म, वचन से सेवा नहीं हो पाती। यही हमारे देहभाव का दर्शन है। इसे घिस देना है। इस हेतु सत्पुरुष के प्रति हमारा भाव और नज़र सतत रहे। इसलिए योगीजी महाराज ने शुद्ध उपासना द्वारा जीतेजी अक्षरधाम का सुख, शांति और आनंद प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। इस मार्ग द्वारा आनंद से हम प्रगति करें, इसलिए प्रमुखस्वामी, महंतस्वामी, हरिप्रसादस्वामी, अक्षरविहारीस्वामी, काकाजी, पप्पाजी, अश्विनभाई, शांतिभाई, गुरुजी, दिनकरभाई, भरतभाई जैसे दिव्य संतों की हमें भेंट दी। **योगीजी महाराज के बाद हमारे प्रगट-प्रत्यक्ष स्वरूप महंतस्वामी, हरिप्रसादस्वामी, अश्विनभाई, शांतिभाई, गुरुजी–इनका श्लोक गाना चाहिए। इनमें सारा गुणातीत समाज आ गया।**

**याद रखना, यह कोई एक-दो जनों का काम नहीं है।** एक कार तैयार करनी हो, तो एक व्यक्ति नहीं कर सकता। कितने डिपार्टमेन्ट्स में से पास होकर निकल कर तैयार होती है। ऐसे ही हम में **'गुणातीत भावना'** प्रगटाने के लिए ऐसे दिव्य पुरुषों का परिश्रम है। हम क्या साधन कर सकते हैं... महाराज के समय में परमहंसों को दैहिक रूप से खूब कठिनाइयाँ थीं, फिर भी वे महाराज के पास रहे... खूब विरोध था, मार खाते थे। पर, महाराज के होकर जिए। उनके कार्य के लिए घूमते ही रहे। यदि हमें ऐसा सहना पड़े, तो हम शायद यहाँ खड़े ना रहें। अभी तो हमारी देह ऐसी हो गई है कि रहने-करने में थोड़ी तकलीफ पड़ती है, तो चिल्लाते हैं। तब भी महाराज परमहंसों से कहते कि तुमने क्या साधन किया कि तुम्हें चरणारविंद की छाप दूँ। हमारा तो ठाकुरजी के पास बैठने का शायद नंबर भी न लगे। लेकिन, महाराज ने रहस्य बताया कि गुणातीत साधु से जुड़ना, वही साधन है और वही मेरी प्रसन्नता दिलवाएगा। हम इससे निहाल हो गए। भगवान को राज़ी करने के लिए हमारा कोई साधन काम नहीं आता।

- ❖ ऐसे साधु के साथ जुड़ जाओ और उनकी आज्ञा का पालन करो, तो महाराज राज़ी, राज़ी और राज़ी।
- ❖ ऐसे साधु हमारा जीवन बनें और उनकी आज्ञा हमारी प्रवृत्ति का केन्द्र बने। ऐसे साधु के भक्तों की निर्दोषभाव युक्त मन, कर्म और वचन से सेवा हो, तो जीतेजी अक्षरधाम का सुख, शांति और आनंद का भोक्ता बनाने में उनका संकल्प कार्य करेगा।

अपने दोष का मनन-चिंतन करना नहीं कि मैं कैसा हूँ। मुझे मिले महाराज कैसे सर्वोपरि हैं और ये संत कितने सर्वोपरि हैं एवं संबंध वाले हरिभक्त कितने सर्वोपरि हैं – यह महिमा का विचार करेंगे तो अपना बेड़ा पार ! बस मौका न चूक जाएँ इतना करना है।

*'गुणातीत समाज' के मुक्तों को इसी देह में अक्षरधाम के सुख का भोक्ता बनने के लिए अद्‌भुत मौका प्राप्त हुआ है। शास्त्रीजी महाराज को लाख-लाख दंडवत् करें, वो भी कम हैं क्योंकि उन्होंने कितना सहन करके अक्षरपुरुषोत्तम की शुद्ध उपासना का प्रवर्तन किया और प्रगट स्वरूपों की भेंट दी है। उनमें निर्दोषभाव रख कर, उन्हें केन्द्र में रख कर ही सारी प्रवृत्ति हो, यही हमारी भक्ति है... योगीजी महाराज ने हमें बुला कर कहा – **'आपको साधु बनाना है, लेकिन भगवाधारी नहीं, आप सबका हृदय भगवा करना है'**, इस गुरु मंत्र के साथ हमें दीक्षा दी।*

*आशीर्वाद देते समय कहा था – **सदा साथ रहना, भजन करना और भगवान के कार्य की प्रवृत्ति करना। बापा के इस आदेश को, काकाजी-पप्पाजी के सान्निध्य से वर्तन में ला पाए। बापा को राज़ी करना अभी बाकी है पर, जितनी 'जी हुज़ूरी' हम कर पाएँगे, उतनी उनकी अनहद् प्रसन्नता प्राप्त होगी...***

## प.पू. अश्विनभाई

*आज एकादशी का शुभ दिन। अत्यंत मंगलकारी और आनंद का उत्सव है। हमारी 'नारायणी सेना' में ये सेवक जुड़ रहे हैं, वैसे तो जुड़े हुए ही थे। लेकिन, स्वधर्म और आश्रम पालन के निश्चित् जीवन के रूप में वे **गुरुहरि साहेब दादा** और प.पू. **मुकुंदस्वामी** की शरण में गुरुआज्ञा और प्रभु के लिए जीवन जीने का निश्चय कर रहे हैं। सामान्य रीति से ज़ाहिर किया जाएगा कि वे अब सामान्य गृहस्थ नहीं, **'साधु'** हैं। **अनुपम मिशन के व्रतधारी साधकों के लिए ब्रह्मस्वरूप योगीजी महाराज ने जो संकल्प किया था, वह काकाजी, पप्पाजी, बा, बेन के आशीर्वाद व हरिप्रसादस्वामीजी के मार्गदर्शन में आज संपूर्ण रूप से स्थापित हो गया है** तथा अन्य युवकों के लिए यह राजमार्ग इनके लिए कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानमार्ग का साधना मार्ग बना है।*

*इन मुक्तों का परिचय देते हुए मुझे आनंद हो रहा है कि ये सब कई सालों से गुरुहरि साहेब दादा की प्रसन्नता के लिए कर्मयोग कर रहे हैं।*

*वर्षों पहले जब बापा ने हरिप्रसादस्वामीजी को दीक्षा दी थी, वो दिन मुझे याद आ रहा है। वर्षों तक योगीजी महाराज की सेवा में प्रभुदासभाई के रूप में वे रहे। जब उन्हें भागवती दीक्षा देने का निश्चित हुआ, तब दशहरे के दिन उन्हें पहले **'पार्षदी दीक्षा'** दी और शरद्‌पूर्णिमा के दिन **'भागवती दीक्षा'** दी।*

*ठीक इसी प्रकार, वर्षों से जो सेवा में रहे हैं, उन्हें आज **'व्रतधारी सेवक'** की दीक्षा दी गई है और दस जनवरी-पौषी पूर्णिमा के दिन इन्हें वेशभूषा मिलेगी... महाराज के समय में भी ऐसे थे। स्वयं गुणातीतानंदस्वामी ने गृहस्थाश्रम को मंगलमय बनाया और स्वामिनारायण भगवान ने उन्हें दीक्षा दी। हमारी भी गुणातीत परंपरा है। भगतजी महाराज, जागास्वामी, कृष्णजी अदा, उनके बाद काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामीजी-सभी ने गृहस्थ मार्ग को दिव्य बना कर, अंत में संन्यास आश्रम को प्रज्वलित किया। यह हमारे संप्रदाय का इतिहास है और... यदि कोई व्रत धारण न करे, फिर भी पर्वतभाई जैसे सैंकड़ों हरिभक्त स्वामिनारायण भगवान के समय में थे। राजाभाई जैसे सेवक स्वामिनारायण भगवान के समय थे, जो घर में रहे लेकिन भगवान के धामरूप होकर जिए। ऐसा ही*

*मार्ग, प्रयोग के रूप में, हमारे विट्ठलभाई, पूनमभाई और रतिभाई ने अपनाया। संसार में होने के बावजूद काकाजी, पप्पाजी, सोनाबा ने उन्हें 'अनुपम मिशन' के व्रतधारी के रूप में पसंद किया। ये भी सफल हुए और उनके बाद संख्याबद्ध मुक्त विवाहोपंरात साधु के मार्ग पर चले...*

*गुरु की शरण में आए हों और प्रभु के लिए जीवन जीने का निर्णय किया हो एवं सेवक का व्रत लिया हो, ऐसे सेवक का लक्षण क्या ? **योगीजी महाराज ने सिखाया है कि दो हाथ जोड़ कर उसे गुरु को यही कहना है कि आप जैसा कहो, वैसा करना है।** गुरु कहें घर रहो, तो भी 'हाँ' करनी। गुरु कहें कि घर छोड़ दो, तो भी 'हाँ' करनी। यही साधना की नींव है... गुरु की शोभा उसके शिष्य होते हैं। हम सबको देख कर ही उनका परिचय प्राप्त होता है।*

*इसलिए हम जिस भी आश्रम का वहन करते हैं, उसके लिए जाग्रत बनें। गुरु हमारे साथ है वह बहुत मांगलिक बात है। बड़े से बड़े तीन परिबल हैं– स्त्री, धन और देहाभिमान। सत्संग की भाषा में कहें तो पुत्रेष्णा, वित्तेष्णा और लोकेष्णा। ये इष्णा ऐसी फोर्स हैं, जो जीवन जीने का आधार बनती हैं। ऐसे इष्णाओं से ऊपर उठ कर, गुरु की प्रसन्नता प्राप्त करने की इष्णा से अब इस शरीर के माध्यम से जीना है, सेवा करनी है, सेवक बनना है – ऐसा शुभ संकल्प करना है... जिसे जो इष्णा होती है, वह उसके लिए जीता है। सत्संग की भाषा में पुत्रेष्णा यानि– स्त्री, परिवार के लिए जीवन जीते हैं और उनके पालन-पोषण के लिए वित्तेष्णा, धन कमाना पड़ता है और खूब संग्रह करना पड़ता है... हमें पता है कि दो समय खाने के लिए कितना भोजन चाहिए और अब तो अवस्था ऐसी है कि सामने भोजन रखा हो, पर हम खाने के लिए सक्षम नहीं हैं। फिर भी वित्तेष्णा के कारण अभी भी दौड़ते रहते हैं। पाँच जनों में मुझे पूछा जाए और मेरी पहचान हो – उसे **लोकेष्णा** कहा जाता है। साधु-संतों और संन्यासियों को भी यह इच्छा चिपकती है। तब वे प्रभु से दूर हो जाते हैं। व्यक्ति संसारी हो या संन्यासी हो, आसक्तिरहित होना सबसे ज़रूरी है और **'अनासक्त योग'** सिद्ध करना, वह सच्चा **'संन्यास'** है।*

***योगीबापा ने 'वस्त्रों से नहीं, बल्कि हृदय से' साधु बनने का संकल्प जो साहेब दादा को करवाया, वह था 'कर्मयोग का मार्ग !'** कर्म ही भक्ति है और उससे ज्ञान प्राप्त हुआ। यूँ अनासक्त योग से परमात्मा के साथ जुड़ कर एकरूप हो गए, यह 'चतुर्धामुक्ति' है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के चारों चरण जीवन काल दौरान उत्तरोत्तर चढ़ते जाते हैं और उसमें आसानी रहे, उसके लिए साथ-सहकार मिले तथा सामूहिक प्रार्थना का बल मिले, इसलिए 'संघं शरणं गच्छामि, बुद्धं शरणं गच्छामि...' के मंत्र के साथ हमारी यात्रा आगे बढ़ती है। आप सभी **'नारायणी संघ'** के सदस्य बने, आपका हार्दिक स्वागत व स्वीकार है। श्री गुरु चरण में हम सबका सामूहिक जीवन समर्पित हो।*

*भगवान स्वामिनारायण ने कल्याण का मार्ग हम सबके लिए खुला किया। उन्होंने अपने जीवन दौरान गृहस्थी या त्यागी में भेद रखा नहीं। स्त्री या पुरुष का भेद रखा नहीं। नात-जात, धर्म इत्यादि भेद नहीं रखा। सबको भगवान के होकर जीने का उत्तम मार्ग और श्रेष्ठ मौका समय-समय पर दिया। यह सनातन मार्ग है। तो हमारी*

*शक्तियों को भक्ति में परिवर्तित करके, अपनी-अपनी मर्यादाओं में रह कर चलने की उमंग रखें-कोशिश करें। जैसे कि हमारे बड़ों ने कहा है कि एक कदम यदि हम चलें, तो 99 कदम चल कर भगवान सामने से आकर हमें मिलते हैं। ऐसा श्रेष्ठ समय आज हमारे लिए है। यह आनंद की बात है और ऐसे समर्थ गुरु **गुरुहरि साहेब दादा, प.पू. मुकुंदस्वामीजी** हमें उपलब्ध हुए हैं। जो जिस केन्द्र में रहते हुए, जिस प्रकार से साधना करते होंगे, उन सभी को यह बात लागू होती है। कई बार ऐसा लगता होगा कि ये त्यागी अच्छे हैं, वर्ना हम गृहस्थीयों के लिए तो कितनी झंझटे हैं। त्यागियों को ऐसा लगता है कि ये गृहस्थी तो कितना मज़ा करते हैं... इस दुःख में से-असमंजस में से यदि बाहर निकलें, तो जो मिला है उसका सुख प्राप्त कर सकेंगे।*

## प.पू. गुरुजी

*आप सबको यह ख्याल भी होगा और अनुभव भी हुए होंगे कि हमारी प्रकृति, स्वभाव और लाइकिंग्स का इस्तेमाल करके ही इन गुणातीत स्वरुपों ने हमें अपने साथ जोड़ा है।*

*मुझे हमेशा से सुंदर (रूपवान) व्यक्ति पसंद थे... 15 दिसंबर 1953 को पहली बार मैंने मुबंई के सुंदराबाई हॉल में 'योगीजी महाराज' का दर्शन किया। उन्हें देख कर एहसास हुआ कि वे सच में कोई **'विभूति'** हैं। उस समय काकाजी ने क्रीम कलर का सासकिन का सूट और टैनिस कॉलर की शर्ट पहनी थी और सभा की हैंडलिंग कर रहे थे। सभा समाप्त होने के बाद मैं बापा के पास गया और उनसे उनकी फोटो माँगी। तब **बापा** ने कहा–*

***दादुभाई साहेब से मिलना।** काकाजी ने मुझे अपनी ऑफिस में बुला कर बापा की मूर्ति दी और इस तरह सत्संग की शुरुआत हुई...*

*उस समय सत्संग खूब जँचा और आज भी जँचता है... यह आयाराम-गयाराम का सत्संग नहीं है। हमें सत्संग कहाँ करना है वह हमें बड़े संत डाएरेक्ट नहीं कहेंगे, बल्कि ऐसे प्रसंग और चरित्र करेंगे जिससे हमें ख्याल आएगा कि हमें इस रस्ते पर चलना है... फूँक-फूँक कर कदम भरने का यह सत्संग है, यह हम भूलें नहीं।*

*इसीलिए जैसे **साहेबजी** ने कहा और आत्मीय युवा महोत्सव में **स्वामीजी** ने भी कई बार कहा **'जागो...'** और उसके साथ आशीर्वाद भी दिया कि–*

***अंत समय में मैं तुम्हें अक्षरधाम में ले जाने के लिए रथ पर आऊँगा!***

*साहेब ने भी हमें यही सूचन दिया कि हमें अब जागना है। हमें अपने मन की वृत्तियाँ जो अहम् के आश्रित हैं, इससे परे जाना है। उससे परे जाने के लिए यदि कोई हमें धक्का लगाए, तो जाग्रत रह कर उसका गुण लेना है।*

***सत्संग में हम गुणग्राहक दृष्टि रखें... मैंने गुणग्राहक दृष्टि रखी है इसलिए नहीं कहता, परंतु नहीं रखी थी; तो, ठोकर खाकर जो रियलाइज़ हुआ कि इसके पहले – से ही गुण लिया होता, तो अच्छा रहता।** सो, इस मार्ग पर चलते हुए–**भिड़ें नहीं यह 'लालबत्ती' है** और **गुणग्राहक दृष्टि 'हरी बत्ती' है।***

*अश्विनभाई ने इस बात का निर्देश किया है, तो उस रस्ते पर हम चलें। करोड़ों वर्ष की साधना व तपस्या से ऋषि-मुनि निर्वासनिक नहीं हो पाए, जबकि स्वामीजी-साहेबजी जैसे पुरुषों ने तो हमें लिफ्ट दी है।*

*गुणातीतानंदस्वामी ने आशीर्वाद दिया है – **सद्भावना में ही निर्वासनिकभाव !***

*ये बातें गप्पें व भाषा लालित्य नहीं हैं, झुंझुना भी नहीं, बल्कि एक हक़ीक़त है। हमें सद्भाव अखंड नहीं रहता। **कोठारीस्वामीजी** ने काकाजी से यह बात पूछी थी – यदि सद्भावना में निर्वासनिकभाव है, तो मुझे आपके प्रति सद्भावना है, पर निर्वासनिक हुए लगता तो नहीं है। तब, **काकाजी** ने इस बात का उत्तर दिया –*

***तुम्हें सद्भाव है, पर क्या वो अखंड रहता है ?***

*इसी प्रकार हमें भी स्वामीजी-साहेबजी के प्रति सद्भाव तो है, लेकिन अखंड सद्भाव रखना है। **अखंड सद्भाव क्या ? अखंड वृत्ति,** जो स्वामीजी प्रथम वचनामृत के आख़िरी पैराग्राफ का ज़िकर करते ही हैं। तो, स्वामीजी, साहेब, शास्त्रीस्वामी, प्रेमस्वामी, अश्विन दादा, शांति दादा की हूँफ से हम 'लिफ्ट' में जल्दी बैठ जाएँ, यही प्रार्थना।*

## प.पू. शांतिभाई साहेब

*श्रीजी और स्वामीजी आज प्रगट हैं। दोष-स्वभाव, पुत्रेष्णा, लोकेष्णा और वित्तेष्णा हम सब में हैं। इन सभी दोषों से निजात पाने के लिए हमें केवल आपकी ही इष्णा रहे, हमारे जीवन का सर्वस्व आप हैं। चौबीस घंटे केवल आप में वृत्ति रहे, आपकी तरफ नज़र रख कर, आपकी अनुवृत्ति के अनुसार हमारी प्रवृत्ति रहे। हे दयालु ! आपको समर्पित संतों और हरिभक्तों को ऐसा बना दो कि मनमुखी स्वभाव का त्याग कर पाएँ!*

अंत में दीक्षार्थी सेवकों के सगे-संबंधियों का पूजन व हार अर्पण करके अभिनंदन करने के बाद सभी ने प्रसाद के लिए 'योगीप्रसाद' की ओर प्रस्थान किया। नेचर क्यॉर में दोपहर को आराम करने के बाद, सायं 'अनुपम मिशन' में मूर्तियों का पूजन करके, प.पू. गुरुजी विद्यानगर में रहते **पू. निमेषभाई शाह** के घर पहुँचे। पू. निमेषभाई एवं उनका परिवार अत्यंत भावविभोर था। उनका **घर रोशनी से ऐसे जगमगा रहा था, मानो कोई उत्सव हो।** दिल्ली मंदिर से जुड़े इतने मुक्तों के साथ **प.पू. गुरुजी का आमगन उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं था।** प.पू. गुरुजी की निश्रा में उनके घर पर महापूजा संपन्न हुई। अपने मित्र **श्री निलेशभाई पुरोहित** से प्रसाद की बहुत बढ़िया व्यवस्था कराई थी। सभी ने खूब आनंद किया और रात को करीब ग्यारह बजे नेचर क्यॉर पहुँचे। यहाँ **प.पू. साहेबजी की आज्ञा से पू. जीतूभाई एवं पू. ज्योति दीदी ठंड में 'आइसक्रीम' के बॉक्स लिए राह देख रहे थे।** देर रात तक सभी ने प.पू. साहेबजी के लाड़ एवं पू. जीतूभाई-पू. ज्योति दीदी की भावना का प्रसाद लिया...

गुजरात जाने से पूर्व ही **प.पू. गुरुजी की हार्दिक इच्छा** थी कि वचनामृत द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इस बार **वड़ताल मंदिर का दर्शन करने** जाना ही है। सो, **7 जनवरी** की सुबह नाश्ते के बाद सभी वड़ताल मंदिर गए और वहाँ से लौट कर 'अनुपम मिशन' में दोपहर का प्रसाद लेने पहुँचे।

3:30 बजे मंदिर **'मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव'** का मंगल प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम प्रत्यक्ष स्वरूपों ने अनुपम मिशन के मुख्य द्वार का रिबन खोल कर उद्घाटन किया। गुणातीत समाज की चार पंखुड़ियों के रंग के गुब्बारे गगन में विहार करने लगे। गोल्फ और ओपन कार में प्रत्यक्ष स्वरूप विराजमान हुए और... विविधता में एकता को उजागर करते

हुए, उनके समक्ष सत्संग के युवा गुजराती, मराठी, दक्षिण भारतीय और पंजाबी भावनृत्य प्रस्तुत कर रहे थे। यूँ शोभायात्रा के रूप में आनंद करते हुए मंदिर के समक्ष पहुँचे। यहाँ **प.पू. प्रेमस्वामीजी** ने घंट बजा कर महोत्सव का जयनाद किया। यह वही घंट था, जो प.पू. गुरुजी ने दिल्ली से नूतन मंदिर के लिए भेजा था। यहाँ से प्रत्यक्ष स्वरूपों ने **'हृदयकुंज'** की ओर प्रस्थान किया। एन.सी.सी. के युवा बैंड के साथ परेड करते हुए स्वागत कर रहे थे।

अनुपम मिशन की इस पवित्र भूमि पर वर्षों पूर्व आणंद से गाँव 'गाना' जाते हुए, **गुरुहरि योगीजी महाराज** यहाँ ठहरे थे। कहा जाता है –

तत्कालीन किसान के अनुरोध पर खोदे जा रहे कुँए को आशीर्वाद देने हेतु, मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामीजी की प्रसादी के श्री हरिकृष्ण महाराज मूर्ति के साथ गुरुहरि योगीजी महाराज इस आम के वृक्ष के नीचे बिराजे थे। 20 साल से गुरुहरि योगीजी महाराज की स्टॅच्यु मूर्ति यहाँ दर्शन दे रही थी। अब संतभगवंत साहेबजी की प्रेरणा से इसी स्थान पर गुरुहरि योगीजी महाराज के प्राकट्य स्थल **'धारी'** की प्रतिकृति **'हृदयकुंज'** बनाया है और यहाँ अभिषेक करने के लिए श्री हरिकृष्ण महाराज की प्रतिकृति एवं गुरुहरि योगीजी महाराज की स्वर्ण मूर्ति स्थापित की है। **प.पू. गुरुजी एवं प.पू. दिनकरभाई द्वारा इसका मुक्तार्पण किया गया।** संतभगवंत साहेबजी ने इसका निर्माण इस हेतु कराया कि यदि धारी जाकर कोई गुरुहरि योगीजी महाराज के जन्मस्थल का दर्शन कर पाने में असमर्थ हो, तो यहीं पर कर सकता है।

इसी प्रकार, कई साल पहले संतभगवंत साहेबजी की यह भी भावना थी कि यदि कोई अपने जीवनकाल दौरान भगवान स्वामिनारायण के प्राकट्य स्थल **'छपिया'** यू.पी. जाने में असमर्थ हो, तो अनुपम मिशन-मोगरी के परिसर में ही वही दर्शन आसानी से कर सके। सो, उनकी अभिलाषा को मूर्तरूप देते हुए **'तीरथ'** बनाया है। भगवान स्वामिनारायण के प्राकट्यधाम **'छपिया'** एवं गुरुहरि योगीजी महाराज के प्राकट्यधाम **'धारी'** का यहाँ मॉडल विलेज बनाया है। साथ ही भगवान स्वामिनारायण एवं गुरुहरि योगीजी महाराज के कुछ बालप्रसंगों को भी दर्शाया है। सो, 'हृदयकुंज' से सभी 'तीरथ' की ओर गए। **प.पू. अश्विनभाई** एवं अनुपम मिशन यू.एस.ए. के वाइस प्रेसीडेन्ड **डॉ. पू. जीतूभाई** ने लोकार्पण किया और सभी प्रत्यक्ष स्वरूपों ने दीप उज्ज्वलित किया।

**7 मार्च 1986** को **गुरुहरि काकाजी** अंतर्धान हुए और 8 मार्च को ब्रह्मज्योति की तपोभूमि पर उनकी अंत्येष्टि हुई। गुरुहरि काकाजी सदैव के लिए यहाँ विराजमान हो गए। इसी प्रकार, 21 जनवरी 1995 को **ब्रह्मस्वरूपीणी सोनाबा** ने भी अक्षरधामगमन के बाद गुरुहरि काकाजी के सान्निध्य का चयन किया। **यह स्थल ऐसा है कि जहाँ हमारे भीतर में उठते सभी उद्वेग, विचार, वासनाएँ इत्यादि कुंठित हो जाती हैं और केवल अंतर रुदन से प्रार्थना होती है कि हे प्रभु ! मेरे प्रारब्ध और प्रकृति टाल दो और... वाक़ई मुक्तों को एहसास भी होता है कि हमारी प्रार्थना पहुँचती भी है। संतभगवंत साहेबजी** की प्रेरणा से मूर्तिप्रतिष्ठा के अनमोल अवसर पर, इस चमत्कारिक समाधि स्थान का नवीनीकरण किया गया है। सो, **प.पू. हंसा दीदी** की निश्रा में गुणातीत समाज की सभी केन्द्रों की बहनों ने गुरुहरि काकाजी एवं प.पू. सोनाबा की मूर्ति का पूजन व आरती करके **'समाधि स्थल'** का उद्घाटन किया।

तत्पश्चात् **संतों की अनुपस्थिति में** मंदिर के समक्ष अनुपम मिशन से जुड़ी **देश-विदेश की करीब सौ-सवा सौ भाभियों-लड़कियों** ने पंक्ति में नृत्य करते हुए, **संतभगवंत साहेबजी के संग प.पू. अश्विनभाई एवं प.पू. शांतिभाई का स्वागत किया।** संतभगवंत साहेबजी के साथ प्रत्यक्ष स्वरूपों ने अपना स्थान लिया। पिछले एक वर्ष से जिस मंदिर की परिकल्पना कर रहे थे, उसका आज दर्शन हो रहा था और इसीलिए **अनुपम मिशन को अपना ही घर मानते हरिभक्तों-मुक्तों के हर्ष की कोई सीमा नहीं थी।** सो, अपने हरख एवं संतभगवंत साहेबजी के प्रति भक्ति अदा करने की भावना को **आर्टिस्ट पू. कनुभाई पटेल, पू. पृथा बहन, पू. मनाली बहन और पू. ऊर्जा बहन** ने **'नवधाभक्ति'** को अनुपम मिशन से जुड़ी करीब ढाई सौ बहनों से विविध नृत्यों द्वारा उजागर करवा के महोत्सव की अकल्पनीय शुरुआत करी और... प्रत्यक्ष स्वरूपों की प्रसन्नता प्राप्त की। अंत में आतिशबाजी द्वारा उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

**8 जनवरी** की सुबह 'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव' माहात्म्यदर्शन की सभा आरंभ हुई। 1965 में गुरुवर्य योगीजी महाराज की आज्ञानुसार **गुरुहरि काकाजी के मार्गदर्शन में संतभगवंत साहेबजी** ने ढाई सौ युवकों के लिए सफ़ेद ड्रेस की सुविधा करके अटलादरा में **अक्षरनिवासी श्री गुलज़ारीलाल नंदाजी** का स्वागत करवा कर, प.पू. बापा की प्रसन्नता प्राप्त की थी। उसी की स्मृति करते हुए, युवकों ने उसी प्रकार तैयार होकर संतभगवंत साहेबजी का स्वागत किया। अनुमप मिशन से जुड़े देश-विदेश के चुनिन्दा युवक-युवतियों ने तीन दीप प्रज्जवलित करके, संतभगवंत साहेबजी के आशीर्वाद से महोत्सव की शुरुआत की। मंच पर विराजमान स्वरूपों-महानुभावों का पूजन-हार से स्वागत किया गया और कई मुक्तों ने विविध प्रकार के हार से **संतभगवंत साहेबजी, प.पू. अश्विनभाई एवं प.पू. शांतिभाई के प्रति भक्ति अदा की।** तत्पश्चात् **प.पू. दिलीपभाई देसाई** ने स्वागत उद्बोधन-माहात्म्यगान करके सभी को महोत्सव का बॅज अर्पण किया गया।

1957 में किस प्रकार गुरुहरि योगीजी महाराज की आज्ञा-इच्छा से संतभगवंत साहेबजी ने **'गुरुसभा'** की मंगल शुरुआत की थी और... अब किस प्रकार अनुपम मिशन के मुख्य केन्द्र में मंदिर निर्मित करके मूर्तियों की स्थापना हो रही है, उसका सारा विवरण एवं संतभगवंत साहेबजी की जीवनगाथा को **पू. हर्मित** एवं **पू. हार्दिक** ने बहुत ही अच्छी तरह प्रस्तुत करके, **संतभगवंत साहेबजी** एवं **प.पू. गुरुजी** से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात् **प.पू. अश्विनभाई** ने अत्यंत भावुक हृदय से आशिष वर्षा की–

*...याद रखने जैसे तो एक केवल गुरुदेव योगीजी महाराज और उनकी तरफ सतत दृष्टि रख कर जीवन जी रहे गुरुहरि प.पू. साहेबदादा हैं। **युवक मेरा हृदय है!** इस सूत्र को लेकर,*

*योगीजी महाराज ने साप्ताहिक सत्संग सभा के स्वाध्याय से देश की युवा पीढ़ी का आत्मिक कल्याण करके उत्थान किया और*

*उसी के सुखद परिणाम के रूप में स्वामिनारायण संप्रदाय की विविध शाखाओं में **'सत्संग प्रधान जीवन'** जीता समाज तैयार हुआ।*

*भगवान स्वामिनारायण ने मंदिरों का निर्माण किया।*

*शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, प्रमुखस्वामी महाराज ने अक्षरपुरुषोत्तम की युगल उपासना के मंदिरों का निर्माण किया*

*और हम उस परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। साथ ही साथ, जो मंदिर के साथ जुड़े, वे साधु के साथ - प्रभु के साथ जुड़ जाए!* ***साहेब दादा के जीवन का यही सार है कि वे सतत गुरु के साथ - प्रभु के साथ जुड़े रहे हैं!***

*मंदिर निर्माण की कथा को दोहराऊँगा नहीं, लेकिन दो बातों का उल्लेख करना चाहता हूँ–*

*प्रथम तो काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामीजी के वरद् हस्तों से मंदिर का खात् मुहूर्त हुआ और मंदिर निर्माण करने का रुडा संकल्प उठा था। तब साहेबदादा ने अपने गुरुदेव योगीजी महाराज के प्राकट्य स्थान* ***'धारी'*** *में उन्हीं का नाम व कार्य हो – ऐसा भाव प्रगट किया था। भक्तों ने भी इसे सहर्ष व सहजता से स्वीकारा और* ***'धारी' गांव*** *में कन्या केळवणी का कार्य* ***जसाणी दादा*** *के मार्गदर्शन से हुआ। हम जब - जब धारी गांव का दर्शन करने गए, तब योगीजी महाराज के प्राकट्य स्थान की मूलभूत जगह पर तत्कालीन संतों - कार्यकर्ताओं द्वारा बने मंदिर रूप हॉल में वर्षों तक सत्संग हुआ। तब साहेबदादा अपने हृदय के भाव को व्यक्त करते हुए कहते– योगीजी महाराज के प्राकटय स्थान को यदि ऐसे के ऐसे ही संभाल कर रखें तो कितना अच्छा ? और* ***जैसे छात्रालय के मंदिर में मूर्तिप्रतिष्ठा करने के लिए प्रमुखस्वामीजी पधारे थे, इसी प्रकार प्रमुखस्वामी महाराज और संतों ने साहेबदादा का संकल्प पकड़ा और स्वीकार कर वहाँ मंदिर स्थापित किया।*** *समय बीतता गया, मंदिर बनते गए, साधुओं की संख्या बढ़ी और देश - विदेश के हरिभक्तों के हृदय में भाव हुआ कि* ***'गुरुगादी'*** *स्थान* ***'ब्रह्मज्योति'*** *में मंदिर बने। भक्तों के इस संकल्प को गुरुहरि साहेबदादा ने स्वीकारा - मान्य किया और हम सब के सामूहिक उत्थान के लिए अद्‌भुत परिश्रम किया। यहाँ योगीजी महाराज के प्राकट्य स्थल का वैसे का वैसा तत्कालीन समय का दर्शन होता है।*

*आज जो आनंद, उमंग, उल्लास, भक्ति व माहात्म्य है, वह साहेबदादा की तपस्या व योगीजी महाराज की उनके ऊपर ढली असीम कृपा का परिणाम है।*

*यहाँ अपने गुरु का सतत अनुसंधान, नवधाभक्ति में उनका ही सतत स्मरण व शरण स्वीकार कर, खुद के जीवन को समर्पित करने का शिष्यभाव साहेब के जीवन में दिखता है। इसलिए जब मंदिर निर्माण के विषय में अलग-अलग मत आए, तब साहेब के हृदय में अपने गुरु के प्रति ऐसी ही भक्ति व भावना प्रकटी कि ब्रह्मज्योति परिसर में 'धारी' मंदिर जैसा निर्माण किया जाए... फिर भी जिस प्रकार साहेबदादा ने योगीजी महाराज की आज्ञा का पालन जिस भाव से किया, उसी प्रकार अपने छोटे से छोटे सेवकों, शिष्यों, साधकों की बात व सूचन को शांति से सुना और... सबके मन के भावों को शांत करके, गुरु और प्रभु में जोड़ने के लिए विशेष जपयज्ञ की आज्ञा करके तथा साथ में बैठ कर, संतों - भक्तों से जपयज्ञ करवाया कि प्रभु की जो इच्छा होगी, उसी के मुताबिक हो। साहेबदादा ने तो कहा भी – हमें कहाँ करना है ? प्रभु को विराजमान होना है। जैसे* ***सामान्य गृहस्थी अपनी इच्छा और सुविधानुसार मकान की प्लानिंग करता है, तो जहाँ स्वयं ठाकुरजी विराजमान होने वाले हों, वह कार्य***

***ठाकुरजी स्वयं ही करेंगे।*** *ऐसी अचल निष्ठा और भाव से स्वयं वे जिए हैं और अपने साथ के साधकों और सेवकों को भी इसी शिस्त में ले गए। सभी ने अपनी मान्यताएँ छोड़ीं और साहेब की इच्छा मुताब्रिक करने तत्पर हुए... मंदिर निर्माण की धीमी गति देख कर देश-विदेश से आते मुक्तों के मन में शंका होती कि यह समय पर कैसे पूरा होगा ? लेकिन, साहेबदादा ने एक ही बात सभी के जीव में बिठाई कि मंदिर व मूर्तियाँ पाषाण की हैं, परंतु जब तक इनके रुप में साक्षात् प्रभु विराजमान हैं, यह भाव नहीं आएगा तब तक हमारा मंदिर अधूरा है... यह दृढ़ता कराते हुए उत्सव का दिन यही रखा और आज हम सब यहाँ उपस्थित रह कर माहात्म्य गंगारुपी गुरुभक्ति में स्नान कर रहे हैं। यह हमारे जीवन की एक बहुत बड़ी और सुखद यादगार पल बनी रहे ऐसी प्रार्थना है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा, जिन पत्थरों में कमी होगी वे आकर लगते जाएँगे।*

*मेरे हृदय का यह भाव है कि* ***मानव रूप में विचरते प्रभु के धारक गुरु का परमतत्व सदा निर्दोष व दिव्य है और उनके संबंध वाले सभी भक्तों का सहजता से स्वीकार जिस दिन होगा, उस दिन इस हृदय मंदिर में प्रभु विराजमान होंगे और मंदिर पूरा होगा।*** *अनेक जन्मों की यात्रा में किसी जन्म में हमारे शरीररूपी मंदिर की नींव खोदी गई, किसी जन्म में नींव भरी गई, किसी जन्म में चिनाई हुई... यूँ अनेक जन्म की यात्रा में प्रभु और गुरु–परमतत्व सतत हमारे साथ रहा और हमारा कार्य आगे बढ़ता गया। यह भविष्य का संकेत है कि हमें कहाँ पहुँचना है।*

***ब्रह्मरुप होकर परब्रह्म की उपासना का सनातन सिद्धांत*** *और इसका सरल मार्ग गुरुहरि शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामीजी, सोनाबा और शांताबा–जिनके साथ-जिनकी गोद का हमें अद्‌भुत लाभ मिला, उन्होंने हमें जो समझाया और दृढ़ता कराई।*

*उसके अनुसार* ***'मैं मंदिर का और मंदिर मेरा'*** *ऐसा भाव जिस दिन हुआ, उस दिन सदेह विचरण करते प्रभु के जंगम तीर्थ मंदिर से हम संपूर्ण रूप से जुड़ गए।*

- *संप्रदाय के आधार स्तंभ निष्ठा और श्रद्धा की पुष्टि करने के लिए* ***'धर्म का पालन',***
- *मंदिर और उसमें पधराई इष्टदेव की मूर्ति*

  *और*
- *उस मूर्ति को जपने के लिए हमारे 'नारायण प्रभु' द्वारा स्वयं दिया गया इष्ट मंत्र* ***'स्वामिनारायण'*** *मिला।*
- *इस मंत्र और प्रभु के माहात्म्य को समझने के लिए, माहात्म्य के ग्रंथ, शास्त्र एवं सभी के आधार स्वरुप, भगवान का 'प्रगट स्वरूप' ब्रह्मस्वरूप गुणातीत संत द्वारा सदैव प्रगट रहने का वरदान देकर, भगवान स्वामिनारायण ने यह भी कहा कि* ***आप जैसा हमें मानोगे, वैसा आपको बना देंगे।*** *यूँ जीते-जागते जंगम तीर्थ को मंदिर मानेंगे, तो पाषाण के मंदिर में पधराई पाषाण की मूर्तिओं में प्राण भी जीवंत होंगे और मेरे हृदय की धड़कन के साथ एकरुप एक आकार बनेगा...*

*पौष शुक्ला पूर्णिमा के दिन काकाजी - पप्पाजी ने साहेबदादा को सर्वप्रथम व्रत दिया।* ***योगीजी महाराज का संकल्प था– वस्त्र से साधु नहीं, पर हृदय से भगवा साधु बनाना है!*** *इस प्रकार, हृदय भगवा करने के लिए सदा*

*भगवतभाव में रहकर, भगवत् सत्ता का स्वीकार करके और सर्वत्र भगवत् भाव का दर्शन करना ही हृदय का 'भगवा भाव' है। **भगवा वस्त्र एक आश्रम की मर्यादा प्रदान करते हैं।** इसी प्रकार, व्रतधारण का संकल्प भी प्रतिबद्धता देता है। पौष शुक्ला पूर्णिमा – **गुणातीतानंदस्वामी का दीक्षा दिन**, व्रतधारी साधकों के लिए व्रत दिन-संकल्प दिन चुना गया। नए युवक इस **'नारायणी सेना'** में जुड़ते गए।*

*इसी दिन पाषण के मंदिर में पाषाण की प्रतिमा में प्रभु का संचार हो, ऐसे शुभ दिन आप सभी ने उपस्थित रह कर हम संतों की उमंग और उत्साह को बढ़ाया है। आपने जो सेवाएँ की, समर्पितभाव रखा और इस उत्सव में हमारे साथ जुड़ कर, इस उत्सव को महाउत्सव - यादगार बना कर हम पर कृपा की, यह सब कुछ मंदिर के प्रति का ही भाव है।*

***साहेब दादा** ने साधक - सेवकों को सूत्र दिया है – **भगवान के भक्तों की भगवान के भाव से सेवा करना!** हृदय भगवा होगा तभी यह संभव है। जब तक हमें देह, स्वभाव, दोष, अवगुण और प्रकृति नज़र में आती है, तब तक मंदिर पूर्ण करने के हमारे संकल्प के साथ - साथ साहेब दादा हम सब के हृदय सिहांसन पर विराजमान होने की जगह बना दें –यही प्रार्थना है।*

***योगीजी महाराज ने अपने 'युग कार्य' को नूतन मार्ग पर प्रस्थान करने हेतु सैंकड़ों युवाओं में से जसुभाई को पसंद किया** और यह नई पीढ़ी हमारा गौरव है और उसकी पूँजी बढ़ाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिस प्रकार साहेबदादा ने अपने शिष्यत्व को उज्ज्वल किया है। उसी प्रकार हम सब – अनुयायी तथा साधक अपने प्रभु और गुरु के प्रति शरणागत - शिष्यत्व भाव को सदैव जाग्रतता से हृदय में धारण करते हुए प्रभु... प्रभु उच्चारें। स्वामिनारायण संप्रदाय की परंपरा के अनुसार एक भक्त जब अन्य भक्त से मिलता है, तब हृदयवंदना के साथ दस इंद्रियों के साथ हाथ जोड़ कर - झुक कर 'जय स्वामिनारायण' करता है। मेरे, तुम्हारे, हम सभी के हृदय में विराजमान प्रभु का यह जयघोष हमेशा होता रहे, तो स्वभाव - प्रकृति कुछ रहेगा नहीं। इस प्रकार पिघल जाना है, याहोम होना है, लयलीन हो जाना है... गुरु की ऐसी कृपा हम पर सतत बरसती रहे। साहेब दादा ने बताया कि इस बार ज़रूरत से ज़्यादा बरसात हुई है। तो, हम सब 'भुलकों' की आपके श्रीचरणों में प्रार्थना है कि हम पर भी आपकी प्रसन्नता ऐसी बरसाओ कि अंतर की घास - फूस, कचरा सब साफ़ हो जाए, ताकि प्रभु को विराजित करने का स्थान पवित्र हो। **'महिमा' शुद्ध उपासना की नींव है।** महिमा फिलहाल तो है, लेकिन प्राणप्रतिष्ठा के बाद जब विसर्जन हो, तब जीवन व्यवहार में 'महिमा' का संदेश लेकर जाएँ। स्वामिनारायण भगवान ने धर्म, ज्ञान, वैराग्य और माहात्म्ययुक्त भक्ति की बात कही। योगीबापा की भाषा में केवल 'रूखी' भक्ति नहीं, 'चिकनाई' वाली भक्ति होनी चाहिए। यह तब होगी जब असाधारण प्रेम से सत्पुरुष के साथ जुड़ जाएँगे और आप हम सबको प्रभु के साथ जोड़ देंगे। तब भक्ति का पूर्ण संतोष, आनंद और समाधि सुख प्राप्त होगा। **योगीबापा** का सूत्र है– **'संप, सुहृद्‌भाव और एकता।'** इस भाव से जिएँगे तो वे हमारे साथ सतत रहेंगे। उपासना का सिद्धांत है –गुरु की स्मृति तथा प्रभु के नाम का अखंड स्मरण करते रहना। आप तो हमारे लिए परिश्रम – इतना तप कर रहे हैं, हम पर अकारण अनुग्रह - कृपा बरसा रहे हैं, पर अब हम हमारा पात्र खुला रखें और आपकी दिव्यता का स्वीकार करके,*

*नम्रता, दासभाव, सेवकभाव से आपके साथ और आपके संबंध वाले सभी के साथ जीकर जीवन को कृतार्थ करें, ऐसी मंगल कृपा कीजिए...*

वर्षों से प.पू. अश्विनभाई ने अपने आशीर्वचनों द्वारा जो अध्यात्म ज्ञान परोसा है, उसे '**संत समागम**' पुस्तक के रूप संग्रहित करके अनुपम मिशन के संत प्रकाशित करते हैं। इस अवसर पर उसका **भाग-3** प्रकाशित किया और उसका विमोचन **यू.एस.ए. अनुपम मिशन के वाइस प्रेसीडॅन्ट डॉ. पू. जीतूभाई पटेल** ने किया। तत्पश्चात् अनुपम मिशन **इंटरनेशनल कमीटी के प्रेसीडॅन्ट पू. सतीषभाई चटवाणी** (लंडन) एवं **वाइस प्रेसीडॅन्ट डॉ. पू. विरेन्द्रभाई पटेल** (यू.एस.ए.), **आस्ट्रेलिया के पू. दिपेनभाई रुघानी** ने प्रासंगिक उद्‌बोधन किया और **प.पू. अध्यात्मानंदस्वामीजी** एवं **प.पू. गोस्वामी 108 श्री महोदयश्री व्रजराजकुमारजी** ने आशीर्दान दिया। **प.पू. शांतिभाई साहेब** कई सालों से रोज़ एक प्रार्थना लिख कर प्रभुचरणों में समर्पित करते हैं। सभी को ये प्रार्थनाएँ प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर अत्यंत उपयोगी बनें, इस भावना से '**साधु हृदयनी प्रार्थना गंगा...**' पुस्तक के रूप में प्रकाशित की गईं। **प.पू. गुरुजी** ने इसका विमोचन करके आशीर्वाद दिया–

*साहेब से मेरा सर्वप्रथम परिचय **काकाजी** ने करवाया था... जब हम ताड़देव-6/डी, सोनावाला बिल्डिंग में जाते थे तब और फिर दादर-अक्षरभुवन में काकाजी हमसे आठों भाइयों सहित साहेब की बात अकसर करते थे– **तुमने हमारे जसभाई को देखा है?***

*इसलिए, साहेब को देखने की मन में बहुत उत्सुकता रहती थी। लेकिन, अक्षरभुवन में संतों के साथ हम ओतप्रोत रहते थे और त्यागियों की अपनी एक विशेषता होती है। इसलिए किसी से पूछने की हिम्मत नहीं होती थी कि मुझे जसभाई का 'दर्शन' करना है। आज साहेब का 80वाँ प्राकट्य दिन मनाया जा रहा है और मंदिर में मूर्तिप्रतिष्ठा होने वाली है, तो जब से साहेब ने मुझे सभा में बात करने के लिए इशारा करा, मैं सोच रहा था कि क्या बात करूँगा? फिर विचार आया कि आज साहेब से माफ़ी मांग लेते हैं।*

*अक्षरभुवन में साहेब अपने मंडल के साथ आए थे। सब ऊपर हॉल में शास्त्रीजी महाराज की मूर्ति का दर्शन करने गए थे या सभा थी। तो, वहाँ से नीचे उतरने वाले थे। मुझे साहेबजी के दर्शन करने थे। मेरे समीप एक साधु खड़े थे। यदि मैं उनसे यूँ पूछता कि इसमें से 'जसभाई' कौन हैं, उनके दर्शन कर लें। तो, वे मुझे बताते ही नहीं। इसलिए मैंने उनसे ख़ास पूछा– दादुभाई जिसकी बात करते हैं, वो 'जसिया' कौन-सा है? सो, आज मुझे इस बात की माफ़ी मांगनी है कि इतने हल्के शब्दों से मैंने इनकी पहचान माँगी। समय के साथ इस बात का एहसास हुआ कि–*

***ये तो योगीजी महाराज, काकाजी और पप्पाजी की प्रसन्नता के एक पात्र हैं।***

*पप्पाजी के साथ मेरा संबंध हमेशा तार्किक रहा है। पप्पाजी भी मुझे बौद्धिक मूल्यांकन वाला कह कर छेड़ते थे। पर, एक बार पप्पाजी ने मुझसे कहा– तूने साहेब के सटॉल्वर्ट मंडल को देखा है? ये सब एग्ज़ाम्स में चीटींग करके पास हुए सिर्फ बी.एस.सी. नहीं हैं, बल्कि एक-एक रीसर्च स्टूडन्ट्स हैं। काकाजी-पप्पाजी ने उस समय जो बातें करीं, उसका आज हमें साक्षात् दर्शन हो रहा है। मैं कह रहा हूँ इसलिए नहीं मानना; बल्कि साहेब ऐसी विभूति-*

***ईश्वरमूर्ति 'विभूति' हैं।*** *ईश्वरमूर्ति यानि क्या ? एक कहावत है– ले खेंची मन लाखना, आपोआप ईश्वर होए...* ***स्वामीजी के उत्सव में भी हमने देखा कि उनसे आकर्षित होकर लाखों की संख्या में लोग आए।*** *साहेब के लिए भी मैं यही विचार में हूँ कि उनसे जुड़ा हुआ एक-एक मुक्त, एक-एक लाख के बराबर है। उनका आकर्षण ही उनकी प्रचंड शक्ति का परिचय है... लेकिन,* ***स्वामीजी*** *की भाषा में–*

***जो हमें प्रगट प्रभु के दास का दास बना दें, ऐसे साहेब खुद कैसी विभूति होंगे!***

*हमें केवल इन प्रगट स्वरुपों के* ***संबंधयोग*** *में रहना है। संबंधयोग यानि* ***'हम कुछ करे नहीं'*** *।* ***'कुछ करे नहीं'*** *का मतलब* ***पप्पाजी*** *ने समझाया था–*

*हमें कोई साधना नहीं करनी। हमारी पूरी साधना हमारे गुरु ही करते हैं। पर, उनके कार्य में हमें विघ्न खड़ा नहीं करना है।* ***विघ्न यह कि एक-दूसरे का दोष, अभाव, खटपट, झंझट और चुगली करें।*** *जैसे कि* ***अश्विनभाई और शांतिभाई*** *ने अपना मीष लेकर हम सबके लिए कहा –*

*पचास-साठ साल के संबंधयोग में ब्रह्मभाव सिद्ध कर लिया, जो करोड़ों जन्मों की तपस्या से भी सिद्ध नहीं होता। इसके लिए तो केवल प्रभु का साक्षात् संबंध अनिवार्य है।*

*महाराज की हम पर यही अपरंपार करुणा है।*

*अक्षरपुरुषोत्तम के मंदिर के निर्माण से शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज की हमें पहचान हुई। यह राह हमारे लिए अनजान थी। ऐसे बड़े पुरुषों के साथ लगाव के कारण इस रास्ते चलना संभव हो पाया। वचनामृत में भी इस बात का ज़िकर किया है–*

***ऐसे सत्पुरुषों के साथ प्रीति ही आत्मदर्शन, परमात्मदर्शन, ब्रह्मात्मदर्शन का साधन है।***

*इस साधन को हम गवाँ न दें। अर्थात् अपनी लापरवाही, बचपने या सामान्य मान कर गुमा न दें।*

*गुणातीतज्ञान में कोई क़ायदा नहीं है। जो करना है भले करो, लेकिन भगवान के भक्तों की झंझट में नहीं पड़ना। भगवान के स्वरूप के प्रति, उनके संबंध वाले मुक्तों और उनके अंतेवासी सेवकों के प्रति अत्यंत दिव्यभाव रखना। अत्यंत दिव्यभाव इसलिए क्योंकि कई बार स्वरूप के प्रति अत्यंत प्रीति के कारण, उनके सेवकों से मन अलग हो जाता है। जैसे कि ये लोग साहेब को आराम नहीं करने देते, साहेब को विचरण करवाते रहते हैं।*

*साहेब किसी के कहने मुताब़िक चलें, ऐसे हैं नहीं। ऐसे स्वरूपों की सृष्टि ही अलग है,* ***'ब्रह्मसृष्टि'*** *–जिसका हमें ख्याल ही नहीं है। भले ही हम ब्रह्मभाव की बातें करते हैं। पर,* ***जब तक हम ब्रह्मभाव में नहीं पहुँच पाएँ हैं, तब तक ऐसे सत्पुरुष कैसे-क्यों वर्तते हैं–ये जानना हमारे बस का नहीं है।*** *इसलिए, प्रार्थना करें– हे साहेब! आपके प्रति और आपके संबंध वाले मुक्तों के प्रति अखंड दिव्यभाव रहे, ऐसी हमें बुद्धि, बल, शक्ति व प्रेरणा देना!*

**प.पू. गुरुजी ने करीब पचास साल पहले की बात दोहरा कर, संतभगवंत साहेब दादा से ज़ाहिर सभा में माफ़ी माँगी, वह सुन कर एहसास होता है कि ये सभी सत्पुरुष आज भी एक साधक की अदा से हमेशा अंतर्दृष्टि करते हैं।** हमने तो मानो एक दिन पहले या कुछ समय पहले, यदि किसी से अपशब्द भी कह दिए हों या

अंटशंट बोल दिया हो, उसका तनिक भी एहसास नहीं होता। और तो और, हम खुद को ही जस्टीफाई करते हैं। पर, ये नींव की विभूतियाँ अपने वर्तन से हमें सही अर्थ में जीना सीखा रही हैं। इसके लिए उन्हें 'धन्यवाद' कहना भी बहुत छोटा शब्द लगता है। बस, अंतर से प्रार्थना करें कि अब हमारा नज़रिया बदल कर सबका माहात्म्य समझें...

प.पू. गुरुजी को शाल, खेस, बॅज एवं स्मृति भेंट अर्पण करने के बाद, **'श्री स्वामिनारायण मंदिरगाथा'** नामक ग्रंथ का अनावरण **संतभगवंत साहेबजी** ने किया। इस ग्रंथ की रचना भी संतभगवंत साहेबजी ने स्वयं कराई है। जिसमें युगल उपासना को उजागर करते सभी मंदिरों का उल्लेख किया गया है। अंत में **संतभगवंत साहेबजी** ने आशीर्वाद दिया–

*...सभी के अंतर में आनंद, उमंग, उत्साह अद्भुत है। वह देख कर, दर्शन करके सच में महाराज, गुणातीतानंदस्वामी, शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, हरिप्रसादस्वामी, महंतस्वामीजी और विराजमान सभी संत सच में खूब राज़ी हुए हैं। संतों की प्रसन्नता प्राप्त करना ही हमारे जीवन का ध्येय है और* ***' जी हज़ूरी '*** *से की गई सेवा से गुणातीत संत खूब राज़ी होते हैं... सभी के हृदय में भगवान सदैव विराजित हैं और उन्हें किस प्रकार राज़ी करूँ, इस भाव से सबने सेवा करी... जो भी क्रिया करो, वह अपने प्रभु को राज़ी करने के भाव से करो। यदि इस भाव से हम जीवन जियेंगे, तो दुनिया के किसी कोने में भी होंगे, प्रभु की शक्ति हमारे इर्द-गिर्द कार्य करती अवश्य महसूस होगी। इस बात की ट्रेनिंग हमें ऐसे महोत्सवों में मुक्तों व भक्तों के साथ रहने से मिल रही है।*

***मुझे सभा में कथा सुनने के लिए समय से जाना है, ऐसा चिंतन रहना भी हमारी 'भक्ति' है।*** *यदि यही विचार रहेगा तो कुछ भी बाधारूप होगा नहीं। जगत बाधारूप नहीं होगा और अंतर की माया भी बाधित नहीं होगी। आंतरिक और बाह्य कुसंग भी बाधारूप नहीं होगा।*

*बस एक ही ध्येय लेकर जाना कि प्रभु के लिए जीना है। सत्पुरुष के वचन से सारी प्रवृत्ति करनी हैं। भक्तों में निर्दोषभाव रख कर, 'एक मन' होकर कार्य करना है।*

*जो कुछ भी करना है, वह केवल-केवल मेरे गुरु-मेरे प्रभु राज़ी हों, यही अनुसंधान रखना है। ऐसा करने का बल, बुद्धि, प्रेरणा सभी को मिले, ये प्रार्थना है।*

*महाराज साक्षात् अपने धाम और मुक्त सहित जब विराजमान हो रहे हैं, तो ये तीन दिन में हम जितने शुभ व सत्य संकल्प और मनोरथ करेंगे, वो प्रभु पूरा करें–यही उनके चरणों में प्रार्थना।*

संतभगवंत साहेबजी के आशीर्वाद के बाद श्रीपतिं श्रीधरं... श्लोक के साथ इस सत्र का समापन हुआ। सभी ने प्रसाद के लिए प्रस्थान किया।

जो महानुभाव समाज के विविध क्षेत्र में अपनी कार्य कुशलता से सकारात्मक योगदान दे रहे हैं, उन्हें **'शालीन मानव रत्न'** से पुरस्कृत करके सम्मानित करने का आयोजन, पिछले पच्चीस साल से, **संतभगवंत साहेबजी** की प्रेरणा से **'अनुपम मिशन'** द्वारा प्रति वर्ष होता है। ऐसे महानुभावों को पुरस्कृत करने का एक मात्र प्रयोजन यही है कि इन मुक्तों की कार्यदक्षता उत्तरोत्तर प्रगति करे और इससे भी विशेष **संतभगवंत साहेबजी जैसी प्रभुधारक**

**विभूति** से जुड़ कर वे अपने जीवन को अमृतत्व प्रदान करें। इस विशिष्ट समारोह में सबको दर्शन देने के लिए **संतभगवंत साहेबजी** सायं 4:30 बजे पधारे। देश-विदेश के मुक्तों ने हार, मुकुट इत्यादि द्वारा संतभगवंत साहेबजी के प्रति अपना भाव प्रकट किया।

युवा **वैष्णव आचार्य गोस्वामी 108 प.पू. श्री द्वारकेशलालजी महाराज** एवं **गुजरात के उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेलजी** ने भी समारोह में उपस्थित होकर, महानुभावों को पुरस्कृत किया एवं सभा को संबोधित किया।

संतभगवंत साहेबजी की परावाणी **'छे माहात्म्यसभर वाणी सदा'** पुस्तक के रूप में कई भागों में प्रकाशित हुई है। **पू. भावीशा बहन** द्वारा उसी के अंग्रेज़ी अनुवाद **'स्पीरीच्युअल एसेन्स'** भाग 5 का अनावरण **माननीय श्री नितिनभाई पटेल** ने किया।

अंत में **संतभगवंत साहेबजी** ने सम्मानित महानुभावों का अभिवादन करते हुए आशीष दी –

*...भगवान स्वामिनारायण ने शिक्षापत्री में आदेश दिया है और योगीजी महाराज स्वयं भी कहते – भगवान का श्रेष्ठ सर्जन 'मानव' है।*

* *जो धन कमाता है, उसे धन द्वारा,*
* *जिसने सत्ता हासिल की हो, उसे सत्ता द्वारा*

  *या*
* *शिक्षित होकर ऊँची पदवी प्राप्त की हो, तो अपने कार्य-कौशल्य द्वारा,*

*साधु-संतों को – जिन्होंने अपने संतत्व द्वारा मानव के उत्कर्ष, विकास और प्रगति के लिए परिश्रम किया है, उन्हें सम्मानित करना भक्ति है... आपने साधुता की जो बातें की, वह साधुता हम में खिल उठे और केवल-केवल भगवान का होकर, उनमें रह कर जिएँ तथा भगवान के लिए ही संपूर्ण कार्य करें – ऐसा हम बनें ऐसी प्रार्थना।*

**9 जनवरी** की सुबह 6:00 बजे मूर्तिप्रतिष्ठा निमित्त **'यज्ञ'** का आयोजन था। निर्माणाधीन मंदिर के समक्ष यज्ञशालाएँ बनाई थीं। **संतों की अनुपस्थिति में** करीब 1300 युगल यजमानों ने 'भक्ति अर्घ्य' हेतु भाग लिया। **प्रधान आचार्य** के रूप में **प.पू. शांतिभाई** की निश्रा में **पू. डॉ. मनोजभाई सोनी**, **पू. अशोकभाई**, **पू. राजुभाई डे** एवं **पू. उत्पलभाई** ने शास्त्ररोक्त रीति से यज्ञ का माहात्म्य समझाया।

प्रारंभ में ही **प.पू. शांतिभाई साहेब** ने आशीर्वाद दिया –

*मूर्तिप्रतिष्ठा के महायज्ञ के इस महामंगलकारी अवसर पर, सभी हरिभक्तों के दर्शन से मेरा समग्र तंत्र भावविभोर हो गया। **प्रभु के साकार दिव्य प्रगट स्वरूप संतभगवंत साहेबजी द्वारा** श्रीजी महाराज एवं गुणातीतानंदस्वामी प्रगट हैं। इनके संकल्प से ही ऐसे दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, जिसमें प्रभु विराजित हो रहे हैं... जिन मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा होनी है, उसका यज्ञ हो रहा है।*

*इस यज्ञ के फलस्वरूप, हमें प्रगट स्वरूपों की प्रसन्नता प्राप्त होगी, हमारे सभी दोष टलेंगे। **'प्रसन्नता' से हृदय में भगवान का अखंड वास होगा, दोष टल जाएँगे और भगवान हर पल हमारे साथ हैं, हमारी रक्षा कर***

***रहे हैं ऐसी अनुभूति होगी।*** *ऐसी ज़बरदस्त प्राप्ति होगी। यदि हम कोई भी कर्म संपूर्ण भक्तिभाव से करेंगे, तो प्रभु हमसे प्रसन्न होंगे, फलस्वरूप हमारा समग्र तंत्र दिव्य बनेगा। जिन मूर्तियों के निमित्त यज्ञ कर रहे हैं, वे आप सबके हृदय कमल में विराजमान हो... आप सब तन, मन, धन और आत्मा से सुखी हों, जिससे कि हमें जो स्वरूप प्रगट और प्रत्यक्ष मिला है, उसका यथार्थ 'दर्शन' हो। 'महाराज और स्वामी उनके द्वारा विचरण करते हैं' – ये निष्ठा और समझ पक्की करनी है और वह दृढ़ हो जाए...*

***यज्ञ करते हुए ऐसी भावना रखें कि मेरे दोष-स्वभाव-प्रकृति की आहूति देता हूँ।***

***प्रभु की मूर्ति में मुझे जो अखंड नहीं रहने देती, ऐसी मेरी प्रकृति की आहूति देता हूँ।***

*हम ऐसे भाव से आहूति दें कि मुझे मिले स्वरूप और उनके संबंध वाले निर्दोष एवं दिव्य हैं...*

*सब पर महाराज, शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी और सभी दिव्य स्वरूपों की कृपा अखंड बरसे, ऐसी प्रार्थना।*

प.पू. अश्विनभाई, प.पू. दिनकरभाई एवं प.पू. अध्यात्मानंदस्वामीजी तो यज्ञ के मंच पर विराजमान थे ही; बाद में **संतभगवंत साहेबजी** पधारे।

यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद प.पू. अध्यात्मानंदस्वामीजी, प.पू. दिनकरभाई, प.पू. अश्विनभाई एवं अंत में संतभगवंत साहेबजी ने आशीर्वाद दिया।

## प.पू. दिनकरभाई

*...पिछले तीन दिन से खूब ब्रह्मानंद की अनुभूति हो रही है। आज बड़ा यज्ञ हुआ। इसकी विधि शास्त्रों में विस्तृत रूप से बताई है... वचनामृत गढडा मध्य 8 में भी श्रीजी महाराज ने यज्ञ का महत्त्व बताया है... अक्षरपुरुषोत्तम महाराज को अखंड धारे हुए,* ***संतभगवंत साहेबजी – जो मानव देह में हमारे साथ विचरते हैं और उनका हम दर्शन कर रहे हैं, वही आज के इस मंगलकारी महायज्ञ का फल है।*** *हम खूब-खूब नसीबदार हैं, हमारे भाग्य का पार नहीं है। सब इस भावना से ही आए हैं कि सच में साहेब दादा के खूब आशीर्वाद हम पर बरसें और वे बरसा भी रहे हैं।*

*श्रीमद् भागवत् के दसम स्कंध में उल्लेख है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में भगवान श्री कृष्ण गोपियों के संग रास खेल रहे थे। प्रथम चरण में एक गोपी के साथ एक कृष्ण थे। दूसरे चरण में दो गोपियों के बीच एक कृष्ण थे और तीसरे चरण में सभी गोपियाँ कृष्णरूप हो गईं। कृष्ण रूप बनने से गोपियों में थोड़ा-सा अहंकार उत्पन्न हुआ, तो श्री कृष्ण राधिकाजी को लेकर वहाँ से प्रस्थान कर गए।*

*इन चारों चरण के बाद एक स्टेज आती है–* ***'मैं प्रभु का प्रकाश...'***

***तो, हम सब यहाँ 'प्रकाश यज्ञ' कर रहे हैं।*** *ऐसे 'प्रकाश यज्ञ' के फल हेतु परब्रह्म स्वरूप धारक, मुक्ताक्षर पुरुषोत्तमस्वरूप धारक* ***संतभगवंत साहेबजी के चरणों में हम सब की प्रार्थना है*** *कि–इस* ***यज्ञ का फल केवल आज या कल तक सीमित न रहे, बल्कि अखंड रहे।***

*इस यज्ञ की स्मृति जब-जब करें, तब यह प्रसंग - यह दिव्यता हमारे भीतर जाग्रत रहे।*

## प.पू. अश्विनभाई

*...बड़े पुरुष के आशीर्वाद और कृपा तो हमेशा बरसती रहती है। एक-दूसरे से मिल कर उल्लास और उमंग व्यक्त करने का – सभी के प्रति अहोहोभाव प्रकट करने का यह प्रसंग है। साहेब दादा के आशीर्वाद प्राप्त करने का अमूल्य अवसर है... गुरुहरि साहेब दादा अतिशय दयालु और कृपालु हैं... हम अपने 'स्व' के भाव से बाहर निकलें और प्रभु - गुरु के भाव में डूबने की पूर्व तैयारी करें। आपने यज्ञ में आहूति अर्पण की है, तो अर्पण - समर्पण का भाव श्री ठाकुरजी और साहेब दादा ने स्वीकार किया है।*

*अब जब वे हम पर आशीर्वाद बरसा रहे हैं, तो अपने पात्र को खुला करके, उनके प्रति की भावना को प्रगट करके वह आत्मसात् करने के लिए तत्पर बनें... हमारी प्रार्थनाओं को साहेब दादा स्वीकार करें... उन्होंने कभी भी हमारे दोष, क्षति, ग़लती कभी देखी नहीं है, केवल अपनी कृपा और करूणा बरसाई है... सही अर्थ में यह 'महायज्ञ' है। किसी एक का नहीं, हम सबका महायज्ञ है।*

*प्रभु और गुरु हम सबके हैं। हे गुरुदेव! आप अपने आशीर्वाद और कृपा बरसाएँ... सबके साथ हमारी एकरूपता बने, प्रभु के भाव से सबका स्वीकार हो। यज्ञ की ऐसी पवित्रता हमेशा प्रगटती रहे।*
*यह एक दिन का यज्ञ नहीं, यह सारी जिंदगी का यज्ञ है और जीवनकाल दौरान यज्ञ की यह अग्नि, भक्ति और उसका सामर्थ्य हमारे जीवन में सतत उज्ज्वलित-प्रज्ज्वलित रहे, ऐसी हम सभी संतों की मंगल प्रार्थना है...*

*महायज्ञ के बाद अब श्री ठाकुरजी को पधराने की सुनहरी क्षण आ रही है, तब हम भक्त, दास, सेवक, सत्संगी, शिष्य सावधान बनें। गुरु और प्रभु की शरण स्वीकारने के लिए पूर्व तैयारी में अभी भी यदि कुछ बीच में आता हो, तो उसकी आहूति यज्ञनारायण को अर्पण करके 'मैं प्रभु का और प्रभु मेरे...' इस भाव से जीकर जीवन को कृतार्थ करें – ऐसी प्रार्थना।*

## संतभगवंत साहेबजी

*यज्ञनारायण द्वारा प्रतिष्ठित होने वाली मूर्तियों की पूजा-अर्चना करने का हमें मौका मिला... स्वामिनारायण भगवान ने वचनामृत में कहा है कि* ***निर्दोषभाव से जो भी सेवा-भक्ति या प्रवृत्ति करता है, तो भले लाख माईल दूर है फिर भी मेरे पास है और मेरे पास हो, लेकिन अन्यों का दोष देखता हो - भावफेर करता हो, तो मुझसे लाख गुना दूर है।***
*इसलिए, आगे बैठे हों या पीछे, सभी मुक्तों ने जिस निर्दोषभाव से यज्ञनारायण द्वारा प्रतिष्ठित होने वाली मूर्तियों की पूजा-अर्चना की है, वे सभी के पास-नज़दीक ही बैठे हैं। यह स्वामिनारायण भगवान का वरदान है, इसलिए हम सभी ठाकुरजी के सान्निध्य में हैं...*

*कल महाराज अपने अक्षरधाम और मुक्त एवं प्रगट स्वरूपों सहित विराजित होंगे, तब* ***सोनाबा*** *की स्मृति होती है। वे कहती थीं कि* ***नया राजा जब गादी पर बैठता है, तब कैदियों को जेलों से रिहा कर देते हैं और जेल दूध से धोते हैं।*** *इस प्रकार महाराज अपनी गद्दी पर विराजमान हो रहे हैं, तो हमने पिछले जो भी ऐसे कार्य किए हों*

*जिससे कि प्रभु राज़ी न हुए हों या विचार, वाणी, वर्तन से प्रारब्ध से खड़े किए हों, उन सभी को महाराज धो देंगे। सो, निश्चिंत हो जाना।*

*यज्ञ में बैठने वाले और इसका दर्शन करने वाले सभी का 'उधार पासा' जल कर भस्म हो जाएगा और हम बिलकुल स्वच्छ होकर जाएँगे।* ***लेकिन, ख़ास ध्यान रखना दोबारा प्रारब्ध खड़े नहीं करना।***

*स्वामिनारायण भगवान ने कहा कि काम-क्रोधादि, हठ, मान, ईर्ष्या के भाव को मैं गिनता नहीं; पर, इनके कारण भगवान के* ***संबंध वाले भक्तों के प्रति भावफेर करते हैं, उनका अभाव लेते हैं और झंझट करते हैं, वह 'दोष' है।***

*संबंध की महिमा काकाजी, पप्पाजी, महंतस्वामी, हरिप्रसादस्वामी ने समझाई है और बताया कि* ***योगीजी महाराज*** *के सूत्र* ***'संप, सुहृद्‌भाव, एकता'*** *से काम करो। दास का दास बन कर, मिलजुल कर 'प्रभु का सेवक' बन कर जिओ। पर, यह करने में देहभाव बाधारूप होता है... तो, आज संकल्प करके जाएँ कि हमें प्रारब्ध खड़े नहीं करने।*

***किसी की भी झंझट में पड़े बिना धन्य भाग्य-धन्य घड़ी मान कर पूजा करोगे, तो मूर्तियों से दूर होने के बावजूद भी ऐसा एहसास होगा कि उनके नज़दीक बैठ कर पूजा कर रहे हैं।*** *ऐसा पुण्य हमें मिलेगा...*

*तो, संकल्प करें–हे महाराज, हे स्वामी, हे गोपाळानंदस्वामी, हे भगतजी महाराज, हे जागास्वामी, हे कृष्णजी अदा, हे शास्त्रीजी महाराज, हे योगीजी महाराज, हे काकाजी, हे पप्पाजी, हे प्रमुखस्वामी, हे महंतस्वामी, हे हरिप्रसादस्वामी, हे अक्षरविहारीस्वामी, हे गुरुजी, हे अश्विनभाई, हे शांतिभाई, हे अध्यात्मानंदस्वामी, हे दिनकरभाई, हे प्रभु के प्रत्यक्ष स्वरूपों - सभी संतों-संत बहनों... मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा हो रही है, उससे पहले इस यज्ञनारायण की पूजा द्वारा आपकी पूजा-अर्चना करने का अनमोल मौका हमें मिला है। विचार, वाणी और वर्तन से आप राज़ी न हुए हों, ऐसे हमसे कार्य हुए हैं और प्रारब्ध चिपके हैं-एकत्र हुए हैं। हमें श्रद्धा-विश्वास है कि* ***आपकी कृपा, आशीर्वाद, माँ-बाप के संस्कारों से और पूर्व जन्म से आपके साथ के संबंध के कारण, वे आज से जल कर भस्म हो गए हैं। आज से ऐसे प्रारब्ध दोबारा खड़े करके हम दुःखी न हों। केवल आपकी मूर्ति के सुख से सुखी हों।***

*आप संकल्प लेकर आए हैं कि आपके संबंध में आए सभी का कल्याण करना है और जिनके द्वारा गुरु गुणातीत प्रगट हैं, ऐसे साधु के साथ आत्मबुद्धि और प्रीति से जुड़े सभी को जीतेजी अक्षरधाम के सुख, शांति और आनंद का भोक्ता बनाना है।*

*हमारे जीवन-वर्तन में यह संकल्प साकार हो, इसलिए हम संकल्प करते हैं कि –*

*केवल आपके आश्रय में दृढ़ता से रहेंगे।*

*आपके द्वारा दिए गए गुणातीत साधु, जिनके द्वारा आप प्रगट हैं, जिनके साथ हमें आत्मबुद्धि और प्रीति से जोड़ा है, उनकी आज्ञा में रहेंगे*

*और*

*प्रगट प्रभु के संबंध वाले सभी की निर्दोषभाव और मन, कर्म, वचन से सेवा करने का जब-जब अवसर मिलेगा, तब उसे लूटने के लिए तत्पर रहेंगे।*

*लेकिन, **कहीं भी हों या कहीं भी रहें या प्रवृत्ति करें, देश-विदेश में जहाँ भी हों और कैसा भी फ़ायदा होता हो या उत्कर्ष का मौका मिलता हो, फिर भी संबंध वाले किसी के प्रति भावफेर, झंझट, निंदा, अभाव-अवगुण में हम पड़ें ही नहीं–ऐसी हमारी रक्षा करना।***

*जब भी मौका मिले, तो संबंध वाले की सेवा करके आपकी प्रसन्नता प्राप्त करने की हमें जाग्रतता देना।*

***जहाँ हैं वहाँ, जिस मंडल में हैं वहाँ, समग्र सत्संग समाज में संप, सुहृद्भाव, एकता रख कर, मिलजुल कर, एक मन होकर, सारी प्रवृत्ति करें,** ऐसा हमारा जीवन बने–ऐसे आशीर्वाद आप बरसाना।*

*सच में आपने खूब कृपा करी है, हम धन्य हो गए... ऐसी कृपा हमेशा बरसाते रहना–ऐसी आपके चरणों में भावभरी प्रार्थना है।*

सच, **संतभगवंत साहेबजी** जैसी प्रभुधारक विभूति **का कोटि-कोटि धन्यवाद** कि उन्होंने ही कृपा करके स्वयं संकल्प करवा कर, **प्रार्थना करने की निराली सूझ देकर, सबको हल्का फूल बना कर-नई सुबह के साथ नया जीवन जीने का आशीर्दान दिया।** श्रीपति श्रीधरं... श्लोक के साथ महायज्ञ सत्र का समापन हुआ और सभी ने महाप्रसाद लिया।

**1957** में गुरुहरि योगीजी महाराज की आज्ञा से एवं गुरुहरि काकाजी के मार्गदर्शन में, संतभगवंत साहेबजी ने 4 मुक्तों के साथ **'रॉयल हॉस्टेल'** के कमरा नंबर 252 से 'गुरुसभा' आरंभ की थी और यहीं से मानो युवक प्रवृत्ति की नींव डाली थी। तत्पश्चात् **'युनिवर्सीटी हॉस्टेल'** में रहते हुए 14 नंबर के कमरे में गुरुहरि योगीजी महाराज की आज्ञा से मंदिर स्थापित किया था, जिसकी आरती **ब्रह्मस्वरूप प्रमुखस्वामी महाराज** ने की थी। अतः दोपहर 3:00 बजे वल्लभ विद्यानगर के 'युनीवर्सीटी हॉस्टल' के पास सभी एकत्र हुए और मार्ग से गुज़रते मुमुक्षुओं के परम कल्याण हेतु श्री ठाकुरजी की शोभायात्रा का आरंभ हुआ। शोभायात्रा में श्री ठाकुरजी के सिहांसन के अतिरिक्त फूलों से सुसज्जित बग्गीओं में विराजमान प्रत्यक्ष स्वरूप दिव्य दर्शन दे रहे थे। हाथ में गुणातीत समाज का ध्वज, महोत्सव का चिन्ह-सूत्र इत्यादि लेकर करीब 10,000 मुक्त तीन किलोमीटर शिस्तबद्ध चले। सभी स्वरूपों की जय-जयकार करते आनंद, उमंग, उल्लास से भक्तिनृत्य प्रस्तुत करते हुए सायं करीब छः बजे 'अनुपम मिशन' में प्रवेश करके, मंदिर के समक्ष मैदान में सभी एकत्र हुए। वहाँ पर सभी बहनों-भाभियों ने संतभगवंत साहेबजी की निश्रा में गरबा करके अपना आनंद व्यक्त किया और प्रगट प्रभु को राज़ी किया। तत्पश्चात् प्रसाद लेकर सभी **'भजन संध्या'** में एकत्र हुए। अनुपम मिशन से जुड़े कई गायकों ने अपने भक्ति प्रधान हुन्नर से मुक्तों की थकान दूर की।

सुबह 6:00 बजे महायज्ञ से आज के दिन की मंगल शुरुआत हुई थी और रात्रि ग्यारह बजे 'भजन संध्या' से समापन हुआ! सच, **प्रत्यक्ष स्वरूपों को कोटि-कोटि नमन कि अपने आश्रितों को हर प्रकार से मूर्ति का सुख देने के लिए, वे अस्सी-तिरासी वर्ष की आयु में एक युवा जैसी स्फूर्ति का दर्शन कराते हैं।**

**10 जनवरी – पौषीपूर्णिमा, मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामीजी** के **दीक्षा दिन** की सुबह 6:30 बजे प्रत्यक्ष स्वरूपों के वरद् हस्तों से **मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा** विधिवत् संपन्न होने के बाद, **संतभगंवत साहेबजी** के **80वें प्राकट्य दिन** एवं पूर्णाहुति सभा के लिए सभी पंडाल में नौ बजे एकत्र हुए। मयूर रथ पर **संतभगवंत साहेबजी** ने प्रवेश किया। वर्षों पहले गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज के प्राकट्य स्थल महेळाव में जब मूर्तिप्रतिष्ठा हो रही थी, तब **गुरुहरि योगीजी महाराज** ने संतभगवंत साहेबजी को आज्ञा दी थी कि युवकों को सूट-बूट में तैयार करके सेवा के लिए लाना। ऐसा करके संतभगवंत साहेबजी ने अपने गुरु की प्रसन्नता प्राप्त की थी। उसी की स्मृति कराते हुए देश-विदेश के कई मुक्त सूट पहन कर, हाथ में गुणातीत समाज, भारत और अलग-अलग देशों के ध्वज लिए चल रहे थे। साथ में 'सेवक साधु' की दीक्षा प्राप्त करने वाले 31 युवक भी हाथ में मूर्तिप्रतिष्ठा का ध्वज लिए, स्वागत करते हुए संतभगवंत साहेबजी के रथ को मंच तक ले आए। **सर्वप्रथम संतभगवंत साहेबजी** की निश्रा में रहते 27 मुक्तों और **प.पू. गुरुजी** की निश्रा में रहते चार मुक्तों **पू. राकेशभाई शाह, पू. पुनीत मल्होत्रा, पू. समीरभाई दवे एवं पू. मिलनभाई माणेक** को **'सेवक साधु'** की दीक्षा अर्पण करने का कार्यक्रम शुरु हुआ। सभी दीक्षार्थियों के माँ-बाप, सगे-संबंधी, पत्नी इत्यादि ने भी अपनी ओर से मंजूरी देते हुए संकल्प किया। दीक्षाविधि के अंतिम चरण में जब **'गुरुमंत्र'** देना था, तब **संतभगवंत साहेबजी** ने कहा–

***हरिप्रसादस्वामीजी आ रहे हैं, वे हम सभी के गुरु हैं। तो, वे गुरुमंत्र देंगे।***

अतः दीक्षाविधि कार्यक्रम को रोक कर, हारविधि शुरू करवाई। गुणातीत समाज के केन्द्रों के कई मुक्तों ने संतभगवंत साहेबजी को हार एवं स्मृति भेंट देकर अपनी भावनाएँ व्यक्त की। कथाकार **श्रीमान भुपेन्द्रभाई पंडयाजी** ने सभा को संबोधित किया।

तत्पश्चात् **प्रगट ब्रह्मस्वरूप हरिप्रसादस्वामीजी** पधारे। पूरा पंडाल **'दास का दास'** बनने की प्रार्थना से गूँज उठा। **संतभगवंत साहेबजी** ने **प.पू. स्वामीजी** को हार अर्पण करके, उनके दोनों हाथ अपने शीश पर रखवा कर एक छोटे बालक की भाँति आशीर्वाद लेने की याचना की। दीक्षाविधि के अंतिम चरण में **संतभगवंत साहेबजी** ने कंठी, **प.पू. स्वामीजी** ने गुरुमंत्र, **प.पू. प्रेमस्वामीजी** ने शाल, **प.पू. गुरुजी** ने बॅज और **प.पू. निर्मलस्वामीजी** ने दीक्षार्थियों को पूजा दी। तदोपरांत दीक्षार्थियों ने स्वरूपों को हार अर्पण करके आशीर्वाद प्राप्त किया। प.पू. गुरुजी की आज्ञा से **संतभगवंत साहेबजी के 80वें प्राकट्य दिन** निमित्त रचित भजन **'सोणे साहेब की हँसी, सब के दिलों में बसी...'** **पू. राकेशभाई** एवं **सेवक पू. विश्वास** ने प्रस्तुत किया

और 'अनुपम मिशन' से जुड़े युवकों ने **'जागो युवानो जागो...'** भजन पर भक्तिनृत्य-भांगड़ा करके भक्ति अदा की।

तत्पश्चात् **प.पू. स्वामीजी** ने निम्न आशीर्वाद दिया–

*पौष पूर्णिमा का मंगलकारी शुभ दिन! साकारब्रह्म गुणातीतानंदस्वामी का दीक्षा दिन! साहेबजी के प्रागट्य दिन पर उनसे इतनी ही विनती करनी है कि उनके जैसी सरलता, आध्यात्मिक विवेक और भक्ति हम सब के जीवन में प्रगटे।*

* भक्ति ही प्राण है।
* भक्ति के बिना दासत्व प्रगटेगा नहीं।
* भक्ति के बिना अहंकार का विसर्जन नहीं होगा।
* भक्ति के बिना संबंध दृढ़ नहीं होगा।
* भक्ति होगी तो हठ, मान, ईर्ष्या के भाव पिघल जाएंगे और काम, क्रोध, लोभ की पूर्णाहूति होगी।
* भक्ति से ही निर्विकल्प समाधि का सुख प्राप्त होता है।
* भक्ति से ही दासत्व व सरलता बढ़ेगी।

इन पुरुषों का प्राकट्य मनाने से भक्ति प्रगटेगी, दासत्व, सरलता बढ़ेगी। फलस्वरूप हठ, मान, ईर्ष्या, काम, क्रोध और लोभ का धीरे-धीरे वाष्पीकरण हो जाएगा - वे अदृश्य हो जाएँगे। इसलिए **ऐसे प्रागट्योत्सव मनाने चाहिए ही, ही, ही।**

साहेब के जीवन में खूब सरलता, आध्यात्मिक प्रेम, सहज निर्दंभता, निर्व्याज प्रेम और विवेक-विनम्रता है। उनमें रंच मात्र बनावट, दिखावा, अविवेक, अपवित्रता नहीं है।

**साहेब पवित्र, निर्दोष और निरपेक्ष प्रेम का सुंदर 'अनुपम स्वरूप' हैं।**

ऐसे गुरु हमारे हृदय में विराजित हों, इस हेतु निरंतर प्रयास करना है। उन्हें हमारे जीवन में आदर्श बनाना है। अपनी गुरुभक्ति अदा करने और प्रगटाने के लिए हम सब इस महोत्सव में एकत्रित हुए हैं। हममें गुरुभक्ति जितनी प्रगटेगी, गुरु के वचन पर जितना जीवन जिएँगे, उतने हमारे हठ, मान, ईर्ष्या के भाव टलते जाएँगे। साहेब जैसे गुण हम में भी प्रगटें इस हेतु हमें उनके जीवन की ओर लगातार दृष्टि रखनी है।

* साहेब ने विपरीत परिस्थिति एवं संजोगों में एक मात्र योगीजी महाराज का ही सेवन किया है।
* साहेब को देख कर योगीजी महाराज खूब राज़ी हो जाते थे।
* योगीजी महाराज उन्हें अपनी मरज़ी के अनुसार वर्तते थे।
* खूब ओत-प्रोत होकर साहेब के साथ योगीजी महाराज बातें करते थे।
* साहेब पर बापा का स्पेशियल निजी अधिकार था।
* साहेब को वे डाँट सकते थे – ऐसा संबंध था।
* साहेब में बापा सहज ही लयलीन हो जाते थे।
* दूर से देख कर कहते – आओ...! कैसा संबंध होगा!
* साहेब भी उनकी मरज़ी के मुताबिक उठाव लेते ही रहते थे।

हमें ऐसा संबंध पक्का करना है, बाकी कुछ नहीं करना। दिल से कहता हूँ – **साहेब मेरे लिए तो ख़ास आदर्श रूप थे।** साहेब खूब नॅचरल - प्रेमाल हैं। नॅचरालिटी यानि सहजता - सरलता! सो, प्रार्थना करनी है कि उनके जैसी

*नॅचरालिटी हम में प्रगटे। हमारे जीवन में रंचमात्र कपट-बनावट न रहे।* ***हमें ऐसा संबंध दृढ़ करना है कि हमें देख कर हमारे गुरु या भगवदी को आनंद हो।*** *बनावट, दंभ, दिखावे का विसर्जन हो। हमें इतना ही संकल्प करना है कि जिस सरलता, निर्दंभता, सहजता और प्रेम से साहेब हमारे साथ वर्तते हैं, हम भी उनके प्रति ऐसे ही भाव से जीवन जिएँ। साहेब को राज़ी करने का भाव हमारे हृदय में सदा उमड़ता रहे। फलस्वरूप, साहेब को अगर राज़ी नहीं होना हो, तो भी हो जाएँ। ऐसा संबंध दृढ़ करना है।*

*हम केवल संबंध दृढ़ करने के लिए आए हैं। जैसे-जैसे सरलता और दासत्व दृढ़ होगा, वैसे-वैसे संबंध दृढ़ होता जाएगा।* ***गुणातीतानंदस्वामी*** *दास और सरल होकर वर्ते, महाराज को अधिकार देकर वर्ते। ऐसे ही सरलता व दासत्व से हम अपने गुरु को अधिकार दें;* ***फलस्वरूप उनकी दृष्टि हम पर निरंतर रहे।***

*आज के शुभ-मंगलकारी दिन यही प्रार्थना करते हैं कि बापा के साथ साहेब ने वच. गढडा प्रथम 27, 37, 62, जेतलपुर 4 और 5 के जैसी निष्ठा, सरलता का संबंध स्थापित किया – वैसा हम बनाएँ। यदि वच. मध्य 13, लोया 18 और पंचाला 7 के अनुसार निर्दोषबुद्धि दृढ़ नहीं होगी, तो आख़िरी जन्म नहीं होगा। यह सब दृढ़ करने के लिए हम यहाँ आए हैं। साहेब के जीवन की ओर दृष्टि रख कर जीना ही हमारी साधना है। कभी भी उनके प्रति मनुष्यभाव का संकल्प न उठे। उनका सब कुछ जँचे। हाँलाकि कठिन है, लेकिन सहजता से जँचाने के लिए ज़रूर, ज़रूर, ज़रूर संकल्प और प्रार्थना करना। जैसे-जैसे निर्दोष मानेंगे, वैसे हम हो जाएँगे। शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज ऐसा संबंधयोग दृढ़ कराने के लिए बुद्धियोग दें, यही प्रार्थना।*

मंच पर आसीन सभी गुणातीत स्वरूपों को मोरपंख के हार अर्पण करने के बाद, मंदिर निर्माण हेतु जिन मुक्तों ने अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा की है, ऐसे कई मुक्तों ने संतभगवंत साहेबजी को हार एवं स्मृति भेंट अर्पण की। संतभगवंत साहेबजी एवं वडील संतों ने भी कई मुक्तों का शाल, खेस एवं स्मृति भेंट से अभिवादन किया।

दोपहर के दो बज गए थे, सो सबको चार-पाँच घंटे से लगातार बैठा देख कर, **संतभगवंत साहेबजी** ने क्षमा मांगते हुए अपने अंतर की बात कही –

*...आप सबने आज खूब तपस्या की। सभी कार्यक्रम में आप लोग साथ रहे। मंदिर की शुभ शुरुआत हुई।* ***जिन-जिन्होंने सेवा की है, ऐसे सभी समर्पित एकांतिक मुक्तों, भक्तों, दानेश्वरों का धन्यवाद करने के लिए कोई शब्द नहीं हैं। सभी का सम्मान करने जैसा है, ऐसे सारे भक्त हैं...*** *बहुत सुंदर मंदिर बन रहा है। मेरी सबसे प्रार्थना है कि मूर्तियों के दर्शन करके जाना। बरसात के कारण कार्य पूरा नहीं हो पाया। कॉन्ट्रक्टर ने कहा भी कि थोड़ा समय दो, तो काम पूरा कर दें। लेकिन, सभी संतों की इच्छा थी कि 'पौषी पूर्णिमा' पर प्रतिष्ठा हो। सो, आधा मंदिर तैयार हुआ और आज प्रतिष्ठा भी हो गई। हरिप्रसादस्वामीजी के वरद् हस्तों से आरती हुई। गुरुजी, अश्विनभाई, शांतिभाई, दिनकरभाई, निर्मलस्वामी, भरतभाई, रतिकाका, दिलीपभाई, वासुभाई – सभी संतों के*

*द्वारा मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा हुई। रमणीय, दर्शनीय मूर्ति हैं, जिन्हें देखते ही रहने का मन होता है...* ***इतना बड़ा प्रोजक्ट पूरा करने के लिए मैं भक्तों को वंदन-नमन करता हूँ। इन्होंने अलग-अलग विभाग में अपनी सामर्थ्य अनुसार सेवा की है... हर रविवार अलग-अलग प्रदेश के युवा-युवतियाँ यहाँ आकर, श्रमयज्ञ करते थे... रद्दी दान इत्यादि से अकल्पनीय फंड एकत्र हुआ...*** *सारे प्रोजेक्ट के लिए जब धनराशि की बात आई, तब अश्विनभाई लंडन थे।* ***अश्विनभाई के होते हुए मैंने कभी नहीं देखा कि 'अनुपम मिशन' का कारोबार कैसे चल रहा है !*** *सो, अश्विनभाई की ग़ैरहाज़िरी में मैं साधु राजु (एकाउंटन्ट) के पास गया। राजु मेरी गोद में सिर रख कर रो पड़ा कि कैसे पहुँच पाएँगे ? मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं थे। लेकिन, फिर सीढ़ियाँ उतरते हुए मुझे इतना फील हो गया कि* ***मेरा साधु अंदर से दुःखी हुआ है, तो भगवान हिल जाएँगे और लक्ष्मी की कमी नहीं ही होने देंगे।*** *बस, कान्ट्रक्टर से कह दिया कि तुम काम शुरू कर दो, मंदिर पूरा हो जाएगा। सच,* ***देश-विदेश के सभी भक्तों को धन्यवाद है कि उनकी सेवा के फलस्वरूप राजु चिंता मुक्त घूमता है... भक्तों ने पैसों से तो खूब सेवा की इतना ही नहीं, स्वयं भी श्रमयज्ञ में जुड़े हैं। मंदिर के लिए क्या न हो ? – ऐसे भाव से भक्ति-सेवा की। उसका कैसे वर्णन करूँ !*** *उनके प्रति शीश झुक जाता है। सब मुक्त मना करते हैं कि हमारा नाम न लें-सम्मान न करें, पर यदि नहीं करेंगे तो महाराज और योगीजी महाराज हम पर राज़ी नहीं होंगे।*

***छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुज़ुर्ग तक ने मंदिर की सेवा की है, इसलिए सबको लगता है कि यह मंदिर हमारा है और मूर्तियाँ खूब खुश होकर आशीर्वाद बरसा रही हैं। जिस-जिसने तन, मन, धन और आत्मा से सेवा की है, उनके लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि प्रभु ! उन्हें अनंत गुणा देना। लेकिन जैसे कि स्वामीजी ने कहा – दासत्व और भक्ति भी देना।*** *जीवन में, घर-परिवार में संप, सुहृद्भाव और एकता के सिद्धांत से समन्वय हो। वे सभी अक्षरधाम के सुख से सुखी हों...*

*आज जो कुछ भी है और हो रहा है, तो अक्षरधाम की सभा में निष्कपटभाव से कहता हूँ कि हमने कुछ नहीं किया।* ***सब कहते हैं कि योगीबापा की एक-एक आज्ञा पाली, ऐसा नहीं है।*** *आप लोग जिस महिमा और भक्ति से आज्ञा पालते हो, आप जिस समर्पणभाव-अहोहोभाव से सेवा करते हो, वो हमने नहीं की। फिर भी बापा ने हमें इतना कुछ दिया, तो तुम तो निहाल हो जाओ, इतना भगवान देने वाले हैं।* ***हम उनमें प्रेम और लगाव से खींचे गए। काकाजी, पप्पाजी और स्वामीजी (प्रभुदासभाई के रूप में) ने जतन किया। अब आप लोगों का साथ मिला तो हो पाया, वर्ना हमारी तो गुंजाईश ही नहीं है। ऐसे गुरु मिले और आप सब भक्तों का साथ मिला, तो यह सब हुआ और हो रहा है...***

*हॉस्टेल में 14 नंबर के कमरे में बापा की आज्ञा से मंदिर बना कर, उनके प्रेम के वश वचनामृत, स्वामी की बातें और नियम-चेष्टा का पालन किया और* ***बापा ने काकाजी का जोग दिया। काकाजी के सान्निध्य में बापा का होकर जीवन जीने का संकल्प हुआ।*** *बाद में पप्पाजी की आज्ञा से ब्रह्मज्योति आए...*

*हम तो जगत के सुख-समृद्धि के भोग-विलास में लीन युवक थे और सोचते थे कि पढ़-लिख कर विदेश जाएँगे और ऐशो-आराम की जिंदगी जिएँगे। ऐसी सोच से हमारी जीवनरूपी ट्रेन चल रही थी। लेकिन, जैसे ट्रेन में बैठे-बैठे नींद आ जाए और यदि पाईन्ट्समॅन (कांटे वाला) लिवर घुमा कर, बिना किसी जर्क के ट्रेन को 90 डिग्री पर मोड़ देता है, तो ख्याल नहीं पड़ता कि वह कहाँ जा रही है। फिर जहाँ जाना था, उसके बजाय कहीं और पहुँच जाते हैं। ठीक उसी प्रकार, योगीजी महाराज ने एक लिवर घुमाया तो हम माला फेरते हो गए। पर,* ***यह बात भी पक्की है कि हम जहाँ आए, वहाँ खूब सुखी हैं।*** *ऐसा बापा ने हमारे लिए कर दिया।*

***...सब धर्म, नियम, व्रत, तप की बातें करते हैं, वह करना है; उसके लिए मैं मना नहीं करता, लेकिन मूल सिद्धांत से यदि चूक गए, तो यह कुछ काम का नहीं है।*** *शास्त्रीजी महाराज ने अक्षरपुरुषोत्तम का सनातन सिद्धांत यही दिया कि भगवान साकार, कर्ता-हर्ता हैं और साधु द्वारा प्रगट हैं, हैं और हैं। ऐसे साधु के प्रति आत्मबुद्धि और प्रीति हो व उनकी आज्ञा का पालन करें, तो जीतेजी अक्षरधाम का सुख, शांति और आनंद भोग पाएँगे... भगवान जीवन में रहेंगे तो वे सर्व प्रकार से सुखी करेंगे। प्रगट संत के साथ किसी भी प्रकार से जुड़ कर, दो हाथ जोड़ कर निर्दोषभाव युक्त भक्तों की सेवा करेंगे, तो हँसते-खेलते अक्षरधाम का सुख प्राप्त करोगे... हँसते-हँसते सेवा करने से भगवान व संत राज़ी होते हैं।*

***साधु के राज़ी होने पर हमारा जीवन परिवर्तन होता है।*** *अक्षररूप होकर, परब्रह्म की सेवा का अधिकार प्राप्त करने की यह उपासना है...*

***गुरुजी*** *को मैं स्पेशियल प्रणाम करता हूँ। संतों, बहनों और सौ जितने हरिभक्तों को लेकर आप आए।*

*कल रैली में किसी प्रकार का संकोच रखे बिना, यहाँ की बहनों के साथ* ***दिल्ली की बहनें*** *गरबा करके जो भक्ति अदा कर रही थीं, वह देख कर प्रेम बढ़ गया...*

***निर्मलस्वामीजी*** *तथा संत आए।*

***हरिप्रसादस्वामीजी की तबियत नादुरस्त थी, फिर भी हमें आशीर्वाद देने के लिए ख़ास आए...*** *स्वामीजी, अक्षरविहारीस्वामीजी से सब कुछ फाइनल कराने के बाद ये मूर्तियाँ पधराई हैं। इस प्रसंग को अद्भुत बनाने के लिए आप सब लोग समय निकाल कर, पैसा खर्च करके आए, तो सबका अभिनंदन है...*

***आप यहाँ से महिमा की दृष्टि लेकर घर जाना और अन्यों में बाँटना। इसलिए प्रभु बल, बुद्धि, प्रेरणा दें, ऐसी प्रार्थना...***

मुक्तों द्वारा की गई अनुपम भक्ति से राज़ी होकर, संतभगवंत साहेबजी, प.पू. अश्विनभाई एवं प.पू. शांतिभाई ने उन्हें सम्मानित करते हुए खेस व स्मृति भेंट अर्पण की और श्रीपतिम् श्रीधरं... श्लोक के साथ महोत्सव का विसर्जन हुआ। दोपहर को महाप्रसाद लेने के बाद अधिकतर सभी ने प्रस्थान करना शुरू किया।

**प.पू. गुरुजी** एवं कुछ मुक्त वडोदरा से सायं की फ्लाईट से दिल्ली लौटे और अन्य कुछ मुक्त राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। यूँ, लगातार दस दिन तक गुजरात में रह कर हम अपने मंदिर लौटे...

# 25 जनवरी–प.पू. दिनकर अंकल की निश्रा में प.पू. दीदी का 59वाँ प्राकट्योत्सव






स्वरूपों की महिमा का करके गुणगान , कराती हमें गुणातीतभाव का ज्ञान
हमारी ही चिंता करती रहतीं दिन-रात , हे दीदी! आप हो गुरुजी की सौगात...















# प.पू. दीदी के प्राकट्योत्सव की दिव्य स्मृतियाँ...




















तेरी गोद में सिर है मैया, अब मुझको क्या डर है मैया!
मुझ पे तेरी नज़र है मैया...



















दीदी कोहिनूर हीरे से बढ़ कर चिंतामणि हैं–गुणातीत स्वरूप हैं। काकाजी उन पर बहुत राज़ी हैं।

– प.पू. दिनकर अंकल




## 26 फरवरी – प्रजासत्ताक दिन





'अक्षरतीर्थ' गुरुहरि काकाजी के समाधि स्थल पर
प.पू. गुरुजी एवं प.पू दिनकर अंकल की निश्रा में अखंड परिक्रमा...







# प्रत्यक्ष स्वरूपों के सान्निध्य में बीते सुनहरे पल एवं परिक्रमा की पूर्णाहुति...

















## 1 फरवरी – कॅप्टन पू. विपिन यादव को जीवन की अद्भुत स्मृति देते प.पू. गुरुजी...










## पवई में प.पू. भरतभाई का प्राकट्योत्सव...









## 2 फरवरी – प.पू. दिनकर अंकल एवं प.पू. बापु का अमृत पर्व...







## 3 फरवरी – नवी मुंबई में पू. प्रमीतभाई संघवी की फॅक्ट्री को पावन किया...









## मुंबई–घाटकोपर में पू. अनिलभाई माणेक के घर आनंदोत्सव...











## मुंबई-गोरेगांव में पू. ओ.पी. अग्रवालजी के निवास स्थान पर...







**'13 जनवरी'** **प.पू. आनंदी दीदी** का प्राकट्य दिन होता है, लेकिन अब की बार **25 जनवरी** को यह उत्सव मनाने के कारण, केवल स्थानिक मुक्तों के साथ वह मनाया गया। अगले दिन **14 जनवरी** को हर वर्ष की भाँति **'मकर संक्रांति'** निमित्त मंदिर के क्षेत्र में प.पू. गुरुजी संतों एवं मुक्तों के साथ भिक्षा के लिए गए।

**प.पू. दीदी के प्राकट्य दिन** पर पिछले कई साल से **प.पू. दिनकरभाई** आशीर्वाद देने के लिए आते ही हैं। सो, अबकी बार दिनाँक बदलने पर भी **25 जनवरी** को वे आशीर्वाद देने के लिए **पू. किशोरभाई मास्टर्स** के साथ आए। अक्षरनिवासी **प.पू. महेन्द्र बापु** तब पंजाब के दौरे पर थे, सो वे भी आए थे। **25 जनवरी** की सायं मंदिर के 'कल्पवृक्ष' हॉल में, प.पू. दिनकरभाई, प.पू. बापु की निश्रा में **प.पू. दीदी का 59वाँ प्राकट्य दिन** बहनों-भाभियों ने उत्साहपूर्वक मनाया। दूसरे दिन **26 जनवरी** को **गुरुहरि काकाजी** के समाधि स्थल **'अक्षरतीर्थ'** पर अखंड परिक्रमा का कार्यक्रम था, सो सुबह 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक **प.पू. गुरुजी, प.पू. दिनकरभाई** एवं **प.पू. महेन्द्र बापु** के सान्निध्य में हरिभक्तों ने परिक्रमा-भजन करके स्वयं को कृतार्थ किया।

**31 जनवरी** को **प.पू. दिनकरभाई, प.पू. बापु** एवं पू. किशोरभाई मास्टर्स मुंबई के लिए रवाना हुए और... **1 फरवरी** की प्रातः 9:00 बजे **प.पू. गुरुजी** 19 मुक्तों के साथ, **प.पू. दिनकरभाई एवं प.पू. बापु के अमृतपर्व** एवं **प.पू. भरतभाई के 66वें प्राकट्योत्सव** में मुंबई जाने हेतु एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए।

प.पू. गुरुजी अब अकसर दिल्ली से गुजरात-मुंबई बाई एयर जाते हैं, परंतु इस बार ख़ास **'एयर एशिया'** से जा रहे थे और इसकी वज़ह यह थी कि को-पायलट के रूप में, दिल्ली मंदिर के आत्मीय **पू. विजयपालजी** का छोटा बेटा **पू. विपिन,** जिसे प.पू. गुरुजी **'कॅप्टन'** कहते हैं, वह इस फ्लाईट को चलाने वाला था।
विपिन की तो ख़ुशी का ठिकाना न था, क्योंकि 2008 में जब वह न्यूज़ीलैंड में पायलट ट्रेनिंग के लिए गया था, तब वो पहली क्लास में ही नर्वस हो गया था और उसने वापिस लौटने का मन बना लिया था। लेकिन, फोन पर बात करते हुए **प.पू. गुरुजी** ने विपिन को मानो आशीर्वाद दिया–

***तू यह सोच कि तू प्लेन चला रहा होगा और मैं तेरे पीछे बैठूँगा।***

बस, इसी सोच और आशीष के बल पर विपिन पायलट बन गया और 12 साल के बाद आज प.पू. गुरुजी अपना कॉल पूरा कर रहे थे।
सुबह 11:55 को उड़ान संख्या I 5-716 से मुंबई के लिए रवाना हुए। प.पू. गुरुजी अकसर कहते हैं कि **हमारा व्यवहार ही अन्यों को 'सत्संग' का परिचय देता है। जगत में** रह कर अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए, **पू. विपिन अपने व्यवहार से प.पू. गुरुजी की पहचान भी बना है।** इसलिए विमान के मुख्य कप्तान और सभी कर्मचारियों ने पू. विपिन के मनोभाव से जुड़ कर खूब अपनेपन से प.पू. गुरुजी और साथी मुक्तों की ख़ातिरदारी करी। यूँ प.पू. गुरुजी ने पू. विपिन को चिरंजीव स्मृति दे दी। प्लने से उतरते हुए प.पू. गुरुजी ने सारे स्टाफ को स्मृति के रूप में माला भेंट दी।
एयरपोर्ट पर **पू. ओ.पी. अग्रवालजी, पू.दीपक अग्रवाल,पू. अभिषेक त्रिवेदी** और **पू.मिलन माणेक** ने **प.पू. गुरुजी** का हार व अन्य मुक्तों का कलगी से स्वागत किया।

एयरपोर्ट से प.पू.गुरुजी एंव भक्तगण **पू. अनिलभाई माणेक** के घर गए। वहाँ अल्पाहार के बाद पवई मंदिर गए। गोल्फकार में बैठ कर **प.पू. गुरुजी, प.पू. दिनकर अंकल, प.पू. भरतभाई** और **प.पू. बापु** सभा स्थल पर पहुंचे। **प.पू. भरतभाई के 66वें प्रागटय दिन** की यह सभा थी। सभा में कुछ मुक्तों ने अपने उद्गारों से प.पू. भरतभाई के प्रति भक्ति अदा की।

अनुपम मिशन से आए **प.पू. हर्षदभाई** ने आशीर्वाद देते हुए कहा –

*...वक्ताओं की बातें सुन कर मेरी तो बोलती बंद हो गई। इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि **दिनकरभाई, बापु भरतभाई, वशीभाई ने काकाजी का सेवन किया है। जिस गुरु का सेवन करते हों, उसके गुण शिष्य में आने चाहिएँ। तो, काकाजी के गुण इनमें आए हैं।** मुझे एक प्रसंग याद आता है कि जब सत्संग में भगतजी महाराज की महिमा खूब बढ़ी थी, तब कइयों ने गुणातीतानंदस्वामी से कहा कि आपने भगतजी को बहुत ऐश्वर्य दे दिया है। सब जगह पर वो भगवान होकर पूजा जाता है। तब गुणातीतानंदस्वामी ने कहा – दिया नहीं, हाथ छुटी बला हो गई। मतलब आशीर्वाद फिसल गए हैं। यूँ **काकाजी इन भाइयों पर ढल गए हैं।***

*हम कई जन्मों से इन स्वरूपों के सान्निध्य में अपनी कसर टलवाने के लिए उनके साथ आते हैं... साहेबजी एक बार सभा में बोले थे कि अगर **योगीजी महाराज और शास्त्रीजी महाराज सदेह हाज़िर होते, तो महिमाभरा ये समाज देखकर बहुत खुश हो जाते...** भक्तों में एक-दूजे के प्रति प्रेम होगा, तो स्वरूपों को तकलीफ नहीं होगी। **यदि दिल से संत को राज़ी करने की भावना है, तो उनके आदेश का पालन करें, प्रेम से रहें और महिमा समझें।** यह बात बोलने में अच्छी लगती है, लेकिन प्रॅक्टिकली इट इज़ वेरी डिफिकल्ट। पहले तो घर-परिवार में महिमा समझें; फिर, पड़ौसी की बात तो अलग रही।*

***शास्त्रीजी महाराज के वचन से काकाजी-पप्पाजी और कांतिकाका ने एक होकर जीवन जीया।** प्रसंग नहीं बने होंगे क्या? लेकिन **उनकी दृष्टि केवल शास्त्रीजी महाराज की ओर थी, इसलिए प्रसंग उनकी एकता को तोड़ नहीं सके।** उन्हें ख्याल था कि एक होकर रहने से शास्त्रीजी महाराज राज़ी होते हैं... हम सबको यही करना है कि हमारी दृष्टि सत्पुरुष की ओर रहे। दिल में एक ही भावना रहे कि उन्हें राज़ी करना है। कैसे करना है, उसकी रीति सबके लिए अलग-अलग है। पर, काकाजी ने जो सूत्र दिया है–*

***'प्रेम से रहो, महिमा समझ कर रहो।'***

*इस सूत्र को ध्यान में रख कर 'प्रसंग' पर सोचना कि दिनकरभाई, बापु, भरतभाई को अच्छा लगेगा क्या?*

*...इन लोगों ने जैसे काकाजी का सेवन करके उनके गुण प्राप्त किए, उसी प्रकार इनके गुण हममें तभी आएँगे, जब हमारी निगाह उनकी ओर रहेगी...*

*तो, आज दिल से यही प्रार्थना करते हैं कि आपने जिस प्रकार काकाजी का सेवन किया और गुण प्राप्त किए, ऐसे ही हम आपका सेवन करें। जीवन में चाहे कोई भी तकलीफ हो या प्रसंग बनें, हमारी दृष्टि केवल आपकी ओर रहे और आपको राज़ी करके अंतर की प्रसन्नता प्राप्त करें...*

**प.पू. वशीभाई** ने माहात्म्य दर्शन कराया –

*...**लोहा** गर्मी में एक्सपान्ड हो जाता है और ठंड में सिकुड़ जाता है। रेलवे की लोहे की पटरी को देखेंगे, तो दो पटरी के बीच गॅप रखा जाता है, ताकि गर्मी में एक्सपान्ड होने पर वे एक-दूसरे के करीब आकर टकराए नहीं। लेकिन, **सोना हर ऋतु में एक सरीखा रहता है। भरतभाई ऐसे हैं। काकाजी के पास 1972 में आए तब से 1986 तक वे उनके पास सरल, 'दास का दास' बन कर रहे और आज भक्तों के पास भी ऐसा जीते हैं।** कोई भी प्रॉब्लेम लेकर आता है, तो उसका समाधान देते हैं...*

*इन स्वरूपों के पास ज्ञान, भक्ति, धर्म है, लेकिन इन सबसे अधिक इन्होंने भगवान अखंड रखे हैं, वो इनका विशिष्ट पहलू है। कोई भी प्रॉब्लेम आ जाए, तो उसे भगवान पर छोड़ते हैं... सत्पुरुष की ओर दृष्टि कैसी रखना, वो भरतभाई खुद अपने वर्तन से सिखाते हैं।*

*एक सुबह काकाजी ने भरतभाई को एक लेटर पोस्ट करने के लिए दिया। रात को जब भरतभाई पैर दबाने के लिए गए, तब काकाजी ने उनसे पूछा – वो लेटर पोस्ट कर दिया। भरतभाई ने जैसे ही 'हाँ' करी, काकाजी उठे और लाइट जलवा कर उन्हें प्रसाद दिया। वह क्यों ? क्योंकि अकसर हम अपनी कॉन्सियसनेस में सत्पुरुष का दिया काम भूल जाते हैं, लेकिन भरतभाई ने वह याद रखा था ! आज भी वही स्टाइल है। अमेरिका से आने वाले भक्त भरतभाई को फोन करते हैं कि इस तारीख को इस फ्लाइट में वे आएँगे। तो, इमीडिएटली किसी सेवक को भरतभाई कह देते हैं और सेवक उसे एग्ज़ीक्यूट करते हैं। यह उनका एक विशिष्ट गुण है। दूसरा गुण – उनकी स्पष्टता, चौकसाई और परफेक्शन है। किसी भी काम को हाथ में लेने के बाद इसे पूरा करके ही उन्हें चैन आता है...*

*...भगवान हमारी कसर टालने के लिए हमें पृथ्वी पर लाए हैं। हे गुरुजी ! भरतभाई ! आपके चरणों में प्रार्थना है कि पहले प्रकरण की पहली स्वामी की बात में जैसा लिखा है, वैसा भगवदी का माहात्म्य समझ कर हम अपनी कसर टालें। भगवान अखंड रखे हुए पुरुष मिले हैं, तो आज प्रार्थना है कि **जैसे हम जीवन जीने की कला, पैसा कमाने की कला, अच्छा बनने की कला सीखते हैं, ऐसे ही आपसे भगवान अखंड रखने की कला सीख जाएँ...***

तत्पश्चात् गुरुहरि काकाजी के साथ **प.पू. भरतभाई** के संबंध को दर्शाता एक **वीडियो प्रेज़नटेशन** दिखाया गया और... फिर **प.पू. भरतभाई, प.पू. बापु, प.पू. निष्कामजीवनस्वामीजी, प.पू. दिनकरभाई व प.पू. गुरुजी** ने आशीर्वाद दिया –

## प.पू. भरतभाई

*...काकाजी के ज़रिये 'स्वामिनारायण भगवान' मिले, वही हमारा सबसे बड़ा भाग्य है। उनके अखंड धारक काकाजी मिले, सो बहुत बड़ा लाभ हो गया। जैसे लोहे को पारसमणि का स्पर्श हो और लोहा सोना बन जाए, फिर हम कितनी भी कोशिश करें, सोने से लोहा नहीं बनता। इसी प्रकार, काकाजी का स्पर्श हुआ और उन्होंने हम पर दृष्टि की थी। मैं सिर्फ मेरी बात नहीं कर रहा हूँ, बल्कि **किसी गुणातीत स्वरूप-संतों के संबंध में जो भी आए***

***हैं, वे सभी उनके संबंध से निहाल हो गए हैं।*** *सुबह मैं गुरुजी से कह रहा था कि* ***काकाजी के स्पर्श से हम गोल्ड जो बन गए हैं, तो अब लोहा बनने की उम्मीद नहीं है।***

*काकाजी ने सब संतों, भक्तों और बहनों के साथ हमें जो 'आत्मीयता' कराई, एक प्रेमभाव बढ़ाया – वो हमारा बहुत बड़ा भाग्य है...* ***काकाजी ने हमें ग्रहण करके हम पर विश्वास रखा है, तो हमें भी विश्वास है कि वे पार लगा देंगे ही।*** *उनके संबंध का ऐसा माहात्म्य है...*

*काकाजी हमेशा कहते थे – कोई भी प्रसंग - समस्या हो, तो 'ताड़देव' मंदिर की मूर्तियों के समक्ष 15 मिनिट धुन करना, आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा।*

*ऐसे ही पवई में मूर्तियाँ हैं, उनके सामने धुन करने से आपकी प्रॉब्लॅम सॉल्व हो जाएगी... जीव में बल आएगा... 'स्वामिनारायण' मंत्र का माहात्म्य जीव में बैठेगा।*

*जीव में बल पाने के लिए 'स्वामिनारायण मंत्र' सर्वोपरि है।*

*उससे भी आगे काकाजी कहते थे – भले मुझमें कोई ताक़त नहीं है, मैं कुछ कर नहीं सकता, मुझसे कुछ होगा नहीं। लेकिन, तीव्र अभीप्सा रखो कि 'मुझे प्रभु को राज़ी करना है।' काकाजी हमेशा पूछते थे – आपको करना है ? हम 'हाँ' कहते, तो वे कहते थे – हो गया !*

*लेकिन, साथ में काकाजी कहते – करना है इसका मतलब क्या ? आपकी भावना सच्चे दिल से पक्की होनी चाहिए। सो, हमारी तीव्र अभीप्सा हमेशा बनी रहे कि हमें ये स्वरूपों को राज़ी करना है, उनकी प्रसन्नता पानी है। वे हमसे जो कराना चाहते हैं, वो हमें करना ही है। तब सहज में ही सब होने वाला ही है, होता ही रहेगा और हो रहा है।*

*काकाजी हमेशा कहते थे – अपने हुन्नर से आप ऐसा 'सत्कर्म' - अच्छा कर्म करो, जिसकी किसी को ज़रूरत हो। अपने गुरु - संत को राज़ी करने के लिए कोई भी अपेक्षा के बिना, सेवा में लगो...*

*काकाजी एक और तरीका बताते थे कि आप* ***रात को प्रार्थना*** *करो – हे प्रभु ! कल मुझसे अच्छा सत्कर्म कराना, जिससे आप राज़ी हो जाओ। दूसरे दिन 'सत्कर्म' करने का आपको सामने से मौका मिलेगा और उससे आपको खूब बल मिलेगा।*

***काकाजी कहते थे –*** *आपको बुला कर हम यदि कहेंगे कि यहाँ बैठने की पाँच हज़ार फीज़ है, तो आप एकदम एलर्ट रहोगे कि पाँच हज़ार रुपया दिया है। पर,* ***मैं मुफ़्त में देता हूँ, इसलिए आपको वॅल्यू नहीं है और आप भूल जाते हो।***

*एक आशीर्वचन में काकाजी ने कहा है कि* ***मैं लुहार हूँ, सबको चाबियाँ बना कर देता हूँ; पर, आप सब चाबी खो देते हो और मैं फिर दोबारा बना देता हूँ !***

*इतने दयालु, करुणासागर स्वरूप काकाजी मिले हैं कि हमारे तो भाग्य का पार नहीं है... हमें ऐसा जीवन जीना है कि सबको हमारा गुण ही आए। अभाव - अवगुण में जाएँ ही नहीं। मैंने कहीं पढ़ा है कि* ***दूसरे को अच्छा लगे ऐसा तो जी सकते हैं, मगर दूसरे को अच्छा न लगे ऐसा न जीएँ, वह भी एक तरह की 'अहिंसा' है।***

*तो, आज स्वामिनारायण भगवान व गुणातीत स्वरूपों के चरणों में ऐसी प्रार्थना करनी है कि सामने आये व्यक्ति को भगवान के भाव से देखें... सबको महाराज, काकाजी और प्रभु का स्वरुप मानकर देखते हो जाएँगे, तो प्रसन्नता सहज में मिलेगी... कोठारीस्वामी, प्रेमस्वामी, अश्विनभाई, शांतिभाई, हर्षदभाई ये सब इसी भाव से जीते हैं। तो, सेवक के सेवक, दास के दास बनकर हम रहें और गुणातीतभाव में जाएँ यही प्रार्थना है...*

## प.पू. महेन्द्र बापु

*...आप लोगों को शायद नहीं मालूम होगा,* ***भरतभाई के जीवन में मेरा इंपोंटेंट रोल है।*** *योगी बापा के वचन से मैंने सभा शुरू की थी, तो मैं भरतभाई को बुलाने गया था। वे हमारे मंडल में आते थे। लोनावाला, वरसोवा में काकाजी-पप्पाजी जो शिविर करते थे, वो कथावार्ता मैं लिख कर लाता था और भरतभाई को उसे फॅर में लिखने के लिए देता था। वे कभी मुझे 'ना' नहीं कहते थे। काकाजी के पास आने के लिए मैं जब भी कहता था, तो वे आते थे।* ***पप्पाजी का सूत्र है–आध्यात्मिक समताभरी निर्दोषबुद्धि सब में हर पल रखना। ये सूत्र भरतभाई ने सिद्ध किया है।*** *ऑफिस में मेरे साथ काम करते थे। लेकिन वहाँ भी उन्होंने मेरे अंदर निर्दोषबुद्धि रखी थी, वो मुझे मालूम है। उन्होंने कभी भी मेरे प्रति भावफेर नहीं किया और इतना ही नहीं, जब कोई पूछे कि बापू कहाँ गए हैं ? तो कहते–बापू काकाजी की सेवा में ही गए होंगे... भरतभाई ने ये साधना की हुई है।*

*काकाजी ने साधना की पूर्णाहुति का मंत्र दिया है–'सचेतन, सक्रिय, समतापूर्वक का साक्षीभाव।' मैं जब भी* ***भरतभाई को*** *देखता हूँ-बात करता हूँ, तो एक ही विचार आता है कि बचपन में मैंने कविता पढ़ी थी–*

*'खड़ा हिमालय बता रहा है, डरो न आंधी-पानी से; खड़े रहो तुम अपने पथ पर सब संकट-तूफानों में।'*

*उन्हें* ***कभी भी परेशान–उद्वेग में नहीं देखा। उनकी सौम्यता, धीरजता, गंभीरता ऐसी की ऐसी ही मैंने देखी हुई है...***

## प.पू. निष्कामजीवनस्वामी 'गुरुजी' (सांकरदा)

*...प.पू. भरतभाई के जन्मदिन पर सब मुक्तों ने माहात्म्य की खूब बातें कीं।* ***अक्षरविहारीस्वामीजी*** *के शब्द याद आते हैं कि–* ***'कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है।' भरतभाई ने*** *अपने जीवन में जो प्राप्ति की है, वह ऐसे ही नहीं हुई है।* ***काकाजी के वचन में 'स्व' का होम कर दिया है, तो आज उनकी प्रसन्नता मिली है।***

*महाराज ने पाँच सौ परमहंस-संत बनाए, लेकिन उनमें से एक गुणातीतानंदस्वामी थे, जिनके ऊपर उनकी दृष्टि पड़ी और अपना वारिसदार बनाया। इसी प्रकार काकाजी के जोग में बहुत सारे भक्त थे, उसमें से* ***वारिसदार के रुप में काकाजी ने भरतभाई को पसंद किया।*** *ये सचमुच समझने और विचारने जैसी बात है।*

*स्वरूपों को राज़ी करने के लिए संप, सुहृद्भाव और एकता रख कर, संबंध की महिमा समझकर सबकी सेवा करते हुए हम सबके अंतर की प्रसन्नता प्राप्त कर सकें –ऐसा जीने के लिए पू. भरतभाई, पू. गुरुजी, पू. दिनकरभाई साहेब और सभी स्वरूप खूब-खूब बल प्रदान करें यही आज के दिन अंतर की प्रार्थना।*

## प.पू. दिनकरभाई

*...कल दिल्ली में थे और दो दिन पहले गुरुजी के पास बैठे थे। तब गुरुजी पवई जाने वालों की लिस्ट चॅक करवा रहे थे, तो हमारे* ***'नक्षत्र'*** *की बात आई। नक्षु पिछले साल अमेरिका आया था और अभी जनवरी के इतने प्रोग्राम भी एटेन्ड किए। स्कूल में पढ़ाई करता है, तो नॅचरली उनके पेरन्ट्स को ऐसा होगा कि वो स्कूल में ज़्यादा टाइम दे। उसके प्रींसीपल दिल्ली मंदिर में आए थे। उनका भी हमें दर्शन हुआ। क्रिश्चियन बिलिफ वाले साऊथ इंडियन हैं और बहुत ही सॉफ्ट है। नक्षत्र को यहाँ लाने की बात पर कइयों ने इस ऑप्शन को खड़ा किया कि उसकी इतनी-इतनी एब्सेंस हुई हैं और शायद एटेंडन्स बहुत बची नहीं हैं, तो अब वह पवई कैसे जा पाएगा ?*

***भरतभाई और बापु के बर्थडे की महिमा गुरुजी को कितनी है,*** *वो समझाने के लिए मैं यह बात बता रहा हूँ। गुरुजी ने सब संत बहनों, संतों व हरिक्तों के सामने कह दिया कि* ***स्कूल भाड़ में जाए, लेकिन उसे ले जाना है...***

*ये बात मैं इसलिए बता रहा हूँ कि आज हम सब यहाँ आए हैं, वे* ***नक्षत्र की समझदारी में से सीखें।*** *गुरुजी ने नक्षत्र को फोर्स नहीं किया और* ***उससे पूछा कि तेरी क्या इच्छा है ? तेरह साल के नक्षत्र ने जवाब दिया–गुरुजी, आप जो कहो वही। हम 50 जन्मों से नहीं कर पाए, वो नक्षत्र कह रहा है कि आप जो कहो।*** *फिर उसके पप्पा – आशिषभाई ने भी कहा कि नक्षत्र को ले जाना। गुरुजी की मर्जी में पप्पा का भी कितना डेडीकेशन है ! उससे आगे गुरुजी ने अपने आनंदी मूड में एक बात कही कि उसके प्रींसीपल से नक्षत्र के आने-जाने का किराया लेना है। प्रींसीपल भी बड़े मुक्तराज हैं कि देने को तैयार हो गए !*

***...भरतभाई का बर्थडे हमारी समझ से बहुत बड़ा है।*** *मैं ये बात आपको समझाना चाहता हूँ कि गुरुजी कौन-सी नज़र से देख रहे हैं ? गुरुजी नक्षत्र को कैसा तैयार कर रहे हैं ? पढ़ाई इज इम्पोर्टटेंट – यू नो। लेकिन, उनके आशीर्वाद से वो पास हो जाएगा इतना ही नहीं;* ***आज जो भी यहाँ आए हैं, उन सबका भी भाग्य खुल जाएगा...***

## प.पू. गुरुजी

*...नक्षत्र को लाने का इंसीडन्ट यहाँ कैसे रिलेट होता है, वह बात बताता हूँ। बहुत साल पहले की बात है ; अपना* ***दर्शन,*** *नक्षत्र की उम्र से 2-3 साल छोटा होगा। हम ताड़देव की सीढ़ियाँ चढ़ रहे थे और छोटे-छोटे पाँव से वो आगे सीढ़ी चढ़ रहा था। मुझे ऐसा हुआ कि काकाजी के साक्षात्कार निमित्त* ***3 फरवरी*** *का फंक्शन है; इसे क्या समझ आती होगी, जो आज इतना जल्दी तैयार होकर आया है। मैंने उससे* ***सहज ही पूछा – तू भी ऊपर आ रहा है ? उसने एकदम जवाब दिया– काकाजी का साक्षात्कार दिन है, मैं नहीं आऊँगा तो कौन आएगा ?*** *हम मानते हैं कि हमें ही महिमा है।* ***मुझे हुआ कि बचपन से अगर संस्कार दृढ़ होते हैं, तो आगे जाकर ये संस्कार परिपक्व होकर हमारे प्रारब्ध-प्रकृति को टालेंगे।*** *हमें ऐसा समर्थ बना देंगे कि सामने आए हुए मुक्त को हम दिव्य मान पाएंगे। तो ये थी नक्षत्र को लाने की कहानी...*

*स्वामिनारायण संप्रदाय को* ***'जीवंत संप्रदाय'*** *कहते हैं। अन्य किसी संप्रदाय के लिए 'जीवंत संप्रदाय' बोला नहीं जाता। बात जग ज़ाहिर हो गई है कि 'स्वामिनारायण संप्रदाय' जीवंत संप्रदाय है।* ***एक चलती-फिरती व्यक्ति***

***जिसमें रूह - आत्मा होती है, उसकी क़ीमत होती है।*** *मानो राजा या ऑर्डिनरी ले - मेन की मृत्य हो, तो दोनों को ख़ाक ही किया जाता है। बेशक, जो बड़े होंगे उनके बड़े मेमोरेबल समाधि स्थान बनते हैं।*

*इसी तरह स्वामिनारायण संप्रदाय में* ***प्रभुधारक संत संप्रदाय की आत्मा हैं, जिनके द्वारा संप्रदाय जीवंत रहा हुआ है।*** *धन्यवाद हैं महाराज को कि गुणातीतानंदस्वामी को साथ में लाए और उनके द्वारा एक परंपरा सतत जारी रही।* ***काकाजी*** *हमेशा कहते थे –* ***धीस पावर हाउस इज़ कॉन्स्टन्ट एन्ड कन्टीन्यूअस।*** *फिर ख़ुद कहते भी थे – आज भी जारी है और आगे भी रहेगा। सो, भरतभाई की और महिमा गाने की ज़रूरत ही नहीं पड़ती। सभी ने उनके बारे में बातें करीं कि* ***भरतभाई में हरेक को महाराज, शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी की अनुभूति होती है।*** *हरेक को मतलब – जो इनके साथ जुड़े हुए हैं, लगाव है या संपर्क में हैं।*

***शुरुआत में संपर्क होता है, फिर प्रसंगों द्वारा जोड़-जोड़ कर वे हमसे संबंध बनाते रहते हैं। उससे हमें जो अनुभव होते हैं, वो हमें पकड़े रखने हैं। वो पकड़े रखेंगे, तो संबंध दृढ़ होता जाएगा...*** *कइयों का गुरुभाव का संबंध होगा, कइयों का दोस्ती का और कइयों का प्रेम का होगा। पर जो भी संबंध है, उसे किसी भी तरह पकड़े रखें।*

*वो संबंध क्या? बड़ी गहराई की बात है कि हरेक ने जो बातें करीं, उसमें एक सुर तो चला ही आया कि भरतभाई और वशीभाई काकाजी की बनाई एक अटूट जोड़ी है।* ***अगर कोई ये कहे कि मैं वशीभाई के साथ ठीक सेट हुआ हूँ, भरतभाई से नहीं हो सकता, तो ज़रूर समझना कि खुद में ही कोई कसर है। अगर कोई भरतभाई के साथ ठीक है, पर उसकी वशीभाई के साथ कुट्टी है, तो ज़रूर समझना कि आगे जाकर भरतभाई से भी उसकी कुट्टी हो जाएगी; क्योंकि जिस कारण हमारी कुट्टी होती है, उसे तो हमने खोजा ही नहीं।*** *भीतर में कुछ न कुछ खटकता है।*

***गोरधनकाका*** *कहते थे कि दीवार पर कील होगी, तो ही उस पर कुछ न कुछ टंग जाएगा। इसी तरह भीतर में कुछ भरा हुआ - लटका हुआ या कोई कील है, तो वहाँ अटक जाता है। इससे आगे, भले हम गुणातीत समाज के अलग-अलग सेन्टर्स में रहते हैं; चाहे फिर पवई - ताड़देव, दिल्ली, ज्योत, साहेब के पास मोगरी में हों, पर* ***हम जहाँ रहते हैं, वहाँ मुक्तों का दोष - स्वभाव - प्रकृति देखेंगे, तो काम बड़ा मुश्किल बन जाएगा।***

*सो, आज भरतभाई के जन्मदिन पर हम यह सीखें। सभी ने बात करी कि* ***काकाजी कहते थे कि भरतभाई बिना मन के हैं और हरेक ने अनुभव भी किया है कि वो हमेशा मानसिक भूमिका से परे ही रहते हैं।*** *हमारी कोई मानसिक भूमिका या मन होगा, तो हम हर चीज़ - हर बात एक्सेप्ट नहीं कर पाएँगे। उसे समझाने की कोशिश भी करेंगे कि नहीं - नहीं ऐसा है, ऐसा करना चाहिए। जबकि भरतभाई से कोई कुछ भी कहे, तो उनकी ओर से 'हाँजी - हाँजी - हाँजी' एक ही जवाब आता है। इसका मतलब क्या कि इन्हें अपना मन तो है ही नहीं, तुम जो कहो वही!* ***इन्होंने महाराज को सर्वोपरिभाव और समग्ररूप से माना है।***

*तो, कोई और नई चीज़ लेकर नहीं जानी है। हमें भरतभाई से यही एक चीज़ सीखनी है और इन्हें वो आशीष बरसाने हैं कि सबको यह सिद्ध हो जाए कि हम सब उनके जैसे सरल बनें। सरलता एक बड़ी चीज़ है। भरतभाई*

*हमेशा 'हाँ' करते हैं। वे इंजीनियर हैं, हर चीज़ समझते हैं कि यह करने से क्या होगा? यह करने से क्या नहीं होगा?*

*पर, **यदि हम हमारी मानसिक भूमिका छोड़ देंगे, तो काकाजी कहते थे कि चैतन्यभूमिका ऑटोमेटिक वर्क करना शुरू कर देगी।** भरतभाई की चैतन्य भूमिका की वर्कींग महाराज अपने आप- बिना कहे करते रहते हैं, वैसे हम सबकी भी करते रहें – ऐसे आशीर्वाद आज भरतभाई सबको दें।*

अंत में **प.पू. भरतभाई** को केन्द्रों के मुक्तों ने हार एवं स्मृति भेंट अर्पण की और... केक कटिंग के बाद महाप्रसाद से उनके प्राकट्य पर्व का विसर्जन हुआ।

**2 फरवरी** की सुबह गुरुहरि काकाजी महाराज के साक्षात्कार की स्मृति में सभा का आयोजन था। गुरुहरि काकाजी महाराज के दिव्य अनुभवों की **पू. हेमंतभाई मर्चंट** एवं हरिधाम के **पू. भक्तिप्रियस्वामी** ने स्मृति कराई और... **प.पू. भरतभाई, प.पू. दासस्वामीजी, प.पू. स्नेहलस्वामीजी (सांकरदा), प.पू. दिनकरभाई, प.पू. गुरुजी** और **प.पू. वशीभाई** ने आशीष दी –

## प.पू. भरतभाई

*...आज बहुत बड़ा उत्सव है। आध्यात्मिक इतिहास में सुवर्णाक्षर में लिखा जाए, ऐसा सबसे बड़ा दिन है... 1952 में काकाजी को जो साक्षात्कार हुआ, उसके बारे में वे बहुत बार कहते थे –*

***मेरा साक्षात्कार वो सामान्य साक्षात्कार नहीं है, ये ज्ञान समाधि का साक्षात्कार है।***

*स्वामिनारायण भगवान के समय में कइयों को समाधि होती थी। लेकिन, समाधि से जाग्रत होने के बाद वे फिर से अपने जगत में लिप्त हो जाते थे। गुणातीतानंदस्वामी के समय में गुजरात के 'घाणला' गाँव की एक बुढ़िया को समाधि होती थी। एक बार स्वामी ने उससे पुछवाया कि अब समाधि होती है? उसने कहलवाया कि 'घर के काम से फ़ारिग होकर करती हूँ तो होती है।' काकाजी को तो साक्षात्कार पहले से ही था। दरअसल जिस दिन से काकाजी को साक्षात्कार हुआ, उसके बाद वह अंत तक रहा... साक्षात्कार ऐसे ही नहीं होता है। रीयलाइज़ेशन होना बहुत कठिन तपस्या की बात है। लेकिन, **योगीजी महाराज** अपना **'युगकार्य'** संपन्न करने हेतु प.पू. काकाजी को अक्षरधाम से साथ में लाये थे। ऐसा कहते हैं कि **योगीबापा ने हज़ारों लोगों को कंठी पहनाई, सत्संगी बनाया, साधु बनाए, लेकिन 'साक्षात्कार' सिर्फ एक काकाजी को कराया...** काकाजी ने ऐसा समर्पण किया।*

*ऑडियो क्लीप में **हरिप्रसादस्वामीजी ने तो कहा कि काकाजी को साक्षात्कार एक बार नहीं, दो बार हुआ।** सुन कर एकदम नया लगता है कि दो बार साक्षात्कार कैसे हुआ? मगर ये साक्षात्कार – पूर्ण रूप से समर्पण की बात है... हम बोलते थे कि बापा हम आपके हैं, लेकिन अपना कुछ न कुछ अपने पास रखते थे, अपनी मुट्ठी हमसे खोली नहीं जाती।*

*काकाजी का **पहला साक्षात्कार** था – जब शास्त्रीजी महाराज ने चंदन से अर्चा करके उन्हें गले लगाया था वो। **दूसरा साक्षात्कार**– गोंडल मंदिर में **घनश्याम महाराज** की मूर्ति के सामने **योगीजी महाराज** ने कराया कि –*

***'हे घनश्याम महाराज! दादुभाई इडरिया गढ़ जीत कर आये हैं, आप प्रकृति-पुरुष का गढ़ जीता कर उन्हें अपना दर्शन दो।'***

*ऐसे कृपावचन के बाद उनकी जर्नी शुरू हुई और अक्षरधाम में जाकर रुकी। ये बात काकाजी ने 'सहृदयी', 'रीयल एसेंस ऑफ तांत्र' एवं 'पत्र संजीवनी' पुस्तक में बहुत अच्छी तरह से बताई है...*

***...काकाजी के संबंध में जो भी आया, उसे एहसास हुआ कि वे साक्षात्कार वाले पुरुष हैं।*** *हम तो उनके साथ जुड़े हैं, उनकी गोद में पले हैं, उनका आशीर्वाद-प्रसादी प्राप्त की है – वो हमें कितना बड़ा लाभ मिला है? किसी को यह बताते हैं कि हम काकाजी के साथ रहे हैं, तो वह एकदम सर्प्राइज़ हो जाता है कि ओहो! ऐसे साक्षात्कार किए पुरुष के साथ आपको रहने को मिला है?*

*...काकाजी को 'साक्षात्कार' में योगीजी महाराज में अक्षरपुरुषोत्तम महाराज का प्रत्यक्ष दर्शन हुआ, उसके बाद उन्होंने सभाओं में ज़ोर-शोर से कहना शुरू किया कि 'योगीजी महाराज भगवान का स्वरूप' हैं... काकाजी को जब योगीजी महाराज ने समाधि कराई, तो काकाजी ने हम सबके लिए मांगा कि मेरे से जो भी जुड़े हुए हैं, उन सबको ऐसा 'साक्षात्कार' हो... योगीजी महाराज ने बताया कि आपको ये समाधि हो जाएगी, तो बाद में सबको ये सुख सुलभ हो जाएगा। यूँ ये साक्षात्कार आज सबको सुलभ हो गया।* ***प्रत्यक्ष स्वरूप के वे जैसे हैं, वैसा 'दर्शन' करना ही 'समाधि' है।*** *वो साक्षात्कार काकाजी ने खुला कर दिया।*

*तो, आज काकाजी के चरणों में यही प्रार्थना है कि हे काकाजी! आपने ये साक्षात्कार सबके लिए सुलभ बनाया है और आप व ऐसे गुणातीत संत जो मिले हैं, वो हमारे लिए पक्का 'साक्षात्कार' ही है। यह समझ आपने हमें दृढ़ कराई है। फलस्वरूप हम अखंड सुख-सुख और आनंद-आनंद में ही रहते हैं। ऐसा आशीर्वाद हम सबके ऊपर आप हमेशा बरसाते रहना – ऐसी कृपादृष्टि करते रहना...*

## प.पू. दासस्वामीजी

*...इतिहास में कहा जाता है कि यदि छत्रपति शिवाजी महाराज नहीं होते, तो सबकी सुन्नत होती। इसी प्रकार अगर* ***गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज*** *अक्षरधाम से हमारे लिए धरती पर आये नहीं होते, तो* ***अक्षरपुरुषोत्तम की युगल उपासना*** *की स्थापना संभव नहीं थी और अनंत जीवों के लिये मोक्ष का द्वार नहीं खुलता।*

*और... यदि शास्त्रीजी महाराज ने हमें* ***गुरुहरि योगीजी महाराज*** *की भेंट नहीं दी होती तो–*

*❋ संप, सुहृद्भाव और एकता ❋ निर्दोषबुद्धि ❋ युवक मेरा हृदय हैं–*

*ऐसे सूत्रों*

*और*

*प्रगट एकांतिक संत – प.पू. महंतस्वामीजी, प.पू. हरिप्रसादस्वामीजी, प.पू. अक्षरविहारीस्वामीजी, संत भगवंत साहेबजी की भेंट हमें नहीं मिलती...*

***हरिप्रसादस्वामीजी*** *तो ऐसा कहते हैं –*

*यदि योगीजी महाराज ने* ***गुरुहरि काकाजी महाराज*** *को साक्षात्कार नहीं कराया होता, तो योगीजी महाराज जैसी दिव्य विभूति को पहचानना मुश्किल था। वे स्वयं को अशिक्षित जताते थे, पर वे साधुता के शिरमौर थे और शास्त्रीजी*

*महाराज का स्वरूप थे।* ***जो स्वरूप अक्षरधाम में हैं, वे ही शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज के रूप में विराजमान हैं, ऐसा साक्षात्कार काकाजी को करवाया था...***

*योगीजी महाराज को काकाजी पर अपरंपार भरोसा था। 51 संत बनाने के अपने 'युगकार्य' में काकाजी, पप्पाजी और स्वामीजी को सर्वोपरि निमित्त बनाया। अपने गुरु के चरणों में काकाजी ने स्वयं को संपूर्ण रूप से समर्पित कर दिया था; फलस्वरूप शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज उन पर शासन कर पाए। वे पूर्व के कितने जबरदस्त चैतन्यस्वरूप होंगे कि 7 साल की आयु में उन्होंने शास्त्रीजी महाराज से कहा–* ***'मैं मरने के लिए आया हूँ...'***

*...अल्प संबंधी का दास बनना आसान नहीं है, पर उसके जीव में बैठने के लिए, काकाजी उसकी कक्षा पर आकर वर्ते और 'दास का दास' बने। सच,* ***काकाजी निर्दोषबुद्धि के सम्राट थे।*** *योगीजी महाराज ने काकाजी को आशीर्वाद भी दिया था–*

***आप निर्दोषबुद्धि के राजा हो। आपका जो समागम करेगा, वह निर्दोष हो जाएगा!***

*काकाजी के अद्भुत 'स्मृति दिन' पर हम सब एक प्रतिज्ञा करें कि–*

*शास्त्रीजी महाराज और योगीजी महाराज के साथ काकाजी ने जैसा अंतरायरहित का संबंध किया था, वैसा हम प्रगट स्वरूपों के साथ दृढ़ कर लें।*

## प.पू. स्नेहलस्वामीजी

*काकाजी-पप्पाजी के हम ऋणी हैं। अपना 'युगकार्य' इन बंधुजोड़ी द्वारा कराने हेतु, योगीजी महाराज उन्हें अक्षरधाम से अपने साथ लाए थे... योगीजी महाराज की आज्ञा से काकाजी-पप्पाजी दादर मंदिर में वचनामृत समझाने के लिए आते थे... सेवक और गुलाम बनने की बात काकाजी करते थे। मैंने काकाजी से एक बार पूछा – गुलाम कैसे बनते हैं। तब काकाजी ने बताया–*

*सेवक बनने में तीन साल लगते हैं और गुलाम बनने में सात साल लगते हैं।*

***गुलाम यानि बेचने पर जो बिक जाए!*** *जिसके मन, बुद्धि, चित्त और अहम् की ग्रंथि पिघल जाए – ऐसा सेवक!*

***प.पू. अक्षरविहारीस्वामीजी*** *हमसे कहते–*

*पप्पाजी मास्टर थे, सो वे उन्हें लिख कर पढ़ने के लिए कहते थे। (मैं) मास्टर का बेटा मास्टर ही होता है, इसलिए लिखो कि हमारी नात, जात और वासना टल गई है; केवल स्वभाव बाकी हैं। 'स्वभाव' बड़े सत्पुरुष के अनुग्रह और आशीर्वाद से टलेंगे। और... जब तुम इनसे छुटकारा पा लोगे, तब अनुवृत्ति प्रगटेगी...*

***काकाजी-पप्पाजी की योजना थी कि पूरा गुणातीत समाज एक बने!*** *काकाजी के साक्षात्कार पर्व पर उनके श्री चरणों में प्रार्थना कि हमारे वर्तन से आपकी शोभा बढ़े और आपकी योजना को साकार कर पाएँ।*

## प.पू. दिनकर अंकल

*...आज बहुत बढ़िया दिन है... योगीजी महाराज के पास काकाजी सारी जिंदगी 'गुलाम' बन कर रहे इतना ही नहीं, हम सबको सिखाया कि सत्पुरुष के पास गुलाम कैसे बन सकते हैं...*

*आज काकाजी के चरणों में माँगने का दिन है –*

*हे काकाजी, आप निर्दोषबुद्धि से हरेक हरिभक्त के साथ रहते थे, तो ऐसी समझदारी से हम जीना शुरू करें। काकाजी के साक्षात्कार से कइयों को साक्षात्कार हुआ है...*

*गुरुजी, बापु, वशीभाई, भरतभाई ये सब भाई - बहनें, सारा समाज काकाजी का ऋणी है। उनमें निर्दोषबुद्धि का सिंचन किया है।*

*मैं तो अपने आपको बहुत भाग्यशाली मानता हूँ। काकाजी अमेरिका - शिकागो आए और इतने बड़े शिकागो में मेरा नंबर लग गया - लॉटरी लग गई! उस लॉटरी के कारण यहाँ बैठे हैं, वर्ना कहीं मूवी इत्यादि में टाइम वेस्ट करते। हमारे ऊपर काकाजी का ये बहुत अनुग्रह है...*

*तो, हमारी जो भी कक्षा है, अंदर की जितनी भी इम्प्योरिटी है, वो सब आज निकल जाए और हम आपको कभी भी विवश न करें। आपके गुलाम के गुलाम बन करके जीएँ – यही उनके चरणों में प्रार्थना।*

## प.पू. गुरुजी

*...पुराने जोगियों को ख्याल होगा कि काकाजी स्वधाम गए, उससे पहले लगातार 4-5 साल तक वे दिल्ली खूब आते रहे। उस समय 'स्वामिनारायण धर्म' के बारे में कोई जानता नहीं था।* ***'स्वामिनारायण धर्म' का प्लेटफार्म तैयार करने के लिए काकाजी ने यहाँ खूब ज़हमत उठाई है।*** *कुरुक्षेत्र, लुधियाना, सबद्दी कलां, जगरांव, मोगा में शिविर करी। एक दिन मुझसे कहा –*

*ये सारी भागदौड़ तेरे लिए कर रहा हूँ।*

*तब मुझे मन में ऐसा हुआ कि मेरे लिए क्या? हम तो आपके पीछे-पीछे दौड़ने वाले हैं। पर, अब ख्याल आता है कि वाक़ई काकाजी ने बिगुल बजा कर एक प्लेटफॉर्म तैयार कर दिया और... ऐसे संतों द्वारा 'स्वामिनारायण भगवान' प्रगट हैं, इस बात की यहाँ धीरे-धीरे दृढ़ता हुई। वर्ना तो संत अच्छे हैं, धर्म - नियम - मर्यादा वाले हैं – इतनी ही सबको जानकारी थी। शुरुआत में योगीजी महाराज को भी सब ऐसा मानते थे।*

*आज छोटे से छोटे बच्चे को पूछेंगे कि भरतभाई कौन हैं? वे कहेंगे हमारे भगवान हैं। वशी अंकल कौन हैं? वे कहेंगे हमारे भगवान हैं। बहनों को भी पूछेंगे तो वो कहेंगी कि हमारे भगवान हैं। जब मैं पढ़ता था, तब मॅथेमेटिक्स के अंजारिया टीचर 'एल्जिब्रा, ज्योमेट्री, केल्क्युलस – सिम्पलीफाईड' के टाइटल से छोटी-छोटी पॉकेट बुक्स पब्लिश करते थे। अब ख्याल आता है कि ओहो! काकाजी ने 'प्रगट' का इतना गहन अध्यात्मज्ञान कितना सिम्पलीफाइड वे में हमारे जीव में बिठा दिया!*

*आज यहाँ सब जो बैठे हैं, वह भरतभाई की महिमा है... सभी वक्ताओं ने प्रार्थना की कि हम काकाजी के साक्षात्कार को आत्मसात् करें और किसी ने कहा भी कि बापा, काकाजी-पप्पाजी यदि स्थूल रूप से होते, तो खूब खुश होते। पर, मैं पूछता हूँ कि* ***मंच पर विराजमान स्वरूपों - संतों के चेहरे आपने नहीं देखे?*** *वे कितना खुश हो रहे हैं।*

*तो, दिनकरभाई हम सबको आशीर्वाद दें और हम कस कर पकड़ लें। पकड़ना क्या? जैसे कि* ***वचनामृत प्रथम 58*** *में लिखा है –*

*स्वरूपों के प्रति हम जितना निर्दोषभाव - दिव्यभाव रखेंगे, आत्मीयता से जुड़ जाएँगे, उतने भगवान के कल्याणकारी गुण हमें प्राप्त होंगे। प्रभु की जब हम पर कृपादृष्टि होती है, तब हमारी हठ, मान और ईर्ष्या टलती है। भगवान श्री कृष्ण का रिफरेंस देते हुए* ***स्वामीजी*** *काम, क्रोध और लोभ की बात करते हैं... भले ही* ***हम ज्ञान की कितनी ही बातें करें, लेकिन कोई न कोई ऐसा मोड़ आता है, जहाँ हम अपनी हठ नहीं छोड़ सकते। हमारा 'ज्ञान अहं' बीच में आ जाता है कि मेरी समझदारी ठीक है।*** *एक वक्ता ने बहुत अच्छी बात करी है कि मुझ में ऐसी समझ आए कि मैं सरल रहूँ। इसका मतलब कि उसने अपना 'ज्ञान अहं' छोड़ा है। तो ये बात हम पकड़ें और इस हेतु इन्होंने एक फॉर्म्यूला भी बताया है कि* ***'सुहृदभाव'*** *से रहो,* ***'मैत्रीभाव'*** *दृढ़ करो।*

*दिल्ली में मैं कई बार बोलता हूँ – 'वशीभाई - भरतभाई का मैत्रीभाव, अश्विनभाई - शांतिभाई का मैत्रीभाव, अशोकभाई - पवित्रभाई का मैत्रीभाव' – इसी तरह* ***'जोड़'*** *में हम मैत्रीभाव दृढ़ करते जाएँ।* ***'जोड़' इसलिए कहा कि हमारा एटेन्शन कहीं और डायवर्ट न हो। एक जगह पर फोकस करेंगे, तो फिर वो हर जगह अपनी फ्रिक्वन्सी पर काम करता रहेगा।*** *'सबके साथ मैत्रीभाव, सबके साथ सुहृद्‌भाव' – वो बात छोड़ के, अपना एक पोइन्टर सेट ही कर लें। पोइन्टर का मतलब* ***'विरोध प्रकृति'*** *की बात नहीं है। वर्ना पहले से ही गांठ पड़ जाएगी कि जिसके साथ मुझे जोड़ करनी है, वो तो मेरा पोइन्टर है। ऐसे पोइन्टर की कोई बात ही नहीं है।*

***हम सब एक बाप के बेटे हैं। दिनकर अंकल ने बताया कि हर सेंटर की शुरुआत काकाजी ने करी है। स्वामीजी ने इसको एटेस्ट कर दिया कि गुणातीत समाज का सर्जन और उसमें 'भीड़ा भक्ति' तो काकाजी ने सही है।***

*बादाम का प्रसाद मिलने पर काकाजी ने बापा से प्रार्थना करी थी कि हमारी बहनों को भी सुखी कर दो। बापा ने तब कहा था – मार खानी पड़ेगी। वो सब कुछ झेल कर, जिसे कहते हैं –* ***'परोपकाराय सतां विभूतये।'*** *काकाजी ने 'गुणातीत समाज' का सर्जन किया है।*

*काकाजी ऐसे परोपकारी व्यक्ति थे। ऐसी विभूति पूरे ब्रह्मांड में ढूँढने जाएँगे तो भी नहीं मिलेगी।*

*हमें यही समझना है कि शास्त्रीजी महाराज, योगीजी महाराज, काकाजी, पप्पाजी, स्वामीजी की सोच में हमें अपनी सोच मिला देनी है। तो,* ***काकाजी और पप्पाजी ने जो 'राजमार्ग' खोला है, उसमें सुहृद्‌भाव और निर्दोषबुद्धि रखते हुए, हम उस पर चलें।***

*काकाजी के 'स्मृति दिन' का हम सिर्फ गुणगान ही न किया करें, बल्कि हमें देखकर हरेक को ऐसा हो जाए कि ओहो ये ऐसे हैं, तो सच में काकाजी कैसे होंगे? हमें देखकर हर कोई ऐसे आश्चर्यचकित हो जाए, ऐसा बल, बुद्धि, शक्ति, प्रतिभा काकाजी दें...*

## प.पू. वशीभाई

***...साक्षात्कार मीन्स किसी भी चीज़ का इदम् हो जाना।*** *पैसे वाले को पैसे का साक्षात्कार, पोलिटिकल व्यक्ति को पोलिटिक्स का और* ***ऐसे ही काकाजी को भगवान का 'साक्षात्कार' हुआ।*** *साक्षात् भगवान और उनके भक्तों का साक्षात्कार!*

*भारत में समाधि की बात बहुत पुरानी है। रामकृष्ण परमहंस को 'भावसमाधि' होती थी। वे भाव में आकर गिर जाते थे। फिर उन्हें उठा कर ले जाना पड़ता था। महाराज चुटकी बजाते ही समाधि कराते थे। शास्त्रीजी महाराज के समय में प्रसाद से समाधि होती थी और* ***योगीजी महाराज ने 1952 में काकाजी को 'ज्ञान समाधि' कराई।*** *सबने बात करी कि* ***इतने पावरफुल होने के बावजूद काकाजी एक भक्त, दास, गुलाम बनकर पूरा जीवन जिए...***

*साक्षात्कार के बाद काकाजी को सब कुछ दिखाई देता था। किसी की भी चेतना देखकर बोल देते कि ये कौन है? पहले क्या था?*

***काकाजी से प्रसादी का जल लेने के लिए ताड़देव में लाइन लगती थी, क्योंकि उससे लोगों का काम होता था। किसी को पेन देते और कहते कि इससे चेक लिखना, तो वो चेक पास हो जाता था। ऐसी पावर छोड़ना बहुत मुश्किल है। लेकिन, वो सब छोड़ कर वे योगीजी महाराज की मरज़ी में रहे।*** *समाधि में गोलोक, बद्रिकाश्रम वगैरह जो देखा था, वो काकाजी ने याद नहीं रखा। सिर्फ यही याद रखा कि योगीजी महाराज को मुझसे क्या कराना है।*

*...अंतर्दृष्टि करने का दिन है...* ***हे काकाजी! साक्षात्कार होने के बावजूद आप शून्य बनकर जीए,*** *तो हम आज प्रतिज्ञा-संकल्प करें कि दुनिया चाहे इधर की उधर हो जाए-कुछ भी हो जाए, लेकिन* ***हमें 'दास का दास' और गुलाम बनने का संकल्प करना है।*** *उसमें हम टिके रहें और इस भाव में रहने के लिए ये स्वरूपों हमें खूब-खूब बल दें यही प्रार्थना।*

अंत में ऑडियो द्वारा गुरुहरि काकाजी की परावाणी का लाभ लेकर सभी ने प्रसाद लिया।

सायं पवई-अक्षरधाम मंदिर के मुख्य द्वार से नाचते करते-आनंद करते भक्तों के समूह में, फूलों के गलीचे पर चल कर प.पू. गुरुजी, प.पू. दिनकरभाई, प.पू. बापु, प.पू. भरतभाई एवं प.पू. वशीभाई सभा स्थल पर आए। यहाँ **प.पू. दिनकरभाई** और **प.पू. बापु** का **अमृत पर्व-75वाँ प्रागटयदिन** मनाने वाले थे। सभा में शिकागो के पिंटूभाई (विराटभाई), पू. केतनभाई, पू. पंकजभाई, पॅरिस के पू. प्रवीणभाई लाड़ और मुंबई के पू. ओ.पी. अग्रवालजी ने माहात्म्यगान किया। विडियो प्रेज़न्टेशन द्वारा प.पू. दिनकरभाई एवं प.पू. बापु के जीवन, भक्ति एवं कार्य का दर्शन किया। पश्चात् **प.पू. भरतभाई, प.पू. बापु, प.पू. दिनकरभाई** एवं **प.पू. गुरुजी** ने आशीर्दान दिया–

## प.पू. भरतभाई

*...हम छोटे थे तब से* ***बापु*** *हमारे जीवन में आए।* ***हमें सही दिशा में पहुँचाने वाले वे मेरे गुड गाईड-मार्गदर्शक हैं*** *– ऐसा मैंने अपने जीवन में अनुभव किया है। बापु के संबंध में आया, तभी-से उन्होंने काकाजी से जोड़ दिया और काकाजी के साथ ऐसा संबंध करवाया कि वे प्रसन्न हो गये।*

*बापु ने मुझे दो बातें बताई थीं कि काकाजी जब भी धुन करें, तब तुम उनके पास धुन करने बैठ जाना... ऐसा करने से काकाजी की कृपादृष्टि मुझ पर पड़ गई कि इस चैतन्य को भगवान की भक्ति करने में ज़्यादा इंट्रेस्ट है। जबकि, ऐसा कोई भाव नहीं था। मैं तो सिर्फ बापु की आज्ञा से बैठता था। बापु ने दूसरी बात बताई कि काकाजी या ऐसे बड़े संत कुछ भी बोलें, तो 'ना' मत करना।* ***बापु के वचन से जीवन जीने से आज ये प्राप्ति हुई है।*** *काकाजी ने कहा था – ताड़देव - पवई में भरतभाई, वशीभाई और बापु सबके पास दास रहते हुए जो करेंगे, उसमें मैं जॉईन होऊँगा – मैं उनके साथ हूँ। यह* ***बापु की सबसे बड़ी एचीवमेन्ट है कि हमारे पास – छोटों के पास वे छोटे बनकर रहते हैं।*** *बापु की भावना हमेशा यही होती है कि आप सत्संग से जुड़ो और सत्संग की सेवा करो। बापु को मैं धन्यवाद देता हूँ...*

***दिनकरभाई में क्वालिटी ढूँढनी नहीं पड़ती। केवल एक दिन उनके साथ रहो, तो पता चलता है कि दिनकरभाई क्या हैं !*** *दिनकरभाई पूरा दिन स्वामिनारायण मंत्र से जुड़े रहते हैं। उनके अंतर में 'स्वामिनारायण-स्वामिनारायण' चलता ही रहता है... वे कहते हैं कि* ***हरेक क्रिया के साथ 'स्वामिनारायण मंत्र' को जोड़ दो... दिनकरभाई पॉज़िटीविटी का दरिया हैं।*** *ए पर्सन ऑफ पोज़िटीवीटी ! उसके संबंध में कोई भी आयेगा, उसे पोज़िटिव वाइब्रेशन्स महसूस होंगी... वे कहते हैं कि* ***'स्वामिनारायण मंत्र' को सकारात्मकभाव से हमेशा हमारे जीवन में बसाए रखना है। उससे ही सब कुछ है।***

*आज दिनकरभाई - बापु के चरणों में यही प्रार्थना कि हम आपके साथ ऐसे ही जुड़े रहें, आपको हर रोज़ देखते रहें। आपके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखना है, वो हम सीख पाएँ...*

***सभी केन्द्रों के मुक्त अमृतपर्व निमित्त आए हैं, वही दिनकरभाई और बापु की बहुत बड़ी महिमा है।*** *ऐसे माहात्म्य में हम हमेशा डूबे रहें और उनकी बातें जीवन में उतार कर जीवन धन्य करें।*

## प.पू. महेन्द्र बापु

*मेरी साधना तो काकाजी ने करी है, क्योंकि मेरी चेतना को वे जानते थे। इतना अनुभव काकाजी का किया है... मेरी चेतना को बापा और काकाजी ने पहचाना... मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है वो तेरा; तेरा तुझको अर्पण करूं मुझे क्या लागे मोल ?* ***मैं भला या बुरा जो भी हूँ, पर काकाजी का दीवाना हूँ।*** *ये* ***गुरुजी भी ऐसे हैं।*** *काकाजी कहते थे कि ये दोनों इतनी चंचल प्रकृति के हैं कि इनका कोई गुरु नहीं बन सकता है। योगीजी महाराज जैसा कोई पुरुष हो , वही इनका गुरु बन सकता है।*

***काकाजी ने मुझसे कहा था तेरे लिए एक मिनिट भगवान में रहना मुश्किल है, लेकिन एक दिन मैं ऐसा लाऊँगा कि एक मिनिट भगवान के बिना रहना मुश्किल हो जाएगा।***

*इसलिए हमारे जीवन में 'गुणातीत पुरुष' की आवश्यकता है... बापा को नहलाने की सेवा में जाते हुए बापा से इतना प्यार हो गया कि बापा जब मुंबई आते, तो मैं कॉलेज की छुट्टी करता था। बापा रोज़ कहते – 'को (कहो) साधु थईस (बनूँगा)' और फिर काकाजी से मिलने के लिए कहा। काकाजी से मिलने की तो पहले से ही तमन्ना थी... काकाजी के पास मुझे भाईस्वामी ले गए थे...*

***काकाजी का सूत्र था – लिव डेन्जरसली !*** *लेकिन प्रभु का बल लेकर पहले बैटरी चार्ज करके निकलो। पहले भगवान के नाम का नमक डालो फिर आगे बढ़ो... वो इमीडियेट्ली संकल्प पूरा करते हैं।*

*हे महाराज ! आपके चरणों में ऐसी प्रार्थना है कि जिस हेतु से आपने मुझे साधु बनाया, उस मंजिल पर पहुँच जाऊँ...*

***धन्यवाद-धन्यवाद काकाजी को कि अगर आप न मिले होते, तो ज़माने में हमारी क्या औकात थी। लेकिन, आपने तो चार चांद लगा दिये।***

## प.पू. दिनकर अंकल

*...मेरे साथ बापु का संबंध 1974 से शुरू हुआ...* ***बापु की प्रगति कराने के लिए काकाजी प्रसंग योजते थे और बिना कारण डाँटते भी थे।***

*एक बार वॉकीगन में काकाजी ने सुबह 10 - 11 बजे बापु को डाँटना शुरू किया। उस समय बापु की तबियत भी अच्छी नहीं थी, शायद सर्दी - बुखार था। वो ऊपर बेडरूम में जाकर सो गए। दोपहर 12 बजे कुसुम बहन ने भोजन के लिए सबको बुलाया, तो ऊपर से ही बापु ऊँची आवाज़ में बोले – मैं नहीं खाने वाला हूँ। काकाजी ने भी यह सुन कर कहा – बिना खाए वो मरने वाला नहीं है, उसके बारे में मत सोचो। चलो, हम खा लेते हैं। फिर मैं बापु के लिए संतरे का ज्यूस लेकर गया कि ये विटामिन-सी जुकाम में हेल्प करेगा और बापु पूरा पी भी गए थे। काकाजी को यह देखना होगा कि मैं बापु की हेल्प करता हूँ या नहीं या उस पर हँसता हूँ या क्रिटिसाइस करता हूँ।* ***यूँ बापु के साथ काकाजी ने मेरा संबंध और बढ़ाया था।***

*काकाजी के धाम सिधारने के बाद कांतिकाका ने बापु को 1986 में ख़ास भेजा। क्योंकि काकाजी ने संकल्प किया था कि सेंटलूईस में शिविर करनी है। तब वॉकीगन मंदिर के बेसमेन्ट में बापु के रहने - सोने की व्यवस्था की थी। काकाजी को मिस करते हुए बापु वहाँ ज़ोर -ज़ोर से रोते थे। वो आवाज़ ऊपर कुसुम बहन को सुनाई देती थी। जब मैं शाम को ऑफिस से आता, तो वे मुझे बताती कि आज लगातार बापु रो रहे थे। फिर मैं बापु को ढाढ़स देता था। इस प्रकार हमारा संबंध बढ़ता गया।*

*1986 के बाद स्वामीजी का आगमन शुरू हुआ, सो उनकी सेवा में हम लग गए। उसमें भी बापु बहुत एडवान्स प्लानिंग - थिंकिंग से हमें अच्छी तरह आगे ले जा रहे थे।* ***आज बापु द्वारा हमारे शिकागो का मंडल बहुत बढ़ा है। बापु ने सबको बहुत टाइम दिया है। बापु ने डिवीनीटी का बेइझ तैयार किया है और आज यहाँ सत्संग बढ़ा है। ऐसे ही लंडन, पॅरिस, मॉरिशियस जैसी जगहों में भी सत्संग के लिए बापु ने बहुत ज़हमत उठाई है। बापु इज़ वेरी करेजियस एन्ड स्ट्रोंग इन इम्पार्टिंग धी सीड्स ऑफ काकाजीज़ डिवीनीटी, इन लॉट्स ऑफ न्यू पीपल एन्ड लॉट्स ऑफ डिवोटिज़ माईन्ड। नाउ वी आर एन्ज्योइंग हीयर।***

*वैसे ही* ***गुरुजी भी काकाजी के बहुत लाड़ले हैं। पंजाब और उत्तर भारत में भी एकदम प्योर डिवाईन कलर वाले हरिभक्तों का समुदाय है। यह सब काकाजी की देन है।***

***जहाँ - जहाँ भी सेंटर बने हैं, वहाँ सब जगह पर बापु ने अपना कुछ न कुछ प्रदान किया है।***

**बापु में वैसे मुझसे भी ज़्यादा निरपेक्षभाव दिखता है। कोई भी कुछ बोल जाए, तो वे हँसकर भूल जाते हैं, जो कि कठिन है।** मगर बापु से ये सीखना है। बापु का 75वां बर्थ डे मई महीने में आएगा, लेकिन एडवान्स में मना रहे हैं और बापु से ये प्रार्थना करते हैं कि आपकी तबियत भी बहुत अच्छी रहे...

## प.पू. गुरुजी

...बापु का आज अमृतपर्व मना रहे हैं। वे हमारे पुराना जोगी हैं, जिन्हें काकाजी दिल्ली अकसर भेजते थे... **बापु अपने काम में बड़े सिन्सियर हैं, किसी काम के पीछे लग जाएँ, तो लग पड़े... काकाजी के वचन से बापु के साथ मेरी हमेशा फ्रेंडशिप रही है।**

आज हम दिनकर अंकल का भी अमृतपर्व मना रहे हैं... जैसे कि नक्षु की बात करी कि गुरुजी ने कहा– भाड़ में जाए स्कूल। जब हम एयरपोर्ट के लिए निकल रहे थे, तो प्रकाशभाई की बेटी प्रीति को बहनों ने ड्राइविंग पर बुलाया था। मैंने वैसे ही पुछवाया कि तू ऑफिस से छुट्टी नहीं ले सकती ? आज जाकर 4 फरवरी को तो आ जाएँगे। उसने कहलवाया कि ऑफिस वाले मानेंगे नहीं और हुआ भी ऐसा ही। फिर भी मैंने उसे कहलवा दिया– **'दिनकर अंकल और बापु का अमृतपर्व व भरतभाई का बर्थ डे ' बार-बार आएंगे नहीं।** ज़्यादा से ज़्यादा क्या होगा, निकाल देंगे ? तो दूसरी नौकरी मिल जाएगी या रि-अप्लाई करना, उन्हें ज़रूरत होगी तो वापिस ले ही लेंगे।

मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि **हमें समझना चाहिए कि हम यह किसी ऑर्डिनरी फंक्शन में नहीं आए हैं।** वो इसलिए कि **दिनकरभाई ने काकाजी को धरती से जाने नहीं दिया।** ये बहुत बड़ी बात है। आज मानो **ये स्वरूप नहीं होते, तो हम काकाजी को सिर्फ याद ही करते रहते। पर, आज एहसास होता है कि काकाजी हमारे साथ हैं, अब भी विद्यमान-हाज़राहज़ूर हैं।** काकाजी बापा के बारे में कहते थे कि –हम जो यहाँ बात कर रहे हैं, वो बापा सुन रहे हैं। तुम्हें दिखाई नहीं देता, पर मुझे दिखाई देता है। यही फिनोमिना-सिद्धांत आज भी जारी रहा है। काकाजी इस सभा में भी हाज़राहज़ूर हैं। भले आज यहां इस मूर्ति के रूप में दिखाई पड़ते हैं, लेकिन जीवंत रूप में भी वे हाज़िर हैं। हम दिल की सच्चाई से ये मानें, यही हमने सच में काकाजी को माना...
सभी ने बताया कि **बापु मुक्तों की सेवा में रत रहते हैं।** इसी पदचिन्हों पर हम चलते रहें।

यह सारा गुणातीत समाज काकाजी द्वारा खड़ा किया हुआ वटवृक्ष है। उसकी हर शाखा, हर पत्ते के नीचे बैठे हुए मुक्त या ऊपर बैठे पक्षी वगैरह सब काकाजी के संबंध को पाई हुई मात्राएं हैं। इनकी सेवा में हमें रसबस हो जाना है। वहाँ कोई बौद्धिक मूल्यांकन कि ये गरीब है, ऊँचा-नीचा है, हमारा है या पराया है–ऐसी कोई 'भेददृष्टि' नहीं रखनी। इसे कहते हैं अभेददृष्टि-अविरोध वृत्ति! स्त्री-पुरुष भाव से परे होना बोलना बड़ा आसान है। पर हमें मन में आ ही जाता है कि ये तो बहनें हैं –ये पुरुष हैं। काकाजी कहते – अक्षरधाम में स्त्री-पुरुष भाव ही नहीं है। पर, मैं यह मानता हूँ कि **जब तक हम देहभाव में रहते हैं, तब तक हमें स्त्री-पुरुष मर्यादा में रहना ही रहना है।** हम यह नहीं समझें कि अक्षरधाम में स्त्री-पुरुषभाव नहीं है, तो अब हम कोई भेद न रखें। जब तक हमारे अंदर देहभाव है, स्त्री-पुरुषभाव है तब तक हम मर्यादा का पालन करें ही करें। यह नियम रखते हुए भी **हरेक के अंदर**

***काकाजी को कर्ता-हर्ता मान कर हर एक की महिमा से सेवा करते रहें; जिस तरह दिनकरभाई-बापु करते हैं।*** *दिनकर अंकल ने बताया कि बापु का नॅचर एग्रेसिव लगेगा, पर ऐसा नहीं है।* ***पूरे समाज के लिए सर्वदेशीय प्रेम उनके दिल में बसा हुआ है।*** *इन विशेषताओं को हम समझें, स्वीकारें और प्रभु से प्रार्थना करें कि हमारे अंदर भी यह प्रगटे...*

हार-स्मृति भेंट अर्पण एवं केक कटिंग से अमृतपर्व की पूर्णाहुति हुई और सभी ने महाप्रसाद लिया। तत्पश्चात् **प.पू. गुरुजी** घाटकोपर में रहते **पू. अनिलभाई माणेक** के घर सभी को ले गए और देर रात को **पू. मनीषजी** की दुकान पर बर्फ के गोले का प्रसाद खिला कर सभी को आनंद कराया।

दूसरे दिन **3 फरवरी** की सुबह प्रत्यक्ष स्वरूपों की निश्रा में पवई मंदिर में **गुरुहरि काकाजी** के **साक्षात्कार दिन** पर मूर्तियों की **पाटोत्सव विधि** का कार्यक्रम आरती एवं अन्नकूट से संपन्न हुआ।

अंत में **प.पू. गुरुजी, प.पू. भरतभाई, प.पू. बापु,** एवं **प.पू. दिनकरभाई** ने चैतन्यों की प्रगति हेतु अद्‌भुत आशीर्वाद दिया–

## प.पू. गुरुजी

***...3 फरवरी*** *यानि हमारे गुणातीत समाज का 'विजय दिन!' काकाजी 'विजय दिन' कहते और पप्पाजी 'नूतन वर्ष' कहते। शरदपूर्णिमा हमारी दीवाली!* ***3 फरवरी को काकाजी ने बापा के पास बादाम लेकर माँगा था कि जो सुख, आनंद, दर्शन मुझे दिया वो मुझसे लगाव वाले सबको मिले। हम सबका इसमें नंबर लग गया।***

*बड़े पुरुष कोई संकल्प कर लें, तो हम निहाल हो जाते हैं। आज अगर हम काकाजी के जोग में नहीं होते, इस समय कहाँ भटक रहे होते कुछ पता नहीं।*

*उनके आशीर्वाद तो बरसते ही रहते हैं, लेकिन जैसे कि पप्पाजी कहते–हम छाता न लगा लें। छाता लगाना अर्थात् – इन्हें कर्ता-हर्ता, सदा साकार न मान पाएँ।*

*शास्त्रीजी महाराज ने प्रभु के 'प्रगट' रहने की बात की और काकाजी ने इससे आगे कहा कि प्रभु हमारे लिए 'प्रत्यक्ष' हैं। यह कोई नई शोध नहीं थी, पर जैसे-जैसे समाज महिमा समझता गया, वैसे-वैसे सूझ मिलती गई। तो, अब इन्हें कर्ता-हर्ता मानें। पप्पाजी कहते–मेरे सामने आया मुक्त ब्रह्म की मूर्ति मानी जाए; यह मानें वो प्रभु को* ***'सदा साकार'*** *माना। यह बात समझ में आए या न आए, पसंद हो या न हो, लेकिन इस रास्ते चलें। एग्ज़ाम के समय चाहे आलस आ रहा हो, पिक्चर देखने या घूमने का मन होता हो, फिर भी मन मार कर पुस्तक में गर्दन नीची करके पढ़ने बैठते ही हैं न? महाराज इसे सबसे अधिक गिनते हैं कि ओहो! अपने मन को गिने बिना इसने मेरी बात को माना! इसी रास्ते हम सब को प्रभु ने धकेल कर चलाया है– पीछे पड़कर आगे ले गए हैं।*

*तो, हम भजन का बल लिया करें। कोई कहता है कि ऐसे समय में भजन नहीं होता, लेकिन ये तो करना ही पड़ेगा। इसका कोई दूसरा उपाय नहीं है।*

***दिनकर अंकल मूर्ख नहीं हैं कि 24 घंटे 'स्वामिनारायण-स्वामिनारायण' करते रहते हैं। इन्हें ज़रूरत भी नहीं है। इनके समग्र तंत्र में स्वामिनारायण की मूर्ति तो प्रगट है। पर, फिर भी वे भजन करते रहते हैं। वे हमारे लिए एक प्रतीक-प्रेरणा रूप हैं और इस रास्ते चलने का बल देते हैं।*** *तो, इस रास्ते चलते ही रहें।*

*काकाजी कहते थे – 'सर्वदेशीय...।' तो, जहाँ जिनके साथ रहते हैं वहाँ विशेष तौर से और अन्य मंडल के साथ संयुक्तभाव से जिएँ। 'ये मेरे और वे पराये' ऐसा कुछ नहीं, हम सब एक !*

***काकाजी कहते थे कि अपना मंत्र है 'हम सब एक!'***

*तो, ये भूलें नहीं; ऐसी बुद्धि, शक्ति, प्रेरणा और जोग हमें मिलता रहे, महाराज के आशीर्वाद बरसते रहें और काकाजी की ऐसी अमृत दृष्टि रहे ऐसा दिनकरभाई आशीर्वाद दें...*

*आपको ख्याल होगा आर्चिज़ का एक पोस्टर था कि एक छोटा बच्चा बड़े व्यक्ति की उंगली पकड़ कर, समुन्दर की रेत पर चला जा रहा था और वहाँ उन दोनों के चार फुट प्रिंट्स दिखते थे। पर, बीच में कहीं दो फुट प्रिंट गायब हो गये; तो बच्चे ने बाद में पूछा कि जब कठिन समय था, तब आपने मेरी उंगली क्यों छोड़ दी ? तब बड़े व्यक्ति ने बताया – अरे ! तब तुझे छोड़ नहीं दिया था, मैंने उस समय तुझे अपनी गोद में उठा लिया था। इस तरह से* ***काकाजी हमें उठा-उठा कर चले हैं...***

## प.पू. भरतभाई

*...काकाजी के साक्षात्कार दिन के अवसर पर हम सबको पाटोत्सव विधि और सबके आशीर्वाद का लाभ मिला। पर, गुरुजी ने उस पर कलश चढ़ा दिया।* ***गुरुजी की बातों को हम जीवन में नोट करके रखें।*** *गुरुजी ने संप, सुहृद्भाव और एकता की जो बात की, वह हम जीवन में उतारें।* ***हम जहाँ रहते हैं, वहाँ ऐसे एकत्वभाव से रहें वो बहुत बड़ी करामत है।*** *महंतस्वामी महाराज ने तो यहाँ तक बोला है कि 'संप' तो ज़हर खाकर भी रखना है। आज गुरुजी ने आशीर्वाद दिया है, तो सबको ये आशीर्वाद सिद्ध हो जाएँ, हमारा जीवन हर पल ऐसा बने यही आज स्वामिनारायण भगवान और सभी गुणातीत स्वरूपों के चरणों में प्रार्थना है...*

## प.पू. बापु

***...आज काकाजी के साक्षात्कार दिन पर गुरुजी ने जो प्रवचन किया है, वो लिख कर हम सब अपनी जेब में रखें और रोज़ उसका पाठ करें।*** *धी अल्टीमेट ट्रुथ इज़ लव एन्ड कम्पॅशन। धी अल्टीमेट ट्रुथ इज़ संप, सुहृद्भाव, एकता। वो गुरुजी ने साक्षात्कार किया है। ये बात जेब में रखनी है।* ***रात को प्रायश्चितरूप प्रार्थना करें कि आज मेरी कहाँ भूल हुई ? तो, हम एक-एक स्टेप आगे बढ़ते जाएँगे।*** *काकाजी के आशीर्वाद हैं कि मुझे तो साक्षात्कार हुआ, लेकिन आप सबको 'ज्ञान समाधि' का साक्षात्कार हो जाए; ऐसी काकाजी, पप्पाजी और स्वामिजी के चरणों में प्रार्थना।*

# प.पू. दिनकर अंकल

*...**गुरुजी** ने बहुत ही रहस्य की बात बताई कि **हम सब आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहे हैं।** बड़े पुरुष के आशीर्वाद से आध्यात्मिक प्रगति हो रही है। गुरुजी ने बताया कि क्या हम ऐसा कभी मानते हैं कि बड़े पुरुष धक्का मार कर हमें चला रहे हैं ? हम तो ऐसा मानते हैं कि हम चल रहे हैं, मगर हमारा चलना इतना कामयाब नहीं है, वो तो बड़े पुरुष का धक्का काम कर रहा है। **गुरुजी का ये शॉर्ट एण्ड स्वीट बहुत बड़ा आशीर्वाद है।** हम सब **उसका मनन, चिंतन और साक्षात्कार करें** और **गुरुजी तो हमारे लिए काकाजी का स्वरूप हैं।** गुरुजी मुंबई के थे, सो मुंबई वालों से प्रेम करते ही हैं जिससे हमारा भी भाग्य खुल गया। तो, ऐसी भावना करें कि हे प्रभु आप धक्का मारो, और हम दौड़ें, ब्रेक न लगाएँ...*

पवई मंदिर से प.पू. गुरुजी नवी मुबंई में **पू. प्रमीतभाई संघवी** की फॅक्टरी गए। वहाँ धुन-भजन प्रसाद लेकर, **पू. ओ.पी. अग्रवालजी** के घर गोरेगाँव गये। रात को प्रसाद लेकर वहीं ठहरे और अगले दिन **4 फरवरी** की सुबह नाश्ता करके 10:00 बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। दोपहर की फ्लाईट से निकल कर, सायं करीब पाँच बजे दिल्ली मंदिर पहुँचे।

और... प.पू. गुरुजी की आत्मीयता कैसी कि अपनी उम्र या थकान को तनिक भी गिने बिना, 6:00 बजे मंदिर से सवा घंटे की दूरी पर रहते **पू. मल्कानी अंकल** की तबियत देखने के लिए **'हौज ख़ास'** गए। वहाँ धुन-भजन करके रात को करीब ग्यारह बजे मंदिर लौटे।

**हिन्दू तिथि** के अनुसार **प.पू. गुरुजी** का **प्राकट्य दिन फाल्गुन शुक्ल 1** को होता है, लेकिन शुरुआत से ही अंग्रेजी कलेन्डर के मुताब़िक 13 मार्च या उसके आस-पास के रविवार को मनाते आए हैं। अब कुछ वर्षों से **13 मार्च की सायं** ही उत्सव मनाया जाता है। तब गुणातीत समाज के सभी केन्द्रों के स्वरूप प्रत्यक्ष रूप से आशीर्वाद देते हैं तथा विभिन्न प्रांतों से भक्त समुदाय भक्ति अदा करने आता है। अब की बार प.पू. गुरुजी ने अनोखा जॅस्चर करके प्रतीति कराई कि प्रभुधारक संत को भीत पार का सब नज़र आता है। वैसे तो वे अपना ऐश्वर्य छुपा कर रखते हैं, वही उनकी उच्च कक्षा का मापदंड है।

हर बार की तरह 13 मार्च की सायं प.पू. गुरुजी का प्राकट्य दिन मनाने वाले थे। दिल्ली से बाहर रहने वाले मुक्त अपने आवागमन की जानकारी भी भेज रहे थे। लेकिन, **प.पू. गुरुजी** ने मंदिर के संतों, सेवकों एवं बहनों के समक्ष करीब चार-पाँच बार कहा –

***इस बार तिथि के अनुसार मेरे जन्मदिन पर कुछ करोगे नहीं ? कुछ अच्छा करो, फिर 13 मार्च को हम औपचारिक रूप से जन्मदिन मना लेंगे...***

सभी हैरान थे कि प.पू. गुरुजी कभी भी अपना प्राकट्य दिन मनाने की ऐसी उत्सुकता नहीं दिखाते, पर भीतर में यह भी था कि प.पू. गुरुजी स्वयं कितने गरज़ु बने हैं कि दिल्ली मंदिर के स्वयंसेवक 13 मार्च को तो सेवा में रत होंगे, इसलिए वे कृपा करके 24 फरवरी को अनमोल स्मृति देने का मौका दे रहे हैं।

## 24 फरवरी – प.पू. गुरुजी की 83वीं प्राकट्य तिथि निमित्त दोपहर को श्री ठाकुरजी के समक्ष अन्नकूटोत्सव...











ये कौन आया, रोशन हो गई महफ़िल...





मुक्तों द्वारा बनाए थाल का श्रवण करके,
अन्नकूट की प्रसादी अर्पण करते प.पू. गुरुजी...









प्रभु मेरे जीमने आये रे, प्रीतम को क्या-क्या भाये रे...









इनको नहीं कोई स्वाद, इन्हें तो सुहृद्‌भाव-निर्दोषबुद्धि-महिमा-माहात्म्य-कुटुंबभाव भाये रे...

## 24 फरवरी – सायं प.पू. गुरुजी की 83वीं प्राकट्य तिथि की सभा
















# गुरुजी 83 साल के नहीं 38 के हैं ! – प.पू. वशीभाई












सो, **24 फरवरी** की सायं **फाल्गुन शुक्ला 1** के अनुसार प.पू. गुरुजी का प्राकट्य दिन स्थानिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर के स्टाफ एवं अक्षरज्योति की बहनों को विचार आया कि प.पू. गुरुजी के पसंद के व्यंजन बना कर, श्री ठाकुरजी के समक्ष अन्नकूट के रूप में भोग लगा कर प.पू. गुरुजी को अर्पण किए जाएँ और उन्हीं व्यंजनों का 'थाल' भी गाया जाए।

सो, प.पू. दीदी की प्रेरणा से **पू. राकेशभाई** एवं **पू. नित्या दीदी** ने **'प्रभु मेरे जीमने आए, प्रीतम को क्या-क्या भाए रे...'** थाल बनाया।

प.पू. गुरुजी अकसर सभी को सरप्राईज़ देते हैं, अतः इस बार सबने सोचा कि हम इस बार प.पू. गुरुजी को सरप्राईज़ दें। सो, इस आयोजन के विषय में प.पू. गुरुजी को भनक भी न पड़ने दी। और तो और, सभी जानते हैं कि प.पू. वशीभाई के साथ प.पू. गुरुजी का एक विशिष्ट लगाव है और उन्हें देख कर प.पू. गुरुजी खूब खुश हो जाते हैं; सो 23 फरवरी की सायं **प.पू. दीदी** और **पू. आशिष** ने **प.पू. वशीभाई** को फोन किया कि कल किसी भी तरह वे दिल्ली आ जाएँ। उस समय वे औरंगाबाद में थे और अगले दिन मुंबई में उनकी मीटिंग थी। लेकिन, सारा कार्यक्रम रद्द करके प.पू. गुरुजी के प्रेम के वश **24 फरवरी** की सुबह फ्लाईट से वे **पू. दर्शन अमीन** के साथ दिल्ली पहुँचे। मंदिर में भी सबसे सरप्राईज़ रखते हुए, अक्षरज्योति के 'सरल' परिसर में रहते पू. नवीनभाई के घर वे ठहरे। दोपहर को करीब 12:30 बजे व्यंजनों के साथ सभी 'कल्पवृक्ष' हॉल में एकत्र होने लगे। श्री ठाकुरजी के समक्ष छोटा अन्नकूट लगाया था और प.पू. गुरुजी के सोफे के आगे टेबल पर भी सभी व्यंजनों का थाल रखा था। डेढ़ बजे के करीब सेवक प.पू. गुरुजी को डॅकोरेशन दिखाने के निमित्त हॉल में लेकर आए। यह सारा नज़ारा देख कर प.पू. गुरुजी चकित हो ही गए, लेकिन **प.पू. वशीभाई एवं पू. दर्शन जब हॉल में दाख़िल हुए**, तो **आश्चर्य के साथ प.पू. गुरुजी की ख़ुशी का ठिकाना न था!** उपस्थित मुक्त भी यह सारा नज़ारा देखकर दिव्यता का अनुभव कर रहे थे और फिर... **पू. राकेशभाई** एवं **सेवक पू. विश्वास** ने थाल गाकर भोग लगाया। तत्पश्चात् **प.पू. गुरुजी ने उपस्थित हरिभक्तों को अपने हाथों से प्रसाद दिया। बहनों व भाभियों को प.पू. वशीभाई ने प्रसाद दिया।** दोपहर 3:00 बजे तक प.पू. गुरुजी एवं प.पू. वशीभाई की निश्रा में सभी ने आनंद किया।

सायं 7:30 बजे 'कल्पवृक्ष' हॉल में प.पू. गुरुजी के 83वें प्राकट्योत्सव की सभा आरंभ हुई। प.पू. गुरुजी एवं प.पू. वशीभाई के आसन की **पृष्ठभूमि पर गुरुहरि काकाजी की धुन करती मूर्ति लगाई थी** और प्रार्थना लिखी थी–**हे भजनिक... बना दो भजनिक!** और... श्री अक्षरपुरुषोत्तम महाराज की मूर्ति के नीचे **प.पू. गुरुजी की ध्यान करती हुई मूर्ति** रखी थी। श्री ठाकुरजी के सिंहासन एवं प.पू. गुरुजी की मूर्ति के आस-पास थर्मोकोल की मालाओं और स्वामिनारायण मंत्र लेखन से सुशोभन किया था। फरीदाबाद के **पू. सुरेश सागरजी, दिल्ली के विपिन यादव, पू. दीपक सेठजी** एवं **सेवक आनंद** ने अपने अनुभवों से सत्संग की एहमियत एवं प.पू. गुरुजी जैसे प्रभुधारक संत की जीवन में अनिवार्यता का वर्णन किया। तत्पश्चात् प.पू. गुरुजी को प्रार्थना करता नया भजन **'तेरी मूर्ति में लयलीन हो जाएँ...'** **पू. डॉ. दिव्यांग** ने प्रस्तुत किया।

भगवान स्वामिनारायण के कई प्रसंगों से प.पू. गुरुजी के जॅस्चर्स की समानता को दर्शाते हुए **प.पू. वशीभाई** ने मुक्तों को प.पू. गुरुजी को निहारने की अनुपम सूझ देते हुए आशीर्वाद दिया–

*जैसे-जैसे दिन गुज़र रहे हैं, वैसे-वैसे गुरुजी यंग हो रहे हैं... इस वर्ष की शुरुआत में ही दस दिन स्वामीजी के **'आत्मीय युवा महोत्सव'** और साहेबजी के **'मंदिर मूर्तिप्रतिष्ठा महोत्सव'** में गए। फिर **1 से 4 फरवरी पवई में दिनकरभाई, बापु और भरतभाई के प्राकट्य दिन निमित्त मुंबई-पवई** आए। उसके बाद सरप्राईज़ में **18 फरवरी** को **दोबारा पवई** आए। सच, **'धे आर बियॉन्ड टाइम एन्ड एइज...'** प्रभु की प्रेरणा और भक्तों की पुकार से वे कहीं भी-कभी भी पहुँच जाते हैं। **तो, गुरुजी 83 के नहीं 38 के हैं!***

*भगवान स्वामिनारायण ने कहा था– अन्य अवतार कार्यकारण से पृथ्वी पर आए। भगवान श्री राम ने रावण का और भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का संहार किया। परंतु, भगवान स्वामिनारायण का जन्म अनंत जीवों को **ब्रह्मरूप** करने हेतु हुआ है। जीवों को ब्रह्मरूप करना बहुत बड़ी बात है। उसके शास्त्र भी गहन हैं, लेकिन महाराज उसे एकदम सरल करने के लिए अक्षरधाम से अपने साथ **'गुणातीत साधु'** को लेकर आए। यदि उनके साथ हमारा नाता-संबंध जुड़ जाए, उनसे प्रीति-लव इन्टीमॅसी हो जाए, तो ब्रह्मरूप होने की साधना जो कि करोड़ों तप, त्याग और वैराग्य से नहीं होती, वह हँसते-हँसते सिद्ध होती है। मैं दिल्ली मंदिर में यह देख रहा हूँ। यह कोई सामान्य बात नहीं है।*

*जैसे गृहस्थ भक्तों की कसौटी होती है, ऐसे ही महाराज के समय में परमहंसों की कसौटी होती थी। निर्वाह करने के लिए अन्न नहीं मिलता था और फिर एक बार तीन दिन घूमने के बाद **भूमानंदस्वामी** को अन्न मिला, उस समय प्रभु याद आने पर भूखे पेट थाल गाया– **'जमो थाल जीवन जाऊं वारी...'** उसमें सारे व्यंजन लिख दिए, जबकि उस समय ऐसे संजोग और पैसा नहीं था कि इतने व्यंजन महाराज को खिलाएँ। दो सौ साल के बाद वही भाव आप सबके अंतर में प्रगट हुआ, और व्यंजन बना कर थाल धराया। क्योंकि– **स्वामिनारायण धर्म व मंत्र लिविंग-जीवंत है और गुणातीत संतों द्वारा प्रगट और प्रत्यक्ष है!***

*जीवात्मा जन्म से ही भगवान का सुख प्राप्त करने की इच्छा रखती है। अक्षरधाम का जो सुख मरणोपरांत प्राप्त करने की अभिलाषा होती है, वह जीतेजी गुणातीत स्वरूपों द्वारा प्राप्त होती है। काकाजी, पप्पाजी, स्वामीजी, साहेबजी और गुरुजी हमें वैसा ही सुख देते हैं... महाराज का पृथ्वी पर आने का यही उद्देश्य था। सबको सहज में **'सहजानंद'** दिया। **गुरुजी के पास जो भी आता है, वे उसे यही कहते हैं कि धुन करते रहो। इसलिए आज के उत्सव का सूत्र है–हे भजनिक, बनो दो भजनिक!***

*काकाजी धुन के राजा थे। उन्होंने गुरुजी को भी अपनी भांति भजनिक बना दिया। 1968 में जब साधु समाज में रहते थे, तब कोई आता-जाता नहीं था। परिस्थिति भी कठिन थी। तब ठंड भी अब से बहुत ज़्यादा होती थी। कड़ाके की ठंड में गुरुजी रात-रात ढाई बजे तक भजन करते थे। गुरुजी को भजन करता देख कर **साधु समाज के मुखिया पू. हरिनारायण नंदाजी** को गुण आ गया कि ये साधु सच्चा है। गुरुजी हमें भी ऐसा भजनिक बनाना चाहते हैं...*

*...हम किसी को मायूस देख कर गुरुजी दुःखी हो जाते हैं कि ये साधक या भक्त होकर ऐसा क्यों करता है ? और... जब तक उसे समाधान न मिल जाए, उसे छोड़ते नहीं हैं।* ***महाराज के प्रसंग सुनते-पढ़ते हैं, तो यही प्रतीत होता है कि भक्तों के सिवा उनके जीवन में कुछ था ही नहीं। ऐसे ही गुरुजी के कई जॅस्चर्स देखते हैं, तो यही भाव उमड़ता रहता है कि काकाजी के भक्तों को मैं कैसे राज़ी कर लूँ, उनके लिए क्या कर दूँ, कैसे सुखी करूँ, कैसे हठ, मान, ईर्ष्या से परे कर दूँ।*** *हम सुहृद्‌भाव से एक-दूसरे से जुड़ें ऐसे प्रसंग योजते हैं। उनकी हर एक क्रिया हमारी कसर टालने के लिए-ब्रह्मरूप करने के लिए होती है। 'गुणातीत ज्ञान' में साधु जीवन जीने की कला सिखाते हैं कि हमें मानव देह मिला है, उसे प्रगट संत से जोड़ कर अंतिम जन्म बना कर जीवात्मा को ब्रह्मरूप कर लो।* ***जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पा लो। ऐसा कराने के लिए गुरुजी के जॅस्चर्स हैं। कई बार हम प्राकृत दृष्टि से देखते हैं कि फलां से यह काम निकलवाना है, इसलिए ऐसा कर रहे हैं, लेकिन दिव्य दृष्टि से देखें तो वे तो चेतना देखते हैं... ऐसे संत चेतना का व्यापार करते हैं।*** *गुरुजी बार-बार कहते हैं कि ऐसे संत से प्रीति हो जाए, तो हमारा काम हो जाए...*

*सो, सत्संग की सही बात हम समझ लें, इसलिए* ***गुरुजी ऐसे प्रसंग, जन्मदिन, शिविर, उत्सव करते रहते हैं, ताकि सेवा और भजन से हमारा जीव बल प्राप्त करे।***

*उन्हें हमें जो एकांतिक धर्म सिद्ध कराना है, ब्रह्मभावना-गुणातीतभावना में लेकर जाना है, उसमें लेकर जाएँ। हे गुरुजी! आपके जन्मदिन पर प्रार्थना है कि आप राज़ी हों, तो सबकी भूल-चूक माफ़ करें। काकाजी कहते कि हाथ छुटी बला हो गई यानि – आशीर्वाद फिसल गए। आपने भी वैसे ही कृपा-करुणा बहाई है कि जिसे ब्रह्मरूप होना है, वो आ जाओ। ऐसा अक्षर द्वार खुला रखा है।* ***काकाजी की भी ऐसी हृदयभावना थी कि जो भी संपर्क में आए, वो सुखी हो। वही भाव आज गुरुजी के द्वारा बह रहा है, तो उनके चरणों में प्रार्थना है कि सबको ऐसा सुखी करो।***

तदोपरांत भजनिक बनाने की प्रार्थना करते हुए, अक्षरज्योति की बहनों ने प.पू. गुरुजी के लिए माला के मनकों का विशिष्ट हार बनाया था, जिसे **सेवक पू. आनंद** ने सभी की ओर से उन्हें अर्पण करके, अपने **25वें जन्मदिन निमित्त** आशीर्वाद लिया और... अंत में सत्संग का सही अर्थ बताते हुए **प.पू. गुरुजी** ने आशिष वर्षा की –

*मेरी बातों में अकसर एक सुर आएगा कि जगत में यदि किसी से पूछें कि कहाँ गए थे, तो वे कहेंगे कि सत्संग में गए थे। सुन कर, एक कल्पना होती है कि एक बड़े भव्य पंडाल में हज़ारों की संख्या में लोग बैठे होंगे और किसी महात्मा द्वारा भगवान के सगुण-निर्गुण साकार-निराकार स्वरूप और शास्त्रों की बातें होती होंगी। उससे लोग तसल्ली करके जाएँगे कि हम सत्संग में जाकर आए। पर,* ***इससे जीव की प्यास नहीं बुझेगी।***

***जबकि गुणातीत समाज के मंदिर में कोई आए और प्रगट संत से जुड़े – वह 'सत्संग' है।***

***काकाजी कहते थे – 'सत्संग यानि सत्पुरुष!'***

***सत्पुरुष के साथ संबंध दृढ़ हो जाए, आज्ञा में रहने की भावना जाग्रत रहे और केवल उनके होकर रहने की चाहना रहे – वह 'सत्संग' है। ऐसा सत्संग यहाँ होता है! और... ऐसे संत के साथ आत्मबुद्धि से जुड़ जाएँ, वह सत्संग की फलश्रुति है।***

*...**वशी अंकल** मेरे साथ जॉयस मूड में रहते हैं। हँसी-मज़ाक भी कर लेते हैं। पर, वो **मेसो फर्म** की रिस्पॉन्सीबल पॉस्ट भी संभालते हैं, **फाईनान्स डिरेक्टर** हैं। कल वे औरंगाबाद में थे और आज मुंबई के लिए उनकी टिकिट बुक थी, क्योंकि **ऑफिस में उन्हें सेन्सिटिव डिसिज़न लेने थे।** इसके बावजूद भी आनंदी दीदी के एक फोन करने पर यहाँ आ गए। **क्योंकि वशीभाई ने माना है कि –'पहले सत्संग' है। इसे ही सत्संग की प्रायोरिटी** कहते हैं। मेरे फोन से तो वशीभाई आते ही, पर दीदी के एक बार कहने पर वे आ गए! यह बात सब जानते हैं कि वशी के आने से गुरुजी ख़ुश हो जाते हैं। ख़ास थैंक्स टु वशी... सत्संग के प्रति वशीभाई की यह **'लव इन्टीमसी'** कही जाए।*

*मैंने एक बार काकाजी से पूछा था – 'आत्मबुद्धि व प्रीति' का इंग्लीश ट्रान्सलेशन क्या करें। तब, काकाजी ने बताया था – **'लव इन्टीमसी...'** कहने का तात्पर्य यही है कि हम ऐसे ही आत्मबुद्धि व प्रीति से संत के साथ जुड़े रहें और ऐसे सत्संगियों के साथ अपनेपन से, कुटुंबभाव से ओत-प्रोत हो जाएँ। उसके फलस्वरूप यह भावना बरक़रार हो कि **'हम सब एक हैं'** और आपस में मिलजुल कर रहें। वशी ऐसे आशीर्वाद दे व महापूजा में हम सबके लिए रोज़ प्रार्थना करे। यह निष्ठा पक्की हो जाए, तो और कहीं सत्संग करने जाने की ज़रूरत नहीं है... अठे द्वारका-घर बैठे सत्संग! घर बैठे सत्संग का मतलब कि यदि पति-पत्नी के बीच मतभेद हो जाए, तब जो विड्रॉ कर ले उसने सत्संग समझा है।*

सभा के विसर्जन के बाद सभी ने प्रसाद लिया। इसके बाद तो **13 मार्च प.पू. गुरुजी का प्राकट्य दिन** एवं **ब्रह्मस्वरूप अक्षरविहारीस्वामीजी** के **अस्थि विसर्जन** हेतु हरिद्वार जाने की तैयारियों में सेवक जुट गए थे। लेकिन, इसी बीच दिल्ली में जगह-जगह होते दंगों की वज़ह से लगते कर्फ्यू और ख़ास तो **'कोरोना वायरस'** के बढ़ते प्रकोप को मद्देनज़र रख कर, गुणातीत समाज के सभी सदस्यों के प्रति अपने विशेष प्रेम-लगाव को ज़ाहिर करते हुए, प.पू. गुरुजी ने अपना प्राकट्य दिन मनाने के लिए स्पष्ट मना कर दिया। यहाँ तक कि साप्ताहिक सभा, होली जैसे त्यौहार मनाने भी रद्द कर दिये। यह सब तो अगले वर्ष भी आएगा, लेकिन फिलहाल सबका स्वास्थ्य देखना-संभालना अति आवश्यक है। अतः सभी जगह संदेश भेज कर 13 मार्च को आने के लिए मना कर दिया गया।

यह सब देख कर ख्याल पड़ा कि इस बार प.पू. गुरुजी ने तिथि के अनुसार अपना प्राकट्य दिन मनाने का क्यों आग्रह किया! सभी केन्द्रों एवं प्रांतों के मुक्त अंतर से थोड़े मायूस तो हुए, लेकिन जहाँ हित की बात आती है, वहाँ भावनाओं पर अंकुश लगाना ही पड़ता है। फिर भी, प.पू. गुरुजी के प्रति अतिशय लगाव के वश, 11 मार्च की सायं मुंबई से **प.पू. दिनकरभाई, पू. अश्विनभाई (पवई)** एवं **पू. किशोर मास्टर्स के साथ** फ्लाईट से और 12 मार्च की रात को **चंडीगढ़ से प.पू. दासस्वामीजी** जोड़ के संत एवं सेवक के साथ **दिल्ली मंदिर आए।**

## 13 मार्च – प्रातः प.पू. गुरुजी के 83वें प्राकट्य दिन पर गुणातीत स्वरूपों की निश्रा में 'सेवक साधु' दीक्षा प्राप्त करते मुक्त...

















# 13 मार्च – सायं प.पू. गुरुजी का 83वाँ प्राकट्य दिन...












‘तेरी मूर्ति में लयलीन हो जाएँ, काकाजी को पा जाएँ...’









‘रज के दी खुशियाँ, दिया अपनापन...’









**13 मार्च की सुबह 10:00 बजे** प.पू. गुरुजी, प.पू. दिनकरभाई एवं प.पू. दासस्वामीजी के समक्ष महापूजा में सात सत्संगी भाई **पू. ओ.पी. पालजी, पू. कौशिकभाई जानी, पू. जवाहर सिंहजी, पू. सुरेश मेहराजी, पू. लक्ष्मी शुक्लाजी, पू. आनंद शुक्लाजी** एवं **पू. परेशभाई दोशी** ने **'सेवक साधु'** की दीक्षा प्राप्त करके जीवन धन्य बनाया। दीक्षाविधि के अंत में **प.पू. दासस्वामीजी, प.पू. दिनकरभाई** एवं **प.पू. गुरुजी** ने आशीर्वाद दिया। प.पू. गुरुजी का प्राकट्य दिन था, इसलिए जिन मुक्तों ने मंदिर, संत एवं सत्संगियों को ही अपनी दुनिया माना है, ऐसे करीब ढाई सौ मुक्त अपने आप दर्शन हेतु आ ही गए। सो, सायं 7:00 बजे से प.पू. गुरुजी के प्राकट्योत्सव की सभा हुई। जिसमें पानीपत के **पू. पुनीत गोयलजी** ने प्रासंगिक उद्‌बोधन से प्रार्थना की। प्राकट्य पर्व के उपलक्ष्य में **पू. डॉ. दिव्यांग** ने नया भजन **'रज के दी खुशियाँ, दिया अपनापन...'** प्रस्तुत किया। **दिल्ली गुणातीत समाज, गुणातीत ज्योत, हरिधाम, पवई** के मुक्तों एवं **पू. हेमंतभाई मर्चंट** की भावना हार के रूप में प.पू. गुरुजी को अर्पण की और अंत में **प.पू. दासस्वामीजी** ने प.पू. गुरुजी के साथ की पुरानी स्मृतियाँ सुनाईं। **प.पू. दिनकरभाई** ने प.पू. गुरुजी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए विशिष्ट प्रार्थना की और प.पू. दिनकरभाई के प्रेम के प्रति नतमस्तक होते हुए **प.पू. गुरुजी** ने संबंध का माहात्म्य समझाया।

हम कहते हैं या भजनों में गाते ज़रूर हैं कि कर्ता-हर्ता, नियंता-प्रेरक मुझे मिले प्रगट प्रभु ही हैं। लेकिन, प्रसंग पर 'स्व' में उलझे रहते हुए, उनकी 'हाँ में हाँ' करने के बजाय हम उन्हें सलाह भी देने लगते हैं... सो, भगवान स्वामिनारायण एवं गुणातीत स्वरूपों के श्रीचरणों में प्रार्थना करें कि हम अपनी समझ छोड़ कर अब **'आप और आपके संत की समझ'** से जीते हो जाएँ।


**Statement about ownership and other particulars about newspaper —**

**'भगवत् कृपा' ( Form IV Rule 8 )**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Place of Publication | : | Yogi Divine Society, 'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg,Ashok Vihar-III, Delhi-52 |
| 2. | Periodicity of its Publication | : | Bi-Monthly |
| 3. | Printer's Name | : | Prabhaker Rao |
| 4. | Nationality | : | Indian |
| | Address | : | 'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-52 |
| 5. | Publisher's Name | : | |
| | Nationality | : | As above |
| | Address | : | |
| 6. | Editor's Name | : | |
| | Nationality | : | As above |
| | Address | : | |
| 7. | Owner's Name | : | Yogi Divine Society |
| | Nationality | : | Indian |
| | Address | : | 'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-52 |

I, Prabhaker Rao, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Sd/-
PRABHAKER RAO
Signature of Publisher

Date: 25 June, 2020

# भजन

**(राग-तेरे चेहरे से नज़र नहीं हटती)**

तेरी मूर्ति में -2, लयलीन हो जाएं, काकाजी को पा जाएं... काकाजी को पा जाएं
कह के अपना तू -2, मुझे जब बुलाए, आनंद अंतर में ना समाए,
आनंद अंतर में ना समाए...

मेरी मन तरंगे खुद में, समाने की ख़ातिर,
करता तू वैसी लीला, मेरी कक्षा पे आकर,
ला लला... ला.....
चंचलता मेरे मन की स्थिर करने की ख़ातिर,
करता तू वैसी लीला, मेरी कक्षा पे आकर,
तू हो महरम मेरा -2, तू हो मेरी हस्ती
संबंध ऐसा हम बनाएं -2
कह के अपना तू -2, मुझे जब बुलाए, मेरा जीव बल को पाए... मेरा जीव बल को पाए

क्षितिज तेरे प्यार का भले ना दर्शाये तू,
सुख हो या दुःख की बेला, साथ नज़र आए तू
ला लला... ला.....
क्षितिज तेरे प्यार का भले ना दर्शाये तू,
सुख हो या दु:ख की बेला, साथ नज़र आए तू
तेरे होने से ही -2, हर शै महकती
तेरे बिन कुछ भी ना भाए -2
तेरी मूर्ति में -2, लयलीन हो जाएं, काकाजी को पा जाएं... काकाजी को पा जाएं

हे भजनीक गुरुजी, भजनीक बना देना,
ज्वार-भाटे आएं तो भी, हमें हिला पाएं ना
ला लला... ला.....
हे भजनीक गुरुजी, भजनीक बना देना,
ज्वार-भाटे आएं तो भी, हमें हिला पाएं ना
ठंडक भीतर में - 2, निरंतर रहेगी,
कृपा जो तेरी हो जाए -2
तेरी मूर्ति में -2, लयलीन हो जाएं, काकाजी को पा जाएं... काकाजी को पा जाएं
कह के अपना तू -2, मुझे जब बुलाए, मेरा जीव बल को पाए

## चातुर्मास दौरान

[यानि दिनांक 1 जुलाई, बुधवार (देवशयनी एकादशी) से 25 नवंबर, 2020 बुधवार (प्रबोधिनी एकादशी) तक]

**भगवान और संत की प्रसन्नता हेतु सभी सत्संगी निम्न नियमों का पालन करें।**

1. सावन के महीने यानि – **6 जुलाई, सोमवार** से **19 अगस्त, बुधवार** तक एक बारी भोजन लें।
2. **चातुर्मास दौरान हर महीने** या **सिर्फ सावन के महीने में –**
   मंदिर के स्टाफ यानि 60 जनों के लिए एक दिन कॅश द्वारा भोजन की सेवा दें।
3. **1 जुलाई, बुधवार** - नियम की एकादशी, **12 अगस्त, बुधवार** - जन्माष्टमी
   **29 अगस्त, शनिवार** - जलझीलनी एकादशी, **25 नवंबर, बुधवार** - कार्तिक शुक्ला एकादशी इन चारों दिन व्रत रखें।
4. चातुर्मास दौरान यथाशक्ति 'महापूजा' करवाएं।
5. रोज़ सुबह या सायं **'गुणातीत स्वरूपों'** की स्मृति सहित **पंद्रह मिनिट** कपालभाँति, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका **प्राणायाम** करें।
6. चातुर्मास दौरान हमारे हिन्दी प्रकाशन 'ब्रह्मविद्या' एवं 'मंत्रशक्ति' पुस्तक का पारायण करते हुए उन बातों पर मनन –चिंतन करें।
7. सावन महीने के दौरान –
   (क) 'बॅप्स' द्वारा प्रकाशित **'भगवान श्री स्वामिनारायण एक दिव्यजीवन गाथा'** के तीन पन्नों का नित्य पठन करते हुए पारायण करें।
   (ख) 'गुजराती' भाषा जानते हों, वे **'स्वामी की बातें'** या हिन्दीभाषी मुक्त **'उपदेशामृत'** की पारायण करें।
   (ग) **'भगवत् कृपा'** के पिछले अंकों में आई संतों - मुक्तों की ज्ञानवार्ता का क्रमशः नियमित रूप से रोज़ पाठ करते हुए उस पर मनन - चिंतन करें।

## व्रतोत्सवसूची

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | दि. | 1.7.'20, | बुधवार | – | **देवशयनी एकादशी, व्रत – चातुर्मास प्रारंभ** |
| (2) | दि. | 5.7.'20, | रविवार | – | **गुरुपूर्णिमा** |
| (3) | दि. | 6.7.'20, | सोमवार | – | श्रावण मास प्रारंभ (झूला प्रारंभ) |
| (4) | दि. | 16.7.'20, | गुरुवार | – | एकादशी, व्रत |
| (5) | दि. | 30.7.'20, | गुरुवार | – | पवित्रा एकादशी – व्रत *(ठाकुरजी को रेशम के हार पहनाने)* |
| (6) | दि. | 3.8.'20, | सोमवार | – | **श्रावणी पूर्णिमा – रक्षाबंधन (राखी)** |
| (7) | दि. | 5.8.'20, | बुधवार | – | हिंडोला (झूला) समाप्त |
| (8) | दि. | 8.8.'20, | शनिवार | – | नागपंचमी |
| (9) | दि. | 9.8.'20, | रविवार | – | रांधण छठ (षष्ठी) |
| (10) | दि. | 10.8.'20, | सोमवार | – | शीतला सातम (सप्तमी) |
| (11) | **दि.** | **12.8.'20,** | **बुधवार** | – | **जन्माष्टमी** – व्रत |
| (12) | दि. | 15.8.'20, | शनिवार | – | स्वतंत्रता दिवस, एकादशी – व्रत |
| (13) | दि. | 19.8.'20, | बुधवार | – | श्रावण मास – समाप्त |



**'कोरोना' योद्धाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए**
**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की अपील में**
**प्रभु की दिव्य शक्ति का संचार करते हुए**
**22 मार्च 2020 को**
**संतों, युवकों एवं बहनों सहित**
**प.पू. गुरुजी ने घंटी द्वारा विजयनाद किया...**





**5 अप्रैल 2020 को दीप प्रज्ज्वलित किया...**










Air Mail

'**Bhagwatkripa**' Bimonthly Magazine – Despatched Bimonthly **R.N.I. 28971/ 77**

**If undelivered please return to :—** *Printer, Publisher, Editor :-*

**SHRI PRABHAKER RAO *FOR* YOGI DIVINE SOCIETY- DELHI**

**'Taad-dev',** Kãkãji Lane, Swãminãrãyan Mãrg, Ashok Vihãr-III, Delhi-110 052 (India) Tel.: 2730 1327

*Printed at :* **D.K. FINE ART PRESS (P) LTD.,** A 6, Community Centre, Nimri Colony, DELHI-110 052